राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336

www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com

आश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिप्रदा, विक्रम संवत , 2082

वर्ष : 09 अंक : 261

नई दिल्ली

मंगलवार,07 अक्टूबर,2025

पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित





03 समानता के भाव के साथ आगे बढ रहा पूरा...
06 अभी भारत के लिए दवा टैरिफ बेअसर...
12 मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो के प्रथम चरण का किया...


## संक्षिप्त सार

### प्रियंका गांधी ने जयपुर के अस्पताल हादसे पर जताया शोक, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग से हुई 8 मरीजों की मौत पर गहरा दुख जताया है।



उन्होंने राज्य सरकार से इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि जयपुर के अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने के कारण कई मरीजों की दर्दनाक मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। राज्य सरकार से मेरी अपील है कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए और इस घटना की त्वरित जांच की जाए।

### गृहमंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई नेताओं ने दी कोजगरा पर्व की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य नेताओं ने सोमवार को कोजगरा पर्व की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय गृहमंत्री



अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि समस्त मिथिला क्षेत्रवासियों को कोजगरा की हार्दिक शुभकामनाएं। सौंदर्य, प्रेम और सुखद दांपत्य जीवन का यह प्रतीक पर्व जन-जन के कल्याण का माध्यम बने। माता लक्ष्मी और चंद्रदेव से सभी की समृद्धि और सौभाग्य की कामना करता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 'कोजगरा' पर्व की समस्त मिथिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। वैभव, समृद्धि और खुशहाली का यह पावन लोकपर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। धनदेवी माता लक्ष्मी, भगवान श्रीकृष्ण और चंद्रदेव जी की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सभी मैथिली परिवारजनों को लोकपर्व कोजागरा की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पावन रात्रि मां लक्ष्मी और चंद्रदेव की कृपा से सभी के जीवन में समृद्धि, सौभाग्य और सुख का उजियारा भर दे।

### भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों के परिवार को पांच-पांच लाख का मुआवजा देगी ममता

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल में भारी बारिश की चपेट में आकर मरने वालों के स्वजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। मृतकों के परिवार के एक सदस्य को स्पेशल होम गार्ड की नौकरी भी दी जाएगी। हालात का जायजा लेने सोमवार को उत्तर बंगाल रवाना होने से पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में ममता ने बंगाल में बाढ़ के लिए फिर केंद्र को दोषी ठहराते हुए कहा कि अगर कोलकाता, हल्दिया व फरक्का बंदरगाहों की ठीक तरह से ड्रेजिंग कराई गई होती और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के मैथन व पंचेत बांधों की पानी को रोकने की क्षमता बढ़ाई गई होती तो ऐसी विकट स्थिति उत्पन्न नहीं होती। डीवीसी अपने बांधों से बेतहाशा पानी छोड़ रहा है। इसके बजाय वह नदियों में जमा गाद साफ करके उनकी गहराई क्यों नहीं बढ़ा रहा ? अगर मैथन व पंचेत बांध पानी नहीं रोक सकते तो उनकी जरुरत क्या है ? वे नहीं होते तो नदी का पानी प्राकृतिक तरीके से बहकर बंगाल में प्रवेश करता और सभी को समान दबाव सहना पड़ता। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि केंद्र ने बंगाल को बाढ़, सड़क, आवास इत्यादि के लिए फंड देना बंद कर दिया है।




# 6 और 11 नवंबर को वोटिंग

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया एलान राजनीतिक दलों ने कसी कमर

**नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर इलेक्शन कमीशन ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। इलेक्शन कमीशन ने बिहार चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार बिहार इलेक्शन डेट की अनाउंसमेंट की। राजनीतिक दलों ने भी चुनाव को लेकर कमर कस ली है।

बिहार। बिहार विधानसभा चुनाव का एलान हो गया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इलेक्शन शेड्यूल की जानकारी साझा की। बिहार में चुनाव 2 चरण में होंगे। 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

**दो चरणों में बिहार विधानसभा के चुनाव**

बिहार विधानसभा के चुनाव दो चरण में वोट होंगे। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर 2025 और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर 2025 को होगा। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

**नामांकन की अंतिम तारीख**

बिहार में दो चरणों में मतदान होंगे, पहले चरण में 121 सीटों पर दूसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण का नामांकन 17 अक्टूबर तक और दूसरे चरण का 20 अक्टूबर तक होगा। चुनाव आयोग के 40 ऐप हैं, जिनको एक प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए एउक्क्षीउ बनाया गया, जहां पूरी जानकारी मिलेगी। बिहार विधानसभा चुनाव में काउंटिंग को लेकर खास व्यवस्था की गई है। कई बार मॉक पोल के बाद डेटा डिलीट करना प्रिसाइडिंग ऑफिसर भूल जाते हैं। ऐसे में मिलान सही से नहीं हो पाता, इसलिए जब भी फॉर्म 17 सी में मिसमैच होगा तो वीवीपैट की गिनती की जाएगी। एक बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त ने ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एश्टपर सभी उम्मीदारों की रंगीन फोटो लगी रहेगी और उनके नाम बड़े अक्षरों में लिखे होंगे।

एक बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे, मतदान केंद्र के 100 मीटर दूरी पर उम्मीदवारों के बूथ बनेंगे। पता बदलने वालों को दिया जाएगा नया वोटर कार्ड

मुख्य चुनाव आयुक्त ने ज्ञानेश कुमार ने कहा कि सच्चाई ये ये है कि लोगों ने सोशल मीडिया एसआईआर को बहुत कुछ कहा, लेकिन सच ये है कि पॉलिटिकल पार्टीज ने रक्क्की मांग की। जिन मतदाताओं के पता बदला उन्हें चुनाव आयोग नया वोटर कार्ड देगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार चुनाव में इस बार 17 पहल किए जा रहे हैं। वोटर लिस्ट की तमाम त्रुटियां दूर की गई है, बिहार का मॉडल पूरे देश में लागू करेंगे। पोलिंग कमरे के ठीक बाहर मतदाता अपना फोन जमा करा सकता है और वोट डालने के बाद फोन लेकर जा सकता है।

**जीरो टॉलरेंस के दिए गए निर्देश**

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि फेक न्यूज के खिलाफ फौरन कार्रवाई की जाएगी। सभी बूथ पर हिंसा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारी निष्पक्ष तरीके से काम करेंगे।

**बुजुर्ग के लिए रैंप, व्हीलचेयर की सुविधा**

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि 11 सीटों पर घोड़ों से पेट्रोलिंग की जाएगी, 197 सीटों पर नाव से पेट्रोलिंग की जाएगी। बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर की सुविधा होगी। सभी बूथों पर चुनाव प्रक्रिया लाइव दिखाई जाएगी।

**14 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे**

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस बार बिहार चुनाव सुगम और सरल होंगे।

## बरेली हिंसा केस: अब तक 83 गिरफ्तार, तौकीर रजा के करीबियों पर एफआईआर

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। इस मामले में अब तक 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी और बरेली हिंसा में आरोपी डॉक्टर नफीस और नदीम पर एक और मुकदमा दर्ज किया



गया है। तौकीर रजा के करीबियों पर बरेली कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। फरीदपुर चौधरी निवासी लियाकत ने इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है। लियाकत का आरोप है कि 25 सितंबर की शाम को नदीम खान और डॉ. नफीस खान ने मिलकर साजिश के तहत आईएमसी का एक फर्जी पत्र तैयार किया। इस पत्र पर लियाकत के नाम से फर्जी हस्ताक्षर किए गए। इस फर्जी पत्र का उद्देश्य 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा के धरने में लोगों को बुलाना, प्रशासन को भ्रमित करना और शहर की शांति को भंग करना था। लियाकत ने साफ किया कि न तो उनका आईएमसी से कोई लेना-देना है और न ही वे उस दिन धरने में शामिल हुए थे। लियाकत ने यह भी बताया कि घटना के दिन वे अपने गांव में ही मौजूद थे और उनके गांव से भी कोई धरने में नहीं गया। उधर, बरेली हिंसा के मास्टरमाइंड माने जा रहे मौलाना तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस खान के अवैध बारातघर पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। रविवार को बचे हुए हिस्से को भी बुलडोजर से ढहा दिया गया। इसके साथ ही तौकीर रजा को शरण देने के आरोप में फरहत के घर पर भी जल्द बुलडोजर चल सकता है। बरेली उपद्रव केस में अब तक 126 नामजद लोगों पर केस दर्ज हो चुका है और 83 की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद काफी संख्या में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर लेकर जमा हो गए थे। इसके विरोध के बाद हालात बिगड़ गए और दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। हालात को संभालने के लिए पुलिस को सड़क पर उतरना पड़ा। घटना के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंसा में शामिल लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

## हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी में जनता दर्शन किए। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों से उन्होंने खुद मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक के चेहरे पर खुशी और संतोष लाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दर्शन में करीब 50 से अधिक लोग पहुंचे, जिन्होंने पुलिस, राजस्व, बिजली, नौकरी और आर्थिक सहायता सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं रखीं। सीएम योगी एक-एक फरियादी के पास पहुंचे, उनसे संवाद किया और उनका प्रार्थना पत्र स्वयं लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समाधान निश्चित समयावधि में किया जाए ताकि किसी को भी अनावश्यक परेशानी न हो। मुख्यमंत्री योगी ने



कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का बिना भेदभाव सभी को लाभ मिल रहा है। 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने की नसीहत दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित को राहत देने और प्रदेश को समृद्ध, सुरक्षित तथा खुशहाल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, उनके सिर पर हाथ फेरकर दुलार किया और चॉकलेट-टॉफियां भी दीं। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने, खेलकूद में हिस्सा लेने और संस्कार युक्त जीवन जीने की सलाह दी।

- **जनता दर्शन में करीब 50 से अधिक लोग पहुंचे, जिन्होंने पुलिस, राजस्व, बिजली, नौकरी और आर्थिक सहायता सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं रखीं**

उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही प्रदेश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी खुशियां सरकार की जिम्मेदारी हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रदेश के हर नागरिक की सेवा एवं सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से आए लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री जी ने लोगों की समस्याओं को निश्चित समयावधि में निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## अस्पताल में आग लगने की घटना में हुयी जनहानि पर मोदी ने जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर में आग लगने की घटना में हुयी जनहानि पर दुख जताया है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में आग लगने से हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। ईश्वर करे कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एमएसएस) अस्पताल के ट्रोमा सेंटर के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रविवार देर रात आग लग जाने से सात मरीजों की मौत हो गई जबकि तीन-चार मरीज घायल हो गए थे।



### अस्पताल में आग लगने की घटना को बताया दुःखद-शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीती रात जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर में आग लगने की घटना को दुःखद बताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन मरीजों की सुरक्षा , इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग लगने की घटना दुःखद है। स्थानीय प्रशासन मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। जिन लोगों ने इस हादसे में अपनी जान गँवाईं हैं, मेरी संवेदनाएँ उनके परिजनों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एमएसएस) अस्पताल के ट्रोमा सेंटर के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रविवार देर रात आग लग जाने से छह मरीजों की मौत हो गई जबकि तीन-चार मरीज घायल हो गए थे।

## वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी घोषित, राजधानी में विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को वाल्मीकि जयंती (7 अक्टूबर) पर छुट्टी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार वाल्मीकि जयंती पर 100 से अधिक संस्थाओं की मदद से राजधानी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव में सम्मिलित होकर उनके सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय पर आधारित उनके प्रेरक विचारों को नमन किया।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा उपस्थित रहे। दिल्ली सरकार पहले ही वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी की घोषणा कर चुकी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, समरसता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी अमर कृति रामायण जीवन का आलोक है जो हर युग में मयार्दा, भक्ति, त्याग और धर्म के पथ को प्रकाशित करती है। शबरी की भक्ति, गिलहरी का योगदान और केवट की निष्ठा जैसे प्रसंग हमें यह सीख देते हैं कि समाज का प्रत्येक वर्ग सम्मान और सहभागिता का अधिकारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इसी समरसता और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ रही है, जहां हर धर्म, हर संस्कृति और हर आस्था को समान गरिमा प्रदान की जा रही है। कांवड़ यात्रा से लेकर रामलीला, दुर्गा पूजा और अब वाल्मीकि जयंती तक हर आयोजन को हम भव्यता, श्रद्धा और समर्पण के साथ मना रहे हैं।

## युवाओं के लिए खुशखबरी! सीएम धामी का खेलों पर बड़ा ऐलान

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शासकीय आवास में खेल विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए गए खेल अवसंरचना का नियमित रख-रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे राज्य खेल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 39वें राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत प्रदेश के खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समयबद्ध रूप से पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं बीमा सुरक्षा के लाभ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट जगत की भागीदारी से खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि खेल सुविधाओं का विस्तार जन-जन तक हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए तथा राज्य में विभिन्न खेल अकादमियों की स्थापना से संबंधित कार्यों में गति लाई जाए।

- **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समयबद्ध रूप से पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं बीमा सुरक्षा के लाभ सुनिश्चित किए जाएं**

## नौसेना के नए पोतों का नामकरण होगा छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर, प्रदेश में सेना भर्ती रैली का प्रस्ताव

नई दिल्ली / छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी आरंभ करने का आग्रह किया।



मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष 'सेना भर्ती रैलियों' का आयोजन किया जाए, जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियाँ – इंद्रावती, महानदी – केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करे, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए, जैसे क्ब्र इंद्रावती, महानदी या बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे।

**बैठक** मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

## छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और



आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए।

कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए। इन नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग नहीं देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निमार्ता कंपनी पर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टेण्डर्ड कंट्रोल आगेर्नाइजेशन का भी जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जाँच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई गई। छिंदवाड़ा और परासिया के निजी चिकित्सकों, अस्पतालों और केमिस्ट के साथ बैठक कर स्थिति का आंकलन किया गया और उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में सलाह दी गई। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। क्षेत्र से प्राप्त हो रहे इस प्रकार के प्रकरणों को आवश्यकता होने पर आगे के इलाज के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नागपुर के लिए रैफर किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर दवा पर प्रतिबंध लगाया गया तथा अस्पतालों और केमिस्टों के निरीक्षण की प्रक्रिया भी आरंभ की गई।

- **दो औषधि निरीक्षकों और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को किया निलंबित**

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/6/2025 10:07 PM Page 1



# संस्कृति विवि में राष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में साक्ष्य आधार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में "रोल ऑफ एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिसेज एंड यूज़ ऑफ हैल्थ टेक्नोलॉजी इन इम्प्रोविंग पेशेंट्स आउटकम्स" विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, सभापति एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जी, राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तरप्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि मथुरा-वृन्दावन विधायक श्रीकांत शर्मा, विशेष अतिथि डॉ आई क्लेमेंट, श्रीमान सुरेश गौतम ने रोगियों रोगियों के परिणाम में सुधार लाने के लिए साक्ष्य आधारित प्रथाओं और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के उपयोग की भूमिका पर अपने उपयोगी संबोधन दिए। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के मंच पर और मंच पर संस्कृति विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एम. बी. चेट्टी, एनटीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फारुख खान, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. पूनम ठाकुर, ऑर्गेनिसिंग सेक्रेटरी व प्रदेश अध्यक्ष एनटीएआई प्रो. धीरज पाराशर, डिप्टी ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी मुकुल पाठक, यूनिवर्सिटी डीन डॉ यू. पुंगेड़ी, प्राचार्य के. के. पाराशर भी उपस्थित रहे। स्पीकर डॉ. स्मृति अरोरा, डॉ. सुषमा कुमारी सैनी, डॉ अनु गौबा ने भी अपने उपयोगी विचार साझा किए। मॉडरेटर प्रो. डॉ प्रिस्विल्ला सेमसन, श्रीमती आशा यादव, डॉ. अशोक काशीराम शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दौरान कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2025 में चयनित 22 राष्ट्रीय नर्सिंग शिक्षकों को, टीचर्स रत्न पुरस्कार एवं दो शिक्षकों को राष्ट्रीय सर्वोत्तम नर्सिंग शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉफ्रेंस में दूर दराज से आए कुल 310 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ।

# हेल्पलाईन नम्बरो से कैसे मिलेगी मदद पुलिस ने किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत मोहल्ला डेरा सराय, पानी के टंकी के पास थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उप.नि.पवित्र परमार, उ.नि.इमरान, हे.का.सुखविन्द्र सिंह सिद्धू, हे.का. विकास गिरी, का.पीयूष शर्मा, म.का.सोनम रायसत्ती पुलिस आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंवासा की आरबीएसके टीम ए द्वारा तंबाकू नियंत्रण विषय पर एक डिबेट कंपटीशन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में डॉ फहीम और डॉ वंदना ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताते हुए इस संबंध में समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। डिबेट कंपटीशन में आइन अली कक्षा आठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शमा रियाज़ी कक्षा आठ को द्वितीय स्थान मिला और फिज़ा कक्षा छे को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर विजई प्रतियोगियों को स्वास्थ्य विभाग की तरफसे ट्रॉफी और सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए प्रोग्राम में प्रबंधक युनुस इस्लाम ने सभी बच्चों से किशोर अवस्था में होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेने तथा इस आयु वर्ग में तंबाकू की लत से बचने के लिए प्रेरित किया जबकि सभी शैक्षिक संस्थान के सो गज की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाकू की बिक्री सेवन उत्पादन और विज्ञापन पर पूर्णतया पाबंदी के विषय में बताते हुए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम का शत प्रतिशत पालन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया प्रोग्राम में बच्चों द्वारा बाल नाटिका प्रस्तुत कर तंबाकू के विरुद्ध एक सदेश देने का प्रयास किया गया। सभी बच्चों और विद्यालय के स्टाफ को तंबाकू और नशे के विरुद्ध एक शपथ दिलाई इस अवसर पर डॉक्टर वंदना डोली सागर व कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# शरद पूर्णिमा : रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने किए दिव्य और अद्भुत बांकेबिहारी के दर्शन

*** श्रृंगार आरती के बाद जगमोहन में विराजे बांकेबिहारी, श्रद्धालु दर्शन पाकर हुए निहाल**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** शरद पूर्णिमा के पर्व पर श्रृंगार आरती के बाद जगमोहन में विराजे ठाकुर बांकेबिहारी ने सोमवार मोरमुकुट पहनकर बांसुरी धारण करते अपने भक्तों को दर्शन देकर श्रद्धालुओं को निहाल किया। श्रीबांकेबिहारी मंदिर एक बार फिर दिव्य और अद्भुत दृश्य का साक्षी बने। इस दिन ठाकुरजी स्वयं बांसुरी की मधुर तान छेड़ी और चंद्रमा की शीतल किरणें उनके चरणों की वंदना की। आज रिमझिम बारिश के बीच भक्त बड़ी तादाद में बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे और वर्ष में एक बार होने वाले दर्शनों का लाभ उठाया।

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर सोमवार को आराध्य के श्वेत वस्त्र में भक्तों को दर्शन हुए। महारास के कटि काछनी वस्त्र, सिर पर मोर मुकुट और होठों पर चांदी की मुरली धारण कर बांकेबिहारी महाराज के भक्तों को मनोहारी दर्शन हुए। वर्ष में एक बार इन विशेष दर्शनों की एक झलक पाने को भक्तों का उमड़ पड़े। ठॉ. बांकेबिहारी मंदिर में आराध्यदेव प्रभु बांकेबिहारी की विशेष पूजा-अर्चना की। आरती के बाद प्रभु दर्शन के लिए पट खुलते ही देश-विदेशों से आए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में शरद पूर्णिमा की अद्भुत छटा भक्तों को दर्शन के दौरान देखने को मिली। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सेवायतों की हठधर्मिता कम होने का नाम नहीं ले रही। शरद पूर्णिमा उत्सव पर भी आपसी सामंजस्य की कमी के चलते ठाकुरजी की सेवा के साथ सेवाधिकारियों ने जमकर खिलवाड़ किया। सुबह की श्रृंगार आरती मंदिर पट बंद रखकर के गर्भ गृह में हुई। राजभोग सेवा के सेवाधिकारी ने ठाकुरजी को जगमोहन में विराजित किया। इसमें करीब चालीस मिनट का समय लगा और मंदिर के पट सुबह 7:45 बजे की बजाय 8:27 बजे खुले।

सुबह सात बजे से आराध्य के दर्शन को मंदिर के बाहर खड़े हजारों श्रद्धालुओं को घंटों मंदिर खुलने का इंतजार करना पड़ा।

**शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा की रोशनी में रखी जाती है खीर**

शरद ऋतु में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला शरद पूर्णिमा सोमवार को भगवान की पूजा अर्चना कर मनाई गई। आज कान्हा की नगरी में शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर भगवान श्री द्वारिकाधीश मंदिर श्री केशव देव मंदिर बांके बिहारी मंदिर श्री गोवर्धन नाथ मंदिर श्री दाऊजी मन्दिर सहित सभी मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। पूर्णिमा पर उपवास करने वाली महिलाएं आज दिनभर वृत कर सांयकाल चंद्रमा की पूजा कर मेवाओं से वनी खीर का प्रसाद लगाकर चंद्रमा की धवल चांदनी में रखकर औषधीय गुणों से युक्त कर परिवार को वितरित हुई।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर स्थित मंदिर में औषधीय गुणों से भरपूर वनी खीर की प्रसादी वितरित की गई। इस खीर का विशेष महत्व उन लोगों के लिए विशेष होता है जिन्हें दमे की बीमारी होती है।

# भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर जनक्रांति द्वारा लगाया ब्लड डोनेट कैंप




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सोमवार को बहुजन महापुरुषों को समर्पित भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर जनक्रांति का ब्लड कैंप आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व बहुजन महापुरुषों में आस्था रखने वाले लोगों ने रक्तदान किया। कैंप की अध्यक्षता जनक्रांति के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह ने कि जिसमें डॉक्टर सचिन सक्सेना चैरिटेबल ब्लड सेंटर की देखरेख में ब्लड डोनेशन का कार्य किया गया। जनक्रांति के ब्लड डोनेशन कैंप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक एडवोकेट अनुज राजोरिया जी ने संगठन के ब्लड कैंप की सराहना की और कहा बहुजन महापुरुषों को समर्पित ब्लड कैंप समय - समय पर बहुजन महापुरुषों के जयंती व परिनिर्वाण दिवस पर समाज में लगाए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अनुज राजोरिया, राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आयुष भंडारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपेश वाल्मीकि, जिला महासचिव विनीत ढिलौर, प्रदेश संगठन मंत्री आकाश विक्रमा, आशु, सचिन, अमित मुल्तानिया, हर्ष सहदेव, अनुज सहदेव, अक्षय सहदेव, प्रमोद कुमार, ऋतिक पारछा, जतिन चौधरी, अनिकेत विक्रमा, आदि लोग मौजूद रहे।

# नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के अधिकारियो को दिये निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 परीक्षा के सम्बंध में केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट के निकट बड़ा मैदान संभल कल्कि महोत्सव विकासोत्सव 2025 के परिसर में किया गया।

जिला सम्भल में परीक्षार्थियों के लिए कुल 13परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिन पर पीसीएस के 5688 परीक्षार्थी दो पालियों में सम्मिलित होगें। समन्यवी पर्यवेक्षक दीनदयाल जी ने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक समय से 30 मिनट पहले पहुचे पेपर बॉक्स को सीसीटीवी कैमरे के सामने लें और कैमरे के सामने ही पेपर को खोलें सभी अधिकारी शासन द्वारा दिए गए सभी नियम निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर अक्षरशः आदेशों का पालन करें। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हो, परीक्षा केन्द्रों का वातावरण स्वास्थयप्रद व भयमुक्त होना चाहिए व सभी केन्द्रों पर पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए जिससे किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरान्त ही प्रवेश कराने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करें, बालिका परीक्षार्थियों की तलाशी केवल महिला अध्यापिकाओं द्वारा ही की जाये। सी0सी0टी0वी0 कैमरों, वॉयस रिकार्डिंग आदि के प्रभावी रूप से कार्य करने की जांच अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन की जायें।

परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर, पेयजल, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेन्स अग्निशमन यंत्रो आदि की व्यवस्था परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व हो जानी चाहिए। अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से निरन्तर सघन निरीक्षण किया जाएगा, सभी परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। किसी भी स्थिति में परीक्षा अवधि में बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नही देना है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करना प्रतिबंधित होगा प्रत्येक कमरे में एक दीवाल घडी जो की सुचारू रूप से चल रही हो परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत की समस्या नही होनी चाहिये। परीक्षाओं केन्द्रों के 200 मी0 के दायरे में सभी फोटो स्टेट की दुकाने बन्द रहेगी। बैठक में समस्त जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक सहित सम्बन्धित अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# मथुरा में झमाझम बारिश से लोगों को हुआ सर्दी का अहसास



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** सोमवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह तक तेज धूप और उमस से बेहाल लोग जहां गर्मी से परेशान थे, वहीं दोपहर में अचानक काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज गर्जना के बीच झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। शहर में करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश ने जगह-जगह जलभराव की स्थिति बना दी। गलियों और सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों की छतों और छज्जों के नीचे खड़े नजर आए। वहीं, कुछ लोग छाता और पॉलिथीन का सहारा लेकर भीगने से बचते हुए अपने गंतव्य तक जाते दिखाई दिए। बारिश ने जहां आम लोगों को तपिश से राहत दी, वहीं किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। वर्तमान समय में धान की कटाई और बाजार की फसल की तुड़ाई तेजी से चल रही है। ऐसे में अचानक हुई भारी बारिश खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। किसानों का कहना है कि धान की फसल अब कटाई योग्य अवस्था में है, यदि पानी खेतों में भर गया तो काफी नुकसान हो सकता है। आज शरद पूर्णिमा होने के चलते बदलते मौसम ने सर्दी का अहसास भी दिला दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। कुल मिलाकर, झमाझम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है, वहीं किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

# डीएवी बबराला में राज्य स्तरीय बालिका खेल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला में 6 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स 2025 का भव्य उद्घाटन हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में राज्यभर के डीएवी विद्यालयों की छात्राएँ विभिन्न खेलों में भाग ले रही हैं।

मुख्य अतिथिएम. एस. प्रसाद और राज्य समन्वयिका डॉ. अल्पना शर्मा का विद्यालय प्रांगण में गरिमामय स्वागत किया गया। प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण से परिचय के बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने कहा, डीएवी खेलों को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है और यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट माध्यम है। खेलों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास होता है। मैं सभी प्रतियोगियों को उत्साहित करता हूँ कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलें और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करें। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को सशक्त बनाने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का अवसर है। इस अवसर पर प्रवेश कुमार (प्रधानाचार्य, डीएवी बागपत एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक), डॉ. विनीत त्यागी (प्रधानाचार्य, डीएवी हापुड़), आशीष शर्मा (प्रमुख, डीएसएम शुगर मिल, रजपुरा) और यारा फर्टिलाइजर्स के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सभासद के घर मे चोरी के बाद लगी आग बेहोश मिला परिवार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सभासद के घर मे आग लगने से हड़कम्प मच गया। बमुश्किल तमाम फंसे परिवार को बाहर निकाला गया। सभी को उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित चर्च के निकट नगर पालिका परिषद के सभासद गगन वार्ष्णेय के घर में आग लग गई। बताया जाता है कि चोरी के बाद आग लगी। पहले चचेरे भाई के बंद पड़े घर में चोर घुसे और फिर सभासद के मकान मे चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद आग लगने से सभासद का परिवार बेहोशी की हालत में पाया गया। दरअसल करीब 06:30 के आसपास मकान से धुंआ उठता देख लोग दौड़ पड़े और घर मे घुसकर बेहोश पड़े सभासद गगन वार्ष्णेय और उनकी पत्नी पल्लवी तथा दोनो बेटियों को बाहर निकाला गया। सभी को उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। मौहल्ले वासियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं सूचना पाकर दमकल की टीम भी मौके पर जा पहुंची। बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। उधर सूचना पाकर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह भी मौके पर जा पहुंचे और घटना की जानकारी की। आग बुझाये जाने के दौरान लेंटर से मलबा गिरने पर ईंट लगने से सिपाही निर्देश कुमार घायल हो गया। आग मे लाखो का नुकसान होना बताया जाता है। पुलिस आगे की कार्यवाही करने मे जुट गई है। चोरी कैसे हुई और आग घटना संदिग्ध बनी हुई है, जो जांच के बाद ही पता लग पायेगा कि सच्चाई क्या है। लेकिन घटना से मौहल्ले मे हड़कम्प मचा हुआ है। उधर भाजपा नेता राजेश सिंघल घटना की सूचना मिलने के बाद सभासद के घर पहुंचे।

# समाज बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति के कार्यों से प्रेरणा ले डा अशोक अग्रवाल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश समिति की युवा महिला जिलाध्यक्ष सुश्री आराधना भारद्वाज के नेतृत्व में जिला अस्पताल में करवा चौथ से पहले दिव्या और भव्य कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला अस्पताल में परेशान और जरूरतम लोगों मुस्कान देना रहा । महिला मरीज ,महिला तिमादारों के साथ अस्पताल कर्मचारियों को सुहाग का सामान के साथ साड़ियां, पुरुषों को पेट व शर्ट के कपड़े बच्चों को चॉकलेट टॉफी बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने कहा समाज को प्रेरणा बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के कार्यो लेनी। मथुरा जनपद के वरिष्ट एडवोकेट व समिति संरक्षक नरेंद्र सिंह ने ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की प्रसन्नता करते हुए पूरी टीम को दी बधाई । समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी पूरी टीम मिलकर समाज के लिए जनपद में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम समय-समय पर करती है आज उसी के अंतर्गत हमारे युवा महिला टीम के द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है उसके लिए उन्होंने युवा अध्यक्ष आराधना भारद्वाज को दी बधाई। प्रदेश महासचिव व भागवत आचार्य लक्ष्मीकांत शास्त्री ने कहा हमारी समिति के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर आज ऐसे लोगों के बीच में खुशी बांटने का काम किया है जो अपनी परेशानी में रहकर अस्पताल में रह रहे हैं। जिला अस्पताल के प्रभारी नीरज अग्रवाल (सीएमएस) के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला महानगर अध्यक्ष ममता शर्मा, नीतू यादव,बृजेश शर्मा, वंदना सक्सेना, पुलिया शर्मा,चंद्र मोहन दीक्षित , गीता सिंह, प्रतिभा सिंह, सुनीता यादव , पूनम सिंह,मनसा रानी, विनीता दास,दीपक आदि शामिल रहे।

# कल्कि महोत्सव विकासोत्सव मे शिक्षा विभाग के कर्मचारी की मोत, परिवार मे कोहराम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बहजोई के बड़ा मैदान मे आयोजित किए गए कल्कि महोत्सव/विकासोत्व कार्यक्रम मे शिक्षा विभाग मे तैनात कर्मचारी की अचानक मंच पर तबियत बिगड़ गई और हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार बताते चलें कि 06 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक बहजोई के बड़ा मैदान मे कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया। इस बीच मंच पर शिक्षा विभाग मे तैनात कर्मचारी सतेन्द्र पाठक की अचानक तबियत बिगड़ गई और वह गिर गया। हार्ट अटैक आने से मंच से नीचे गिरे सतेन्द्र पाठक को मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल सीपीआर देकर जान बचाने की काफी कोशिश की लेकिन उसकी मौत हो गई। दौड़ कर लोग उसे प्राईवेट वाहन से अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सतेन्द्र पाठक की मौत की खबर परिजनों को लगी तो कोहराम मच गया। बताते चलें कि मृतक सत्येंद्र पाठक की 10 दिन पहले ही शादी तय हुई थी। उसकी अभी 4 दिन पहले ही इंगेजमेंट हुई। परिजनों मे खुशियां मातम मे बदल गई।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमशक्ल विकास मोहान्ते का नुसरत ईलाही ने किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमशक्ल भाजपा के स्टार प्रचारक को देखकर सम्भल वासी भौचक्का रह गये। सेल्फी लेने और हाथ मिलने को भीड़ लग गये। इस दौरान उनका स्वागत एवं सम्मान भी किया गया। दरअसल सम्भल पहुंचे भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पीएम नरेन्द्र मोदी के फेस से मिलते झुलते विकास मोहान्ते उर्फ नरेन्द्र मोदी सम्भल मुरादाबाद मार्ग सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर के गेस्ट हाउस पहुंचे जहां उनका भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं नगर पालिका पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत ईलाही ने शॉल पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान कई मुद्दो एवं राजनीतिक विषयों को लेकर चर्चा भी हुई।

# चौपाल में दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, बच्चे भी रहे उपस्थित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** कोतवाली छाता क्षेत्र के नरी गांव में पुलिस ने महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई और आपात स्थिति में सहायता प्रदान करने वाले हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। पुलिस की महिला उपनिरीक्षक सुकून बेदवान और कांस्टेबल पूजा ने चौपाल में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस जागरूकता चौपाल में गांव की बड़ी संख्या में बालिकाएं और महिलाएं शामिल हुई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया।


## दो वंदे भारत त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने निम्नलिखित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02252/02251 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 32 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02252 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02251 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:35 | नई दिल्ली | 23:30 | ---- |
| 10:21 | 10:23 | अलीगढ़ जं. | 20:53 | 20:55 |
| 13:30 | 13:35 | कानपुर सेन्ट्रल | 17:50 | 17:55 |
| 15:45 | 15:50 | प्रयागराज जं. | 15:35 | 15:40 |
| 18:00 | 18:10 | प. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 13:10 | 13:20 |
| 19:26 | 19:28 | बक्सर | 11:25 | 11:27 |
| 20:10 | 20:12 | आरा जं. | 10:38 | 10:40 |
| 21:30 | ---- | पटना जं. | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन: 02252 नई दिल्ली** से दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 (प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) तक एवं **02251 पटना जं.** से दिनांक 12.10.2025 से 16.11.2025 (प्रत्येक मंगलवार, वीरवार एवं रविवार) तक।
**स्थान:** वाता. एजिक्यूटिव श्रेणी एवं वाता. कुर्सीयान।

**02253/02254 पटना जं. - नई दिल्ली - पटना जं. आरक्षित वंदे भारत त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 33 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02253 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02254 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:00 | पटना जं. | 21:30 | ---- |
| 10:38 | 10:40 | आरा जं. | 20:10 | 20:12 |
| 11:25 | 11:27 | बक्सर | 19:26 | 19:28 |
| 13:10 | 13:20 | प. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 18:00 | 18:10 |
| 15:35 | 15:40 | प्रयागराज जं. | 15:45 | 15:50 |
| 17:50 | 17:55 | कानपुर सेन्ट्रल | 13:30 | 13:35 |
| 20:53 | 20:55 | अलीगढ़ जं. | 10:21 | 10:23 |
| 23:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 08:35 |

**चलने के दिन: 02253 पटना जं.** से दिनांक 11.10.2025 से 17.11.2025 (प्रत्येक शनिवार, सोमवार एवं बुधवार) तक एवं **02254 नई दिल्ली** से दिनांक 12.10.2025 से 16.11.2025 (प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं वीरवार) तक।
**स्थान:** वाता. एजिक्यूटिव श्रेणी एवं वाता. कुर्सीयान।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3079/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली-एनसीआर में आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

● मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है, जो इन दिनों उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहा है। इस सिस्टम के कारण अगले 48 घंटों में इस क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी और ठंडी हवाएं चलेंगी



नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में मौसम फिर बदलने वाला है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ छींटे और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है।

एनसीआर में कई जगहों पर सुबह हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। आईएमडी के अनुसार, दिनभर बीच-बीच में बारिश हो सकती है और हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। अधिकतम तापमान करीब 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। बारिश के बावजूद, आर्द्रता का स्तर ऊंचा बना रह सकता है, जिससे बारिश कम होने पर असुविधा और उमस भरा वातावरण हो सकता है। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है, जो इन दिनों उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहा है। इस सिस्टम के कारण अगले 48 घंटों में इस क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी और ठंडी हवाएं चलेंगी। सोमवार तड़के दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी और गुरुग्राम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि नोएडा और गाजियाबाद में येलो अलर्ट जारी है, यानी यहां भी मौसम की मार का मध्यम असर हो सकता है। रविवार को, दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से थोड़ा कम है, और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर से थोड़ा अधिक है। बारिश और हवाओं के चलते दिल्ली की हवा में थोड़ी सुधार दिखी। शनिवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 138 यानी मध्यम रहा। शुक्रवार को यह 88 यानी संतोषजनक स्तर पर था, जो पिछले तीन सालों में दशहरे के बाद सबसे साफ दिन रहा। हालांकि, बदलते मौसम के साथ हवा की गुणवत्ता में भी उतार-चढ़ाव होता रहेगा। आईएमडी ने लोगों को सलाह दी है कि गरज-चमक और तेज हवाओं के समय खुले स्थानों से बचें और हल्की चीजों को सुरक्षित रखें ताकि वे उड़ न जाएं।

**संक्षिप्त समाचार**

## निवेश के नाम पर ठगी, गैंग सरगना समेत पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर पुलिस स्टेशन ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। इस गिरोह के तार कंबोडिया के ठगों से जुड़े थे। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 13 मोबाइल, एक लैपटॉप, नौ चेकबुक, आठ सिम कार्ड और ठगी से संबंधित रजिस्टर बरामद किए। यह गिरोह शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश के नाम पर लोगों को ठगता था और ठगी के पैसे को फर्जी तरीके से बनाए खातों और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए सफेद करता था। पुलिस के मुताबिक, मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता आर. चौधरी ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां ऊंचे मुनाफे का लालच देकर शेयरों में निवेश के लिए उकसाया गया। शुरू में छोटे-छोटे मुनाफे दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। बाद में फर्जी प्रविष्टियां दिखाकर उनसे बड़ी रकम निवेश करवाई गई। जब उन्होंने पैसा निकालने की कोशिश की, तो निकासी रोक दी गई और उनसे 10.7 लाख रुपये ठग लिए गए।

## गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगे 20 लाख रुपए, पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के मध्य जिला साइबर पुलिस ने डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले के एक बड़े रैकेट का पदार्फाश करते हुए दिल्ली और उत्तर प्रदेश से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए से ज्यादा रकम ठग ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 मोबाइल, 40 चेकबुक, 33 सिम कार्ड, 19 डेबिट कार्ड, 14 पैन कार्ड, 7 डिजिटल हस्ताक्षर, एक लग्जरी कार और अन्य सामान बरामद किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि साइबर ठगों ने खुद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और पुलिस अधिकारी बताकर उसे डराया। ठगों ने दावा किया कि उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में हुआ है और उसे डिजिटल गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। एक स्काइप कॉल पर फर्जी एनसीबी पहचान पत्र दिखाकर उसे डराया गया।

## मोबाइल चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, पिस्टल व 10 चोरी के मोबाइल जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की ईआर-क्ष्टीम ने मोबाइल चोरी और खरीद-फरोख्त करने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना वसीम (38) और उसके सहयोगी अकरम (28) को गिरफ्तार किया है। दोनों डीएलएफ भोपुरा, गाजियाबाद का निवासी है। उनके कब्जे से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और 10 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को बताया कि वसीम पहले दिल्ली मेट्रो और बसों में जेबकतरी करता था, लेकिन पकड़े जाने के डर से उसने चोरी के मोबाइल खरीदने का धंधा शुरू कर दिया। वह दिल्ली-एनसीआर के पिकपॉकेट्स से मोबाइल खरीदकर उन्हें आगे बेचता था।

## मेडिकल छात्रा से रेप और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

नई दिल्ली। दिल्ली के आदर्श नगर थाने में एक 18 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा की शिकायत पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है। शिकायतकर्ता जींद (हरियाणा) की निवासी और रोहिणी स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा है। छात्रा वर्तमान में कॉलेज के छात्रावास में रहती है। उसने हकीकत नगर, पटियाला चौक, जींद निवासी अमनप्रीत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 सितंबर को अमनप्रीत ने अपने साथियों के साथ दोस्ती और मुलाकात का झांसा देकर उसे नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद उसे आदर्श नगर के होटल में जबरन बंधक बनाकर रखा गया। वहां उसका यौन उत्पीड़न किया गया।

**दिल्ली सरकार भी उसी मार्गदर्शन में आगे बढ रही है**

# समानता के भाव के साथ आगे बढ रहा पूरा देश : सीएम रेखा

लिशा शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं और उनके मार्ग दर्शन के कारण पूरा देश समानता के भाव के साथ आगे बढ रहा है।

रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उसमें निहित करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में है। उन्होंने उस युग में भी बताया कि किसी की उत्पत्ति नहीं, बल्कि उसका कर्म ही उसकी पहचान है।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं और उनके मार्गदर्शन के कारण पूरा देश समानता के भाव के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यही भाव अंत्योदय के रूप में साकार हो रहा है जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की हर किरण पहुंचाना ही हमारा धर्म है। दिल्ली सरकार भी उसी मार्गदर्शन में आगे बढ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कल दिल्ली में अवकाश घोषित किया है और पूरी दिल्ली में वाल्मीकी जयंती के अवसर पर उत्सव रहेगा जिसमें सरकार और समाज मिलकर प्रभु के दिन को उत्सव के रूप में मनायेंगे। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी द्वारा हजारों मेहनती कर्मचारी भाई-बहनों का नियमितीकरण इसी समता, सम्मान और श्रम के मूल्यों को सशक्त बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जब हर व्यक्ति को अवसर और सम्मान मिलेगा, तभी समाज और राष्ट्र सच्चे अर्थों में विकसित होगा।






● रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उसमें निहित करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में है। उन्होंने उस युग में भी बताया कि किसी की उत्पत्ति नहीं, बल्कि उसका कर्म ही उसकी पहचान है

# सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत की गयी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया।

पीठ ने अंगमो की याचिका पर उनके अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, 'नोटिस जारी करें।'

इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने पीठ के समक्ष कहा कि याचिका पर्यावरणविद् वांगचुक की हिरासत की आलोचना करती है। पीठ के समक्ष दलील देते हुए उन्होंने कहा, 'हम हिरासत के खिलाफ हैं।' इस पर केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि श्री वांगचुक को हिरासत के आधार बताये गये हैं। अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत अपने पति की हिरासत को चुनौती दी है। इस मामले में श्रीमती अंगमो ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया है। उन्होंने याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी ह्यगिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि वांगचुक को गिरफ्तार करने के बाद राजस्थान की जोधपुर केन्दीय जेल में रखा गया है। लद्दाख में अलग राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद उन्हें 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गयी थी।



● पीठ ने अंगमो की याचिका पर उनके अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद आदेश पारित किया

## एजूकेशन फाऊंडेशन भारत मंडपम मनाने जा रहा है अपनी 30वीं वर्षगांठ

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख शिक्षा संस्थानों में से एक, दर्शन एजुकेशन फाउंडेशन, अपनी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली और शांतिदूतों की पीढ़ियों के निर्माण के 30 वर्ष पूरे होने पर 8 अक्टूबर, को नई दिल्ली में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊएक्र के संस्थापक अध्यक्ष और विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु संत राजिंदर सिंह जी महाराज करेंगे, जिसमें शिक्षा पर आधारित एक सेमिनार और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी शामिल होगी। उनके साथ कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री माननीय श्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय जयंत चौधरी, भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता पद्मश्री दीपा मलिक, और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉ. महेश वर्मा आदि शामिल हैं। भारत और विदेशों में अपने 24 दर्शन एकेडमी स्कूलों के साथ, ऊएक्र हमेशा से बच्चों के संपूर्ण विकास, शांतिपूर्ण शिक्षा और आंतरिक शांति के माध्यम से विकास की पहचान रहा है। बच्चों को दयालु और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने वाले इन मूल्यों के अनुरूप, यह कार्यक्रम 'शांति से शक्ति : जीवन को प्रकाशित करना' विषय पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा पर आधारित एक सेमिनार से होगी, जिसमें वैज्ञानिक से संत बने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का मुख्य भाषण होगा। इसके बाद 3,000 से अधिक आमंत्रितों, शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों के समक्ष विशिष्ट अतिथियों के संबोधन होंगे। इस शाम का समापन दर्शन अकादमी, दिल्ली के छात्रों द्वारा एक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ होगा, जिसमें शिक्षा पर आधारित कृतज्ञता से भरपूर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम पेश किया जाएगा।



● शिक्षा पर आधारित एक सेमिनार और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी शामिल होगी

## अंतरराज्यीय साइबर ठगों के गिरोह का पदार्फाश किया, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिला साइबर थाना पुलिस टीम ने एक बड़े साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार विदेशी ठगों, विशेष रूप से कंबोडिया में सक्रिय अपराधियों से जुड़े हैं। इस अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को चार राज्यों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में नरवाना, जींद, हरियाणा निवासी विक्रम (40),जीरकपुर, पंजाब निवासी मुकुल (33), ऊना, हिमाचल प्रदेश निवासी अक्षय (29), सोनीपत, हरियाणा निवासी हरि किशन सिंह (38) और सीकर, राजस्थान मंगू सिंह (27) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 13 हाई-टेक मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 9 चेकबुक, 3 रजिस्टर और 8 सिम कार्ड बरामद किए हैं, जिनमें साइबर अपराध से संबंधित आपत्तिजनक जानकारी दर्ज है।

दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने आज बताया कि यह गिरोह शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश के नाम पर लोगों को ठगता था। ठगी की राशि को कई म्यूल खातों और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट के जरिए लॉन्ड्रिंग किया जाता था। पुलिस ने इस मामले में 4.25 करोड़ रुपये की ठगी की राशि का पता लगाया है और 15 एनसीआरपी शिकायतों को इस गिरोह से जोड़ा है। उपायुक्त ने बताया कि पुलिस को शिकायतकर्ता आर. चौधरी ने बताया कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां उन्हें शेयरों में निवेश के लिए उच्च रिटर्न का लालच दिया गया। शुरू में छोटे मुनाफे देकर उनका भरोसा जीता गया। बाद में उन्हें बड़े निवेश के लिए प्रेरित किया गया और फर्जी प्रविष्टियां दिखाई गईं। जब उन्होंने निवेश वापस लेने की कोशिश की, तो निकासी रोक दी गई और उनके साथ 10.7 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच टीम ने तकनीकी निगरानी, धन के लेन-देन और डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया। फर्जी सिम और म्यूल खातों के बावजूद, पुलिस ने पहले आरोपित विक्रम को नरवाना, जींद, हरियाणा से गिरफ्तार किया।

उससे पूछताछ में मुकुल का नाम सामने आया, जिसे जीरकपुर, पंजाब से गिरफ्तार किया गया। मुकुल ने बैंक खाता किट अक्षय को सौंपने की बात कबूली, जिसे ऊना, हिमाचल प्रदेश से पकड़ा गया। आगे की जांच में हरि किशन सिंह को अमृतसर, पंजाब से 7 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप और 9 चेकबुक के साथ गिरफ्तार किया गया। अंत में, मुख्य सरगना मंगू सिंह को सीकर, राजस्थान से पकड़ा गया, जो टेलीग्राम ग्रुप के जरिए म्यूल खाते व्यवस्थित करता था और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से धन लॉन्ड्रिंग करता था। मुख्य सरगना मंगू और उसके सहयोगी कुलदीप ने टेलीग्राम के जरिए कंबोडिया में बैठे ठगों से संपर्क स्थापित किया था। उन्होंने 'एटीपे' नामक टेलीग्राम ग्रुप बनाया, जहां म्यूल खातों की मांग साझा की जाती थी। विक्रम, मुकुल और अक्षय ने विभिन्न राज्यों में बैंक खाते खोलने या क्रेडेंशियल्स उपलब्ध कराने का काम किया। ये खाते हरि किशन सिंह और मंगू को सौंपे जाते थे, जो विदेशी ठगों के साथ समन्वय करते थे। ठगी की राशि को म्यूल खातों में स्थानांतरित कर, कई खातों के जरिए लेयरिंग की जाती थी और अंत में क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) में बदलकर कंबोडिया के ठगों के वॉलेट में भेज दी जाती थी। यह गिरोह कमीशन के रूप में ठगी की रकम का लगभग 5 प्रतिशत राशि अपने पास रख लेता था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।



## मंत्री इंद्राज ने रोहिणी में आधार सेवा केंद्र का किया शुभारंभ



नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को रोहिणी सेक्टर-20 स्थित सरस्वती कन्या विद्यालय में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। यह जानकारी उन्हें एक्स पर साझा की। मंत्री इंद्राज ने एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि यह आधार सेवा केंद्र दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेर्शालय के सहयोग से नागरिकों को आधार संबंधी सुविधाएं सुगमता और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श हमें समाजहित में सेवा और समर्पण का संदेश देते हैं उसी भावना से यह पहल जनसेवा को समर्पित है।

## डेंगू-मलेरिया बढ़ने पर भाजपा सरकार पर बरसे देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा और एमसीडी जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण में पूरी तरह विफल रहे हैं। यादव ने बताया कि पिछले सप्ताह डेंगू के 59 और मलेरिया के 38 नए मामले दर्ज हुए हैं, जबकि 2025 में अब तक 759 डेंगू, 371 मलेरिया और 61 चिकनगुनिया के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद मलेरिया के मामले सबसे ज्यादा हैं। कांग्रेस नेता ने भाजपा की ह्लट्रिपल इंजनह्व सरकार को विफल बताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान सिर्फ दिखावा साबित हुआ है। नजफगढ़, शाहदरा, करोल बाग और साउथ जोन में मामलों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार से तुरंत कदम उठाने की अपील की और आरोप लगाया कि अस्पतालों में दवाइयों की कमी और मोहल्ला क्लीनिकों की बदहाली के कारण गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। यादव ने कहा कि यमुना तटों, कॉलोनियों और जेजे क्लस्टरों में हालात सबसे खराब हैं और भाजपा सरकार ने इन क्षेत्रों की पूरी तरह अनदेखी की है।

## आईएमसी 2025 की तैयारियों का जायजा लेने दिल्ली मेट्रो से पहुंचे सिंधिया

नई दिल्ली। संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को शिवाजी स्टेशन से यशोभूमि तक दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन में यात्रा की। सिंधिया आठ से 10 अक्टूबर तक यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में शुरू होने जा रहे इंडियन मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण की तैयारियों का जायजा लेने यशोभूमि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी यात्रा दिल्ली मेट्रो से की और यात्रियों से बातचीत भी। गौरतलब है कि दूरसंचार मंत्रालय आठ से 10 अक्टूबर तक यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडियन मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में विश्वभर के इनोवेटर, निवेशक, स्टार्टअप्स और नेताओं सहित कई विशेषज्ञ शामिल होंगे। कन्वेंशन में 6जी, एआई, क्वांटम, साइबर सिक्योरिटी और इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग सहित कई विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित होंगे।

## अवैध हथियारों के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी जिले के भालस्वा डेयरी पुलिस ने गश्त के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। चार अक्टूबर को दोपहर करीब 3:15 बजे, हेड कांस्टेबल सुमित, दीपक और तीनू की गश्ती टीम ने मुकुंदपुर के झील रोड, छट घाट, शुक्ला कॉलोनी के पास एक संदिग्ध पैदल यात्री को रोका था। उसकी तलाशी में जतिन (20) के पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जतिन ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने पिस्तौल सचिन से 4000 रुपये में खरीदी थी।

**अभियान** पटपड़गंज रोड पर दुकान नंबर 561 में अवैध पटाखों का भंडारण और बिक्री हो रही है

# 746 किलो अवैध पटाखे जब्त, तीन गिरफ्तार

दिया शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा जिले की पुलिस ने त्योहारी सीजन से पहले अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने 746 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शाहदरा जिले की एएसबी सेल, फर्श बाजार थाना और विशेष स्टाफ की संयुक्त टीमों ने की।

पहला अभियान 30 सितंबर की रात को एएसबी सेल ने चलाया। सूचना मिली थी कि गीता कॉलोनी के पटपड़गंज रोड पर दुकान नंबर 561 में अवैध पटाखों का भंडारण और बिक्री हो रही है। सब इंस्पेक्टर अजय तोमर की अगुवाई में एक विशेष टीम ने छापेमारी की और 23 वर्षीय अक्षित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अक्षित ने बताया कि वह गुरुग्राम से सस्ते दामों पर पटाखे खरीदकर दिल्ली में ऊंचे दामों पर बेचता था। उसके पिता की उक्त पते पर दुकान थी, जिसे पटाखों पर प्रतिबंध के बाद उसने अवैध कारोबार के लिए इस्तेमाल किया। इस मामले में गीता कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई। दूसरा अभियान 4 अक्टूबर को फर्श बाजार थाने की टीम ने चलाया। सूचना मिली थी कि भीकम सिंह कॉलोनी, फर्श बाजार में एक हॉल में अवैध पटाखों का भंडारण हो रहा है। इंस्पेक्टर अजय करण के नेतृत्व में छापेमारी की गई और 54 वर्षीय राम जीवन गर्ग को 460.35 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में राम जीवन ने बताया कि उसने मेरठ से सस्ते दामों पर पटाखे खरीदे और दिल्ली में मुनाफे के लिए बेचे। इस मामले में फर्श बाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। तीसरा अभियान 5 अक्टूबर को विशेष स्टाफ ने चलाया। गीता कॉलोनी के झील खुरंजा में गोदाम नंबर 135ए में अवैध पटाखों की सूचना पर इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह की टीम ने छापा मारा और 54 वर्षीय विनोद कुमार को गिरफ्तार किया।



## हिमांशु उर्फ भाऊ का अपराध सिंडिकेट ध्वस्त, 10 आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के अपराध सिंडिकेट को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ध्वस्त करते हुए 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है। वहीं गैंग लीडर हिमांशु उर्फ भाऊ और उसके साथी साहिल को अदालत ने घोषित बदमाश करार दिया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ गैरहाजिरी में ट्रायल चलाने की अर्जी भी अदालत में दाखिल की है। क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि गैंग का सरगना हिमांशु उर्फ भाऊ भारत से फरार होकर विदेश में अज्ञात स्थान से गिरोह का संचालन कर रहा था। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए पुर्तगाल होते हुए विदेश भागा था। पुलिस अब उसके ठिकाने का पता लगाने में जुटी है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि 06 मई 2024 की शाम को दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना हुई थी। फ्यूजन कार शोरूम में तीन हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर दहशत फैलाई थी, ताकि व्यापारी वर्ग में अपने गैंग लीडर हिमांशु भाऊ का खौफ कायम रहे। इस घटना में छह निर्दोष लोग घायल हुए थे। शोरूम मालिक मनोज मलिक की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। अगले ही दिन शिकायतकर्ता को अंतरराष्ट्रीय वॉयस कॉल से धमकी भरा कॉल मिला, जिसमें हिमांशु भाऊ ने खुद को कॉलर बताते हुए पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि जांच में सामने आया कि हिमांशु भाऊ का गिरोह 2020 से लगातार फिरौती, अपहरण और हत्या जैसे अपराधों में शामिल रहा है।

# किसानों के साथ हो रही धांधलेबाजी

●इंडियन नेशनल लोकदल और अखिल भारतीय किसान सभा ने किया विरोध प्रदर्शन,
●समर्थन रेट पर फसल की सरकारी खरीद शुरू की मांग




**उत्तम भारत संवाददाता होडल, रतन सिंह।** अनाज मंडी में बाजरा, कपास और धान फसल की खरीद में किसानों से की जा रही धांधलेबाजी के मामले को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल और अखिल भारतीय किसान सभा के दर्जनों सदस्य सोमवार को अनाज मंडी पहुंचे और एकत्रित होकर मार्केट कमेटी के सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अखिल भारतीय किसान सभा ब्लॉक कमेटी होडल देवेंद्र नंबरदार के नेतृत्व में किसानों की फसलों की खरीददारी को लेकर अनाज मंडी में प्रदर्शन किया गया।जिसमें किसान सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमनलाल पंखिया ने कहा कि 29 सितंबर को संस्था के दर्जनों सदस्यों ने अनाज मंडी का दौरा किया था। उन्होंने कहा कि व्यापारियों, अधिकारियों ओर दुकानदारों की मिलीभगत से किसानो की फसलों को सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य से 600 रुपये से लेकर 800 रुपये कम रेट पर खरीदा जा रहा था। इस मामले में उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव को अवगत कराया था, जिन्होंने 3 अक्टूबर तक सरकार एवं मिल मालिकों से मिलकर खरीददारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बाद भी समर्थन मूल्य पर खरीददारी शुरू नहीं की है। उन्होंने कहा कि जब इस मामले में किसानों द्वारा सचिव का घेराव किया गया तो सचिव अपने कनिष्ठ कर्मचारियों को अखिल भारतीय किसान सभा ब्लॉक कमेटी होडल के पदाधिकारियों के साथ बरावरी मोड़ स्थित मंडी में पहुंचे और माप मीटर से धान के ढेरों को नापा, लेकिन किसान संतुष्ट नहीं हुए तो स्थित को भांपते हुए कटे हुए गेट पासों को रजिस्टर में चढ़ना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि एसडीएम बैलिना राणा भी अनाज मंडी में पहुचीं और किसानों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को एक हजार बोरी उठाने के निर्देश दिए। वहीं इनेलो कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा बाजरा, कपास और धान आदि की खरीद में किसानों के साथ हो रही लूट के बारे में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि किसानों द्वारा अनाज मंडियों में बाजरा, कपास और धान आदि फसलें लाई जा रही हैं,लेकिन अभी तक सरकारी एजेंसियां खरीद नहीं कर रही हैं, जिसके कारण किसानों को अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि सरकारी खरीद एजेंसियों और व्यापारियों की मिलीभगत के कारण नमी आदि की आड़ में किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दरों पर खरीदा जा रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड रहा है। इनेलो कार्यकर्ताओं ने मांग कर कहा कि किसानों से जो अनाधिकृत कटौती की गई है, वह तुरंत बंद की जाए और बाजरा-कपास की खरीद निर्धारित समर्थन मूल्य पर तत्काल शुरू की जाए तथा बाढ़ के कारण किसानों की जो फसल बर्बाद हुई हैं, उसके लिए प्रति एकड़ 50 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मोजूद रहे।

# महापुरुषों के जीवन से मिलते हैं प्रेरणादायी विचार: लक्ष्मण सिंह यादव



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी,( पवन )।** महर्षि वाल्मीकि जैसे संत-महापुरुषों के जीवन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मयार्दा के धर्म का ज्ञान होता है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नई दिशा देने में अहम हैं। यह बात रेवाड़ी से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कही। वे सोमवार को स्थानीय बाल भवन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित किए गए महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता डीसी अभिषेक मीणा ने की। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष डा.वंदना पोपली, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी.कृष्ण कुमार, नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव व भाजपा नेता हुकम सिंह यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथिगण ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समारोह में पहुंचने अतिथिगण का विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।समारोह में अपने संबोधन में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने समाज के महापुरुषों को याद नहीं करेंगे तो हमारी सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलू इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आर्यव्रत देश के आदि कवि माने जाते हैं। उनके जीवन से वर्तमान पीढ़ी को कड़ी मेहनत और शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। हजारों साल पहले उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण को सबसे पहले लिखा, जिसका आज भी श्रद्धा भाव से मनन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें जीवन में महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा देते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि रामायण की रचना कर महर्षि वाल्मीकि ने ही सीता के पतिव्रता धर्म, भगवान राम के मर्यादित आचरण, लक्ष्मण की सेवा आदि गुणों का सुंदर बखान किया। सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी.कृष्ण कुमार ने कहा कि इस जयंती के अवसर पर सभी सफाई कर्मचारियों को यह प्रण लेना चाहिए कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से समाज का विकास किया जा सकता है। नगरपरिषद रेवाड़ी की चेयरमैन पूनम यादव ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी शहर को साफ-सुथरा बनाने में लगे हुए हैं। सफाई कर्मचारियों ने जिस प्रकार से कोविड के समय अपनी ड्डूटी दी है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। समारोह में जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनु बाला, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, सांस्कृतिक कार्यक्रम नोडल अधिकारी प्राचार्य डा. ज्योत्स्ना यादव, प्रवक्ता पूनम यादव, नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता अंकित वशिष्ठ, अधीक्षक उषा रानी, एआईपीआरओ कोसली अभिसार कौशिक, हिमांशु पालीवाल, सुनील ग्रोवर, सौरभ यादव, दीपा भारद्वाज, प्रशांत, नीरज आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा, और समाजसेवा में मिसाल बने नाजिम आजाद को मिला ग्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** शिक्षा और समाज सेवा, शैक्षिक सुधार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाले जाने-माने शिक्षक एवं समाजसेवी नाजिम आजाद को ग्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 5 अक्टूबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित राह ग्रुप फाउंडेशन के भव्य समारोह में प्रदान किया गया।राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि नाजिम आजाद ने शिक्षा के क्षेत्र में और शैक्षिक नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अब तक आधा दर्जन भर नवाचार शिक्षा के क्षेत्र में लागू कराए हैं, वो खुद बालिका शिक्षा, ड्रॉप आउट और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने और मेवाती युवाओं में नशा मुक्ति के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए मोहल्ला पाठशाला, जोयफुल एग्जाम कैंपेन, मिशन तालीम, दस्तक ए तालीम, जीरो ड्रॉप आउट मिशन आदि नवाचारों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ।शिक्षा के क्षेत्र में उनका कार्य प्रेरक रहा है। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा नाजिम आजाद "का यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का नहीं, बल्कि मेवात की शिक्षा, और समाज सेवा के क्षेत्र में नई पहचान का प्रतीक है। इस उपलब्धि पर मेवात कारवां के अध्यक्ष डॉ अशफाक आलम, प्रधानाचार्य परवीन सैनी, सलाह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, सलाह नूंह के जिला प्रधान रमन रोहिल्ला, अलखैर फाउंडेशन के चेयरमैन सैयद जाकिर , शिक्षाविद कासम आजाद सहित अनेक शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर देश की बनाई अलग पहचान: पूर्व मंत्री राम विलास शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** पूर्व मंत्री राम विलास शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत विषय को लेकर सोमवार को पलवल विश्राम गृह में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। आत्मनिर्भर अभियान के तहत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों को मजबूत बनाना और आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है। उन्होंने कहा कि देश हथियारों में आत्मनिर्भर बना रहा है। भारत के अपने रक्षा उपकरण, जैसे मिसाइल, लड़ाकू विमान, ड्रोन, और अन्य गोला-बारूद देश में ही बनाने की क्षमता है। ताकि देश की रक्षा के लिए किसी और देश पर निर्भर न रहना पड़े। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे भारत न केवल अपनी सुरक्षा मजबूत कर रहा है, बल्कि एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभर रहा है।उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सैन्य हवाई ठिकानों और परमाणु संयत्रों पर जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान में आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाना था। यह भारतीय सेना की कड़ी प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम जैसे स्वदेशी हथियारों का इस्तेमाल किया, जिसमें ब्रह्मोस ने दुश्मन के बंकरों और एयरबेस को निशाना बनाया, जबकि आकाशतीर ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया। इन हथियारों ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सफलताओं को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि भारत देश ने 70 प्रतिशत स्वदेशी हथियारों पर निर्भर हो चुका है। दुनिया भर ने भारत में निर्मित सैन्य उपकरणों का लोहा माना है। देश ने अब सैन्य हथियारों का निर्यात भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही खाद्य सामग्री तथा कपड़ों सहित अन्य उत्पादों पर भी भारत आत्मनिर्भर बना चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर देश की अलग पहचान बनाई है। विश्व के देशों को शांति का संदेश दिया है। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश की छवि को धूमिल करने में लगे हुए है।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बत्रा,पूर्व विधायक दीपक मंगला,पूर्व विधायक प्रवीण डागर,जिला अध्यक्ष प्रवीण बैंसला भी मौजूद रहे।

## समाचार

# ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 12949 वाहनों पर 2 करोड़ रुपए से अधिक का जुमार्ना



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** पलवल में पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले,बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड हवाबाजी एवं ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चलने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है जिसके मध्यनजर जिला पलवल पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये केवल सितम्बर माह में ही 12949 वाहनों के चालान करते हुए 374 वाहन इंपाउंड किए गए। चालान में ज्यादातर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 587,गलत लाइन के 6981, ट्रिपल राइडिंग 1992,गलत पार्किंग 541, बुलेट पटाखा मोटरसाइकिल 40, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी 92, ओवर स्पीड 671, बिना नंबर प्लेट 702 व बिना हेलमेट के चालान है। साथ ही इन पर 2,12,75,700 रुपए का जुमार्ना किया गया है ।पलवल पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि रोड एक्सीडेंट में होने वाली मौत के आंकड़े को कम किया जा सके और रोड एक्सीडेंट से होने वाली मौत से के घर का चिराग ना बुझे। उन्होंने जिला पलवल की आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों की पूरी तरह से पालना करें तथा अपने व औरों के जीवन को बचाएं, शराब का सेवन कर कभी वाहन ना चलाएं। पुलिस कप्तान पलवल ने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल पलवल पुलिस चालान ही कर रही है संभल जाएं अन्यथा इस अपराध के लिए मुकदमा का भी प्रावधान है।

## धोलागढ़ में परिवार को बंधक बनाकर लाखो रुपये की नगदी व आभूषण की लूट

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** गांव धोलागढ़ में बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने एक घर मे डकैती की। परिवार को बंधक बनाकर लाखो रुपये की नगदी व आभूषण लूट लिए और बाइक व स्कूटी को भी लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई। गांव धोलागढ़ निवासी ओमप्रकाश ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात वह, उसकी पत्नी और बेटा घर पर सो रहे थे। उसकी पत्नी व बेटा अलग कमरे में सो रहे थे और वह अलग कमरे में सो रहा था। इस दौरान उसे अपनी पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। तो वह उनके कमरे को तरफ गया। जहां उसने देखा कि चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने उसकी पत्नी व बेटे को बंदूक की नोंक पर बंधक बनाया हुआ था। एक बदमाश ने उसकी कनपटी पर भी बंदूक लगा दी और उसे भी बंधक बना लिया और उन्हें साइड में एक तरफ बैठा दिया। उन्होंने उनके हाथ - पैर टेप से बांध दिए, बाद में मुँह पर भी टेप लगा दी और किसी तरह का शोर करने पर गोली मारने की धमकी भी दी। उक्त बदमाशो ने उनसे अलमारी की चाबी ली और अलमारी में रखे 20 से 22 लाख रुपये की नगदी व 30 - 35 तोले सोने, चांदी के आभूषण लेकर स्कूटी व बाइक की चाबी लेकर उनकी स्कूटी और बाइक को भी लेकर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद जैसे तैसे करीब 15 से 20 मिनट में उन्होंने टेप को हटाया और बाहर आकर शोर मचाया। जिसके बाद वहां पड़ोसी भी आ गए। लेकिन तब तक सभी बदमाश वहां से फरार हो चुके थे। जिसके उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच में जुटी गई। पीड़ित की माने तो उक्त बदमाशों की भाषा से ऐसा लगता है कि यह सभी बदमाश लोकल ही है और पलवल के ही रहने वाले है।

## 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा प्रदेश स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह,नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी।** प्रदेश स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह का भव्य आयोजन आगामी 26 अक्टूबर को हिसार के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा विशिष्टद्द अतिथि के रूप में शामिल होंगे ।समारोह की तैयारियों व समाज के लोगों को निमंत्रण देने के लिए स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नामदेव सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार दूसरी बार नामदेव समाज (रोहिल्ला, टांक, दर्जी, छिम्बी) के साथ संत नामदेव जयंती मना रहे हैं।

# आर्य केंद्रीय सभा पलवल के सभासदों की हुई बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** आर्य केंद्रीय सभा पलवल के सभासदों की एक आवश्यक बैठक गायत्री महामंत्र के उपरांत आर्य समाज श्रद्धानंद न्यू कॉलोनी पलवल में आयोजित की गई। जिसमें शहर की सभी आर्य समाज की इकाइयों के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता आर्य केंद्रीय सभा के अध्यक्ष मास्टर कर्मवीर सिंह गहलोत ने की। तथा संयोजन प्रदीप सरदाना प्रधान आर्य समाज न्यू कॉलोनी ने किया। इस बैठक का खास उद्देश्य था कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस को व्यापक सत्तर पर मनाने हेतु विचार किया। जो आए हुए सभी सदस्यों ने आम सहमति से आगामी 19 अक्टूबर प्रातः 7:30 से 10:30 बजे आर्य समाज जवाहर नगर कैंप पलवल को चुन कर जिसमें 21 कुंडीय यज्ञ में आहुति देकर बड़े उल्लास के साथ शुभारंभ किया जाएगा। मास्टर कर्मवीर ने कहा कि यह कार्यक्रम एक भव्यता के साथ हमें मनाना चाहिए जिससे लोगो में एक आर्य समाज के प्रति प्रचार को और गति देकर वैदिक सकारात्मक संदेश जाना जाए। वह हम सभी के प्रयास से तभी संभव होगा। जब हम शहर गांव की सभी आर्य समाजों के साथ साथ अन्य धार्मिक, सामाजिक संस्थाओ को साथ जोड़कर उनको कार्यक्रम में आमंत्रित करें ।इससे वे भी उत्साहित होकर बढ़ चढ़कर महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के मिशन के विषय में जानकारी ले सकें। इस अवसर पर विशेष रूप से वैदिक भजन उपदेशों द्वारा ऋषि के मिशन का प्रचार भी होगा। जिसमें प्रमोद शास्त्री भजनोपदेशक, वैदिक विद्वान धमार्चार्य देशराज शास्त्री, ओम प्रकाश शास्त्री के मधुर ईश्वर भजनों द्वारा मंत्र मुग्ध किया जाएगा। बैठक में शहर के मोतीलाल गुप्ता पूर्व प्रधान आर्य समाज शहर, प्रदीप सरदाना, योगाचार्य गुरमेश सिंह गांधीनगर आर्य समाज, अशोक पाराशर, ज्ञानचंदआर्य, अशोक कुमार आर्य, वीरसिंहआर्य, मदन मोहन आर्य, जगबीर सिंह आर्य ,दौलत राम गुप्ता, बलवीर सिंह शास्त्री, गिरधारी लाल आर्य, कृपाराम आर्य, नारायण सिंह रावत, अशोक कुमार आर्य, सुरेंद्र कुमार चौधरी मंत्री केंद्रीय सभा पलवल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन कस्टमर केयर नम्बर सर्च करते समय रहें सावधान

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार नें जानकारी देते हुए बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में कम्पयुटर व मोबाईल के प्रयोग से कार्य करनें में तीव्रता आई है । आज के युग में तकनीक से घर बैठे कार्य करने में सुविधा व अन्य सुविधाएं मिली है परन्तु इसके साथ -2 कुछ साईबर क्रिमनल इसका फायदा उठाकर साईबर क्राईम को अंजाम देकर पैसों की धोखाधडी करते है । इस प्रकार के साईबर क्रिमनलों से खुद को बचानें के लिए जागरुकता ही आपको आपके साथ होनें धोखाधडी से बचा सकती है । इसलिए साईबर धोखाधडी से बचनें के लिए खुद को जागरुक रखें । साईबर क्रिमनल आपके फायदे के लिए बात करते हैं जिससे आप उनकी बातों में आकर उनके साथ अपनी निजी जानकारी व ओटीपी शेयर करते है और आपके साथ धोखाधड़ी हो जाती है इसलिए किसी भी अन्जान व्यकित के साथ किसी भी प्रकार की निजी जानकारी ओटीपी शेयर ना करें ना ही किसी लिंक इत्यादि पर क्लिक करें । इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति आपको फोन के द्वारा आपके फायदे के लिए बात करता है तो इस प्रकार के व्यक्ति से सावधान होकर बात करें औड्ट किसी भी प्रकार की निजी जानकारी या दस्तावेज इत्यादि उसके साथ साझां ना करें ।ऑनलाइन पैसो के लेन-देन करते समय रहे सावधान :- इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि आज खासकर ऑनलाइन एप (गुगल पे, फोन पे, पेटीएम) आदि के माध्यम से पैसे का लेन देन करते समय धोखाधडी होती है और सावधानी बरतकर इन एप का इस्तेमाल करें । क्योंकि आज कल साईबर क्रिमनल आपको फोन करके कहते है कि मैनें आपको आपके गुगल पें, फोन पें, पर पैसा ट्रांसफर कर दिया है जब आप (गुगल पे एप) को ओपन करके देखते है उसमें पैसे एक्सैपट से सम्बन्धित लिंक होता है ।जिस पर आप क्लिक करते है और आप अपना पिन डालते है जिससे पैसें आपके खाते से कट जाते है । इस प्रकार के किसी भी लिंक पर क्लिक ना करें ना ही किसी व्यक्ति के द्वारा कहनें पर किसी भी प्रकार की रिमोटली एप (एन डैस्क, टीम व्युवर) इन्सटाल ना करें ।

# समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई, कई मामलों का हुआ निपटारा: डीसी अखिल पिलानी



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** डीसी अखिल पिलानी ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर ही कई मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। शिविर के दौरान सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी सुधार, रोजगार, पेंशन स्वीकृति, तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। डीसी ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज आयोजित समाधान शिविर में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई है।

डीसी अखिल पिलानी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से शासन-प्रशासन और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत बनाने में सहायता मिल रही है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविरों को प्रभावी मंच बनाते हुए जनता की शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें, ताकि शासन की योजनाएं और सेवाएं वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शी व सुगमता से पहुंच सकें।

# प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी पानीपत में शिक्षामंत्री की कोठी का 16 अक्टूबर को करेंगे घेराव



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश तेवतिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी पिछले 14 वर्षो से प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहें कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों की प्रदेश सरकार के नियमों के तहत मैरिट के आधार सीडेक मोहाली का एग्जाम देकर भर्ती हुई थी लेकिन बड़ी ही विडंबना की बात हैं कि स्कूलों में शिक्षा देने वाले आज नाममात्र वेतन पर काम करने पर मजबूर हैं और वो वेतन भी पिछले चार महीनों से नहीं मिला हैं जबकि ये त्यौहार का महीना कहा जाता हैं और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी आज खाली हाथ खड़ा हैं परन्तु आज कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी मायूस और निराश हैं और सरकार के खिलाफ गुस्सा हैं जिला सचिव रवि दत्त ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों कच्चे कर्मचारियों के लिए सेवा सुरक्षा देकर बड़ी सौगात दी थी लेकिन एक वर्ष से ज्यादा बीत जाने के बाद भी कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें हैं अभी तक शिक्षा विभाग कि और से कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों के लिए जॉब सुरक्षा का कोई भी पत्र जारी नहीं किया हैं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी अपनी मनमानी कर रहें हैं जिस कारण प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों में भारी रोष हैं और अपनी मांगो को लेकर पानीपत में 16 अक्टूबर को शिक्षामंत्री महिपाल डांडा की कोठी का घेराव करेंगे।

# कुतुबगड़ में पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती के लिए किया गया हवन पूजा



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती हवन पूजा करके इंडरी खंड ग्राम कुतुबगड़ में मनाई गई। जिसमें आचार्य राजेश ने कहा कि जन्म से हम सब शूद्र हैं। संस्कारों से हमारा दूसरा जन्म होता हैं। जिससे हम द्विज कहलाते हैं ।वेद पढ़ने पढ़ाने से हम विप्र पंडित बनते हैं और ब्रह्म और जीवात्मा परमात्मा जानने से ब्राह्मण बनते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में भी वर्ण होते हैं पैरों से शूद्र, पेट से वैश्य, भुजाओं से क्षत्रिय, शिर से ब्राह्मण होता हैं। जो व्यक्ति पढ़ा लिखा है वह ब्राह्मण की श्रेणी में आता हैं। आचार्य राजेश ने बताया कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। जो जिस कर्म को करता हैं वह उसी वर्ण में आ जा सकता है। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि डाकू नहीं थे और न रत्नाकर थे। महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण थे वाल्मीकि रामायण में खुद के कहते हैं कि मैंने पहले मन से कर्म से वचन से पहले कभी पाप नहीं किया हैं। इस अवसर पर भीम सिंह, दीपचंद, नवीन बघेल, चन्दर, देवेंदर,राकेश,नवनीत, प्रेम आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/6/2025 8:16 PM Page 1



# भाकियू अराजनैतिक द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे लेकर भेज पोस्टकार्ड



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारती किसान यूनियन अराजनैतिक दल द्वारा मुख्यमंत्री से मांग करते हुए गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर होकर गुजरे इसको लेकर 6 अक्टूबर 2025 को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी द्वारा 1000 से भी अधिक पोस्टकार्ड प्रदेश के मुखिया के नाम भेजे। पोस्टकार्ड भेजने का मुख्य उद्देश्य की सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे जो बनाया जा रहा है वह हमारे जिले बिजनौर में होकर निकले जिससे हमारे जिले का भी विकास हो। इसी को लेकर नगर के मुख्य डाकघर पर प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर 1000 पोस्टकार्ड डाकघर द्वारा भेजने का कार्य किया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ओर से जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुंदर सिंह बाबा रामपाल तहसील महासचिव महिपाल सिंह आरिफ सिद्दीकी इमरान खान अनवर खान संजीव कुमार सतीश शर्मा फैज खान अनुज त्यागी नामित त्यागी और यूनियन मीडिया प्रभारी रोहित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत ब्लॉक जलीलपुर में किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत 6 अक्टूबर 2025 को महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर द्वारा श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज ग्राम जलीलपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181
2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090
3. आपातकालीन नंबर 112
4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102
5. एंबुलेंस नंबर 108
6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098।
7. साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया गया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 05 के अंतर्गत 6 अक्टूबर 2025 को कस्बा व थाना चांदपुर में मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था जिसमें बालिकाओं द्वारा जागरूकता अभियान प्रभात फेरी में हिस्सा लिया गया बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181
2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090
3. आपातकालीन नंबर 112
4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102
5. एंबुलेंस नंबर 108
6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098
7. साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया गया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया।

# द हेज़लमून स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 12वीं डिस्ट्रिक्ट बिजनौर रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** 5 अक्टूबर को नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित 12वीं डिस्ट्रिक्ट बिजनौर रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में द हेज़लमून स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 7स्वर्ण, 2 रजत तथा 4 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**श्रेणी : इन लाइन में**

मेहुल वैश्य (कक्षा चार) ने (500 मी., 200 मी.) में 2 स्वर्ण पदक, आरोशी गर्ग (कक्षा दो) ने (500 मी., 200 मी.) में 2 स्वर्ण पदक, बुरहान मलिक (कक्षा आठ) ने (500 मी., 200 मी.) में 1 स्वर्ण पदक,(500 मी., 200 मी.) में 1 कांस्य पदक, आकर्ष अग्रवाल (कक्षा पाँच) ने (200 मी., 500 मी.) में 1 स्वर्ण पदक,(200 मी., 500 मी.) में 1 कांस्य पदक, अर्थव बंसल (कक्षा पाँच) ने (500 मी., 200 मी.) में 1 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक प्राप्त किए।

**श्रेणी : क्राड में**

उजैर मलिक (कक्षा चार) ने (500 मी., 200 मी.) में 2 रजत पदक प्राप्त किए।

**श्रेणी : रोलर में**

चैतन्य तोमर (कक्षा तीन) ने (200 मी.) में 1कांस्य पदक प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रबंधिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# फादरसन पब्लिक स्कूल की स्केटिंग टीम ने जीते पदक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल ने नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में हाल ही में आयोजित 12वीं जिला रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हमारे स्कूल की स्केटिंग टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं। इस चैंपियनशिप में अदम्य मित्तल ने 200 मीटर और 500 मीटर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते हैं। अविराज मित्तल ने 200 मीटर में रजत पदक और 500 मीटर में स्वर्ण पदक जीते हैं। विराज ने 500 मीटर में रजत पदक और 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीते हैं।

स्कूल के प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी ने कहा, हमें अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर यह पदक जीते हैं। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे।

**प्रशिक्षकों की भूमिका**

इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने में कोच प्रिया सिंह और आदित्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने अपनी स्केटिंग कौशल में सुधार किया और पदक जीतने में सफल रहे। स्कूल की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा, हमारे स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर यह पदक जीते हैं। हमें उन पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करेंगे।

**स्केटिंग के फायदे**

स्केटिंग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है। यह आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव कम करने में मदद करता है। स्केटिंग करने वाले छात्रों में आत्मविश्वास और साहस की भावना बढ़ती है, जो उनके जीवन में आगे बढ़ने में मदद करती है।

# रैली निकालकर वन्य प्राणीयों की सुरक्षा का संदेश दिया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बढ़ापुर(बिजनौर)।** वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के तहत पाखरो रेंज के सीमावर्ती ग्राम रामजीवाला में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने गांव में वन्य प्राणी सुरक्षा जागरुकता रैली निकालकर वन्य प्राणीयों की सुरक्षा का संदेश दिया। सोमवार को वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पाखरो रेंज के सीमावर्ती ग्राम रामजीवाला में ग्रामीणों व ग्राम के संविलियन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव में वन्य प्राणी सुरक्षा को लेकर जागरुकता रैली निकाली और ग्रामवासियों को वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए जागरुक किया। रैली की समाप्ति पर उत्तराखंड वाइल्डलाइफ वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से संविलियन विद्यालय में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को उत्तराखंड वाइल्डलाइफ वेलफेयर फाउंडेशन के महासचिव होशियार सिंह सिसोदिया, सोना नदी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह चकरायत, पाखरो रेंज के वन दरोगा हरीश कुमार ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

# ट्रेन के आगे कूद आत्महत्या की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** गृह क्लेश से तंग आकर एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूद आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टर्माटम के लिए बिजनौर भेज दिया। घटना से पूरिजनों में कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा निवासी शेर सिंह पुत्र मूला 40 वर्ष को 15 साल पहले उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी उसका एक लड़का था उसे अपने साथ ले गई थी। तभी से शेर सिंह शराब पीने का आदी हो गया था। तथा गृह क्लेश से तंग आकर सोमवार की पूर्वाहन ग्यारह बजे करीब शेर सिंह ने रमपुरा के पास रेलवे ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन के सामने कुद कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे उसकी शिनाख्त कराई, मौके पर जमा ग्रामीणों ने मृतक की सूची पहचान शेर सिंह के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया । घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा मासिक बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की मासिक बैठक संगठन के कार्यलय निकट तहसील चांदपुर पर हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की और संचालन जिलाम हासचिव ने किया मीटिंग मैं संगठन के संरक्षक विनोद कुमार शर्मा ने संगठन के सभी पत्रकार साथियो से संगठन हित मैं कार्य करने और अपनी लेखनी क़ो मजबूत करने पर बल दिया उन्होंने कहा की संगठन मैं अपने परिचित पत्रकारों क़ो जोड़े जिला मंहासचिव मोहम्मद अरशद ने सभी साथियो से मीटिंग मैं समय से पहुंचना चाहिए जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि ईश्वर की कृपा और सभी बड़ो के आशीर्वाद से मैं अकेला ही कई संगठनों पर भारी हु मैं किसी भी समय अपने साथियो के खड़ा हुँ किसीका सम्मान नहीं गिरने दूँगा मीटिंग के अंत मैं मौलाना शाहिद क़ासमी क़ो जिला कोषाध्यक्ष सर्वसम्मिति से बनाया गया ई मीटिंग मैं अनिल शर्मा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा संरक्षक जिलामंहासचि मोहम्मद मोहम्मद अरशद अमित कुमार शर्मा जोगेंद्र सिंह मौलाना शाहिद क़ासमी शक्ति शर्मा बहादुर सहा जफर इंतजार अहमद फैसल शेख आदि पत्रकार उपस्थित रहे

# भाकियू लोक शक्ति बिजली विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में सैकड़ो किसान बिजली विभाग नजीबाबाद डिवीजन कार्यालय पर पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू किया द्य जिसमें डिवीजन से जुड़े सभी बिजली घर के उपभोक्ताओ ने अपनी अपनी समस्या और मांगे रखी।

जिसमें मुख्य मांगे -

33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सौफत पुर के सभी लाइनमैन का स्थानांतरण दूसरे बिजली घरों पर किया जाएद्य जर्जर लाइनों को ठीक किया जाएद्य खराब बिल संशोधन कर सही बिल निकाले जाए।

सभी मांगों के निस्तारण के लिखित आश्वासन पर धरना समाप्त हुआद्य जिसमें मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अमित कुमार अधिशासी अभियंता रामकुमार सिंह एसडीओ राहुल यादव ने किसानों के बीच पहुंचकर सभी मांगों को लिखित रूप से मांग लिया

और आश्वासन दिया के आने वाले समय में किसी भी उपभोक्ताओं और किसानों को बिजली विभाग से संबंधित समस्या के समाधान हेतु परेशान नहीं होने दिया जाएगाद्य मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, महिला जिला अध्यक्ष मोनिका चौधरी,अजय पाल, भूपेंद्र,नरेश ,प्रीतम ,अरुण, जगन अली, अभिनव, नितिन ,अवधेश, टिकम, फुरकान, कृष्णा, भीम पाल, विनीत राणा, सुलेमान, आदि किसान और उपभोक्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में बैठक



*** ग्रामीण स्तर से जिला स्तर तक आयोजित होने वाली मंथन गोष्ठियों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

*** ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगम के वार्डों में अधिकतम जनसहभागिता के साथ आयोजित की जाए गोष्ठियां**

*** जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील, जनभागीदारी से निर्मित होने वाले विजन डाक्यूमेंट 2047 में दें अधिकतम फीडबैक**

*** जनपद को समर्थ, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए आमजन की अधिकतम सहभागिता आवश्यक**

*** आमजन को अपना बहुमूल्य सुझाव देने के लिए किया जाए प्रोत्साहित**

*** 31 अक्टूबर के बाद नहीं दे पाएंगे सुझाव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्षों, सदस्यों, ब्लॉक प्रमुखों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों, नगर निकायों के अध्यक्ष व सदस्यों, ग्राम प्रधानों एवं सदस्यों के साथ किये गये संवाद के क्रम में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बैठक आहूत की गयी। श्री बंसल ने कहा कि जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगम के वार्डो में अधिकतम जनसहभागिता के साथ आमजनों को संवेदीकृत करते हुए रोस्टर बनाकर एक वृहद गोष्ठी करना सुनिश्चित करें। गोष्ठी जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में वृहद रूप से आयोजित करते हुए फीडबैक दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसमें जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहें। जनपद फीडबैक देने के संबंध में सर्वोच्च स्थान पर रहे। सभी ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह के अन्तर्गत बैठक करवाकर फीडबैक दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। प्रयास किया जाए कि प्रत्येक घर से फीडबैक आए। इसमें सभी वर्गो के लोग सम्मिलित हों। पुरूष, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, संभ्रान्तजन, सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हों जिससे विचारों में समग्रता रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि शताब्दी मिशन अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति की थीम पर चिन्हित 12 सैक्टरों कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टैक्नोलोजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन के तहत अपने मत को अधिक से अधिक जनभागिदारी से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 में समृद्धि का शताब्दी पर्व मनाने के लिए अधिक से अधिक फीडबैक क्यूआर कोड या वेबसाइट के माध्यम से देकर विजन डाक्यूमैंट बनाने में सहयोग दें। श्री बंसल ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी से विजन डाक्यूमेंट बनाना माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल है। यह एक साझा लक्ष्य है जोकि जनता के विश्वास और सक्रिय सहभागिता से आगे बढता है। यह परिकल्पना हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चन्द्रवीर सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर में कार सवार युवक व युवती की मौत, पति पत्नी पत्नी गंभीर




*** थाना शहर कोतवाली इलाके के बैराज मार्ग पर हुआ हादसा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** थाना शहर कोतवाली इलाके में आज सुबह मध्य गंगा बैराज पुल के पास हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक व युवती की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मृतक युवक का बड़ा भाई और भाभी गंभीर रुप से घायल हो गये।

नजीबाबाद रोड स्थित इंद्रलोक कॉलोनी में रहने वाले शिवकुमार के पुत्र मयंक राजपूत, उसकी पत्नी रिया, छोटा पुत्र लक्ष्य राजपूत (28 वर्ष) व लक्ष्य की दोस्त प्रियंका कार द्वारा दिल्ली से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गंगा बैराज पुल के पास उनकी कार में तेज़ी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे लक्ष्य राजपूत व प्रियंका की मौत हो गई। जबकि मयंक व उनकी पत्नी रिया गंभीर रुप से घायल गये। घायलों को बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतक लक्ष्य राजपूत के पिता शिव कुमार कृष्णा कॉलेज में गार्ड के रूप में काम करते हैं। दुर्घटना की सूचना पर इंद्रलोक कॉलोनी में शोक की लहर दौड़ गई।

कालोनी निवासी ए.के. सिह, अरविंद सिंह, भूदेव सिंह, हेमेंद्र सिंह, राजीव अहलावत, दिनेश तोमर, पियूष गुप्ता, राजकुमार राठी, अश्वनी राजपूत, मा. अनिल, योगराज सिंह, कपिल, कृष्णा कॉलेज के मनोज सिंह आदि ने हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना और परिजनों को सांत्वना दी।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉ0 उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को कौशल विकास से संबधित जानकारी दी गई। डॉ0 (श्रीमती) अखिलेश ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास में छात्राएं कढ़ाई, सिलाई,बुनाई आदि भली-भांति सीखकर उन्हें अपने जीवन यापन का साधन बना सकती हैं। छात्राएं स्वाबलंबित होकर न केवल अपना भला करती है अपितु अपने घर में भी योगदान देकर अपने माता-पिता की आर्थिक सहायता कर सकती हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ घरेलू कार्यो के महत्व को भी समझाते हुए उन्हें बताया कि पाक कला एक ऐसी कला है

जिससे न केवल हम अपने परिवार जनों के लिए भोजन बनाते हैं बल्कि हम इस पाक कला को अपनी जीविका का माध्यम भी बना सकते हैं।आधुनिक परिवेश में हम देखते हैं कि बड़े-बड़े होटल में पुरुष भी शेफ का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त साज सज्जा से संबंधित कार्य भी होते हैं जैसे इंटीरियर डिजाइनिंग आदि। प्राचार्या महोदया ने कहा कि इन सभी कार्यो को सीख कर हम अपना घर तो अच्छे से चला ही सकते हैं साथ ही घर बैठे रोजगार भी बना सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ0 मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत, डॉ0 अमित पुण्डीर एवं मोहम्मद सलीम आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# ऑनलाइन गोष्ठी में प्रतिभाग किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह ने आज अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ द्वारा, National Cyber Security Awareness Month के अंतर्गत साइबर जागरूकता के सम्बन्ध में आयोजित ऑनलाइन गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया ।

गोष्ठी में थाना स्तर पर अभियान चलाने तथा थाना पर पूर्व से गठित साइबर हेल्पडेस्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर साइबर अपराध के प्रति लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया ।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में साइबर जागरूकता संबंधी जानकारी भी समाहित कर प्रचार प्रसार करने हेतु किया गया निर्देशित।

# मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर/ मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 योगी आदित्य नाथ द्वारा प्रदेश में नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ किया गया है। जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को और अधिक सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर के समस्त अधिकारियों को मिशन शक्ति 5.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम व एन्टी रोमियो टीम द्वारा कस्बा मीरापुर में बाजार से सामान लेने आए दंपति से उनकी डेढ़ साल की बच्ची गुम हो जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्ची को शीघ्र ही ढूंढ कर उसके परिवारजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा कृत इस कार्य के लिए बच्ची के परिजनो द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया तथा उपस्थित लोगो द्वारा पुलिस के इस कार्य की प्रसंशा की गई। उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र के समस्त अधिकारियों को मिशन शक्ति 5.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर एन्टी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा गत रोज दो अक्टूबर को ग्राम मिर्जापुर पोल में भ्रमण के दौरान मनचलो को रोककर पूछताछ की गई तथा संदिग्ध गतिविधि होने के कारण गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस में चालान किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र टीम के इस सराहनीय कार्य की जनता द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी ।

# लूट व डकैती का एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी व सरसावा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लूट व डकैती का एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल, डाक्टरो द्वारा मृत घोषित मृतक बदमाश के कब्जे से 02 पिस्टल .32 बोर, 18 खोखा/10 जिंदा कारतूस .32 बोर, लूटे गये 11,700/- रुपये नगद, 01 कुण्डल (पीली धातु) थाना गागलहेड़ी क्षेत्र से लूटी 01 मोटरसाइकिल एंव घटना में प्रयुक्त 01 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की है।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में रात्रि को सूचना मिली की थाना गागलहेड़ी क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 शातिर लूटेरो ने एक व्यक्ति को पिस्टल दिखाकर डरा धमकाकर उससे मोटसाइकिल लूट ली है तथा गागलहेडी से यमुनानगर की तरफ अम्बाला हाईवे से भाग रहे है। थानाध्यक्ष गागलहेड़ी मय पुलिस फोर्स बदमाशों का पीछा किया गया, इस सूचना पर थानाध्यक्ष सरसावा मय पुलिस टीम के देहरादून अम्बाला हाईवे पर ग्राम अगवानहेडा कट के पास निर्माणाधीन इमारत के पास सघन चैकिंग शुरू कर दी कुछ समय बाद गागलहेडी/सहारनपुर की ओर से 02 मोटर साईकिल पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया तो बदमाश पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुये देहरादून अम्बाला हाईवे से ग्राम अगवानहेडा को जाने वाले कच्चे रास्ते की ओर खेतो की तरफ भागने लगे, इस पर थानाध्यक्ष गागलहेड़ी व थानाध्यक्ष सरसावा मय फोर्स द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया, करीब 200 मीटर की दूरी पर बदमाशों की मोटर साइकिल अनियन्त्रित होकर गिर गयी ओर दोनों बदमाश आड़ लेकर पुलिस पार्टी पर फायरिग करने लगे।

## सम्पादकीय

# रेवड़ियों के साझेदार पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने 16 जुलाई, 2022 को पहली बार यह संवेदनशील बयान दिया था कि जो दल और नेता रेवड़ियां बांट कर वोट बटोरने में लगे हैं, इनसे एक दिन देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो सकती है। प्रधानमंत्री के कथन के भाव यही थे, बेशक शब्द अलग थे। उसके बाद प्रधानमंत्री ने दसियों बार इस बयान को दोहराया है। प्रधानमंत्री व्यापक संदर्भ में बिल्कुल सही कहते रहे हैं, क्योंकि देश पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए के कर्ज का बोझ है। विश्व बैंक ने दुनिया के सबसे कर्जदार देशों का आकलन दिया है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, लेकिन कर्ज का ब्याज चुकाने में ही 3.25 लाख करोड़ रुपए निकल जाते हैं। यकीनन यह बहुत बड़ी राशि है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने देश पर कर्ज का कभी खुलासा नहीं किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां सभी के भीतरी यथार्थ जानती हैं। विडंबना यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने और अंततः गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री (कुल तीसरी बार) बनने के बाद वह अपने ही कथन को झुठलाते हुए विभिन्न विधानसभा चुनावों में, राज्य सरकारों द्वारा लगातार रेवड़ियां घोषित करने और बांटने में साझेदार रहे हैं। यह चारित्रिक और वैचारिक विरोधाभास है। ताजातरीन मामला बिहार का है, जहां महिला रोजगार योजना के तहत 10, 000 रुपए एकमुश्त प्रधानमंत्री ने 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर किए हैं। अभी 25 लाख और महिलाओं को भी यह राशि दी जानी है। यानी कुल 10, 000 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री और बिहार की एनडीए सरकार ने उस रणनीति के तहत बांटे हैं, ताकि महिलाओं के अधिकाधिक वोट हासिल किए जा सकें। इस संदर्भ में एक और यथार्थ सामने आया है कि यह राशि या तो बैंक ही कर्ज की किस्त के तौर पर काट लेगा अथवा सूदखोर अपना ब्याज लेने धमक पड़ेगा अथवा कोई और कारण होगा कि बहुधा महिलाएं खाली हाथ ही रहेंगी! इस योजना पर 2.10 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। सवाल है कि पैसा कहां से आएगा? पैसा पेड़ों पर उगता है क्या? खुद प्रधानमंत्री मानते रहे हैं, लेकिन ऐसी रेवड़ियों से नागरिकों को परजीवी क्यों बनाया जा रहा है? बिहार में आर्थिक विरोधाभास गजब का है कि राज्य का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपए का है और कर्ज 3.70 लाख करोड़ रुपए का है। बीते दिनों अखबारों में हरियाणा सरकार का विज्ञापन छपा था। अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी करीब 22 लाख लाडो लक्ष्मी को 2100 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है। हरियाणा सरकार पर भी मार्च, 2025 तक 3.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था। तय है कि कर्ज बढ़ रहा होगा! पंजाब में फरवरी, 2022 में चुनाव हुए थे। तब आम आदमी पार्टी ने प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रुपए प्रति माह देने की रेवड़ी की घोषणा की थी। अब सितंबर, 2025 समाप्ति की ओर है, लेकिन आप सरकार अपना वायदा पूरा नहीं कर पाई है, क्योंकि वर्ष 2025-26 में उस पर 4.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज का अनुमान है। महाराष्ट्र में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार है। वहां चुनावी मुद्दा बना-लाडली बहिना। बेशक वहां की सरकार 2100 रुपए प्रति माह पात्र महिलाओं को दे रही है, लेकिन घाटे का बजट होने के कारण 26.34 लाख महिलाओं के नाम काटने पड़े। महाराष्ट्र सरकार पर मार्च, 2026 तक 9.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज हो सकता है।

## विशेष

# मन की बात भारत सहित दुनिया में चर्चा का विषय

-सईद अहमद-

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मुखिया हैं और उन्होंने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया है। यह कार्यक्रम आज घर-घर में लोकप्रिय है। हर महीने के अंतिम रविवार को लोग उत्सुकता से इसका इंतजार करते हैं। शुरूआत में इसे विपक्ष ने हल्के में लिया, लेकिन धीरे-धीरे यह कार्यक्रम एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है।

### अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद और स्वदेशी पर बल

मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। अमेरिकी टैरिफ नीतियों से भारत के निर्यात पर दबाव पड़ा है, फिर भी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि देशवासी भारत में बने सामान खरीदें। यह केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रश्न भी है।

### संस्कृति और आस्था को वैश्विक पहचान

कार्यक्रम में मोदी ने भारत की संस्कृति और परंपराओं को भी स्थान दिया। उन्होंने छठ पर्व को न केवल राष्ट्रीय धरोहर बताया, बल्कि इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास करने की बात कही। इस पर्व में हजारों महिलाएँ परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं, जो आस्था और विश्वास का अनूठा उदाहरण है।

> **मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। अमेरिकी टैरिफ नीतियों से भारत के निर्यात पर दबाव पड़ा है, फिर भी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि देशवासी भारत में बने सामान खरीदें। यह केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रश्न भी है।**

### लता मंगेशकर और शहीदों को श्रद्धांजलि

मन की बात में प्रधानमंत्री ने भारत की महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया और उनके गीतों को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला बताया। साथ ही उन्होंने शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस का स्मरण किया। भगत सिंह ने कहा था कि फाँसी नहीं, मुझे गोली मारो-उनका यह साहस आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है।

### गांधी, खादी और राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता

गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री ने लोगों से खादी और स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का सपना है। विजयादशमी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का दिन भी उन्होंने याद किया, जिसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़कर देखा जाता है।

### आम नागरिक और असाधारण योगदान

मन की बात केवल बड़े मुद्दों तक सीमित नहीं रहती। मोदी ने इसमें असम के गायक जुबिन गर्ग, तमिलनाडु के अशोक जगदीशन प्रेम सेल्वाराज (जिन्होंने घास और केला फाइबर से योगा मैट बनाकर युवाओं को रोजगार दिया), और भारतीय नौसेना की बहादुर महिला अफसरों का उल्लेख किया। इस तरह यह कार्यक्रम प्रतिभावान और साहसी व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम भी बन गया है।

### निष्कर्ष

मन की बात अब केवल एक रेडियो शो नहीं रहा, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद का सशक्त मंच बन चुका है। यह कार्यक्रम सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के साथ-साथ आम नागरिकों को प्रेरित करने का कार्य करता है। यही कारण है कि आज न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में यह चर्चा का विषय है।

# अभी भारत के लिए दवा टैरिफ बेअसर

-डा. जयंतीलाल भंडारी-

हाल ही में 26 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फार्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। कहा गया है कि इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं। इनमें आयरलैंड, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देश प्रमुख हैं। गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। ब्रांडेड दवाई वे दवाई होती हैं, जो मूल दवाई होती है जिसकी खोज किसी फार्मा कंपनी ने रिसर्च के बाद की होती है।

इसे बनाने वाली कंपनी को एक तय समय जो कि आमतौर पर 20 साल का होता है, के लिए पेटेंट अधिकार मिल जाता है। इस दौरान कोई भी दूसरी कंपनी उस फॉमूर्ले का इस्तेमाल करके वह दवाई नहीं बना सकती। जबकि जेनेरिक दवाई वो दवाई होती है जो ब्रांडेड दवाई का पेटेंट खत्म होने के बाद बाजार में आती है। यह ब्रांडेड दवाई के समान फॉमूर्ले का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉमूर्ले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक-तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ ह्यअमेरिका फर्स्टह्न और ह्यमेक इन अमेरिकाह्न नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक

> **वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के बारे में रणनीति बनानी होगी। दवाई उद्योग के साथ आईटी के एक्पर्टाइज और डिजिटल एक्सपर्टाइज को समन्वित रूप से काम करना होगा। दवाई उद्योग से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और कारगर बनाने के लिए, दवाई विनिर्माण क्षेत्र और फार्मा पार्क रणनीति को अधिक सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण बनाना होगा।**

दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों के द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80 से 90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था।

दरअसल भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। लेकिन आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फार्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फार्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा। गौरतलब है कि भारत दुनिया की फामेर्सी कहा जाता है और इस समय भारत 200 से अधिक देशों को दवाइयों का निर्यात करता है। देश में 3000 से अधिक दवाई कंपनियां हैं और 10500 से अधिक क्रियाशील दवाई उत्पादक इकाइयां हैं। भारत दवाई उद्योग उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना और विभिन्न देशों के साथ हो रहे मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की बदौलत फार्मा क्षेत्र का कारोबार वर्तमान 55 अरब डॉलर के आकार से छलांगे लगाकर अगले दो साल में 130 अरब डालर तक पहुंच सकता है। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निमार्ता कंपनियों के द्वारा की जाती है। निश्चित रूप से ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाई पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ और आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों पर किसी भी प्रकार के टैरिफ की आशंका के बीच हमें कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को दवाई निर्माण के लिए अपनी लागत-कुशल रणनीति पर फोकस रहना होगा। देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। सरकार के द्वारा फार्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाना होगा। भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे।

वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के बारे में रणनीति बनानी होगी। दवाई उद्योग के साथ आईटी के एक्पर्टाइज और डिजिटल एक्सपर्टाइज को समन्वित रूप से काम करना होगा। दवाई उद्योग से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और कारगर बनाने के लिए, दवाई विनिर्माण क्षेत्र और फार्मा पार्क रणनीति को अधिक सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण बनाना होगा। स्वदेशी फार्मास्युटिकल अनुसंधान को प्रोत्साहित करना होगा। इस हेतु नियामकों और दवा अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना होगा और वैश्विक नियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय बनाना होगा। फार्मा विकास के लिए अनुसंधान क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए तत्परतापूर्वक आगे बढ़ना होगा। यद्यपि 26 सितंबर को ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाई पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ फिलहाल भारत के लिए बेअसर हैं, लेकिन भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फार्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे भारत का जो दवाई उद्योग वर्तमान में 55 अरब डॉलर के स्तर पर है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। इससे रोजगार बढ़ेंगे, निर्यात बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था लाभान्वित होगी।

# सत्य, अहिंसा व सादगी के दो अमर प्रहरी

-डा. सतपाल-

भारत का इतिहास उन महापुरुषों से आलोकित है जिन्होंने अपने जीवन, आदर्श और कर्म से न केवल राष्ट्र की तकदीर बदली, बल्कि पूरी मानवता को नई दिशा दी। संयोग से 2 अक्टूबर का दिन हमें एक साथ दो ऐसे महापुरुषों की याद दिलाता है जिन्होंने भारत के जीवन और भविष्य को नया स्वरूप दिया। वे दो महापुरुष कोई और नहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री हैं। एक ओर जहां गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के अद्भुत शस्त्र से ब्रिटिश साम्राज्यवाद को चुनौती देकर भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, वहीं दूसरी ओर शास्त्री जी ने अपनी सादगी, ईमानदारी और कर्मठता से स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और परिश्रम का मंत्र दिया। यही कारण है कि 2 अक्टूबर केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श और स्वतंत्र भारत के राष्ट्रनिर्माण की दिशा का संगम है। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ। एक सामान्य व्यापारी परिवार में जन्मे इस बालक ने आगे चलकर यह सिद्ध किया कि नेतृत्व केवल पद या धन से नहीं, बल्कि नैतिक बल और जनता के विश्वास से भी किया जा सकता है। गांधीजी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वराज और स्वदेशी जैसे व्यावहारिक तथा वास्तविक सिद्धांतों पर आधारित रहा।

दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह के प्रयोग से लेकर भारत में असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक उन्होंने पूरे विश्व को दिखाया कि जब जनशक्ति नैतिकता और अहिंसा के साथ खड़ी हो जाती है तो कोई भी सत्ता उसे दबा नहीं सकती। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल राजनीतिक लक्ष्य तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सामाजिक सुधार और नैतिक पुनर्निर्माण से भी जोड़ा। उनका विश्वास था कि वास्तविक स्वराज तभी संभव है जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो और समाज से छुआछूत, अस्पृश्यता तथा गरीबी जैसी बुराइयां समाप्त हों। हालांकि 1930 के दशक में जब स्वतंत्रता संघर्ष निर्णायक दौर में था, तब वर्ष 1932 के कम्युनल अवार्ड को लेकर यरवदा जेल में अनशन के चलते डा. भीम राव अंबेडकर का उनसे वैचारिक मतभेद रहा। खैर उन्होंने खादी व स्वदेशी पर काफी बल दिया। चरखा उनके लिए केवल सूत कातने का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव का प्रतीक था। ह्यआंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगीह्न, उनकी यह बात आज भी हिंसा और आतंकवाद से जूझ रही दुनिया के लिए मार्गदर्शक का काम करती है।

> **दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह के प्रयोग से लेकर भारत में असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक उन्होंने पूरे विश्व को दिखाया कि जब जनशक्ति नैतिकता और अहिंसा के साथ खड़ी हो जाती है तो कोई भी सत्ता उसे दबा नहीं सकती। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल राजनीतिक लक्ष्य तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सामाजिक सुधार और नैतिक पुनर्निर्माण से भी जोड़ा।**

इसी दिन वर्ष 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ। उनका बचपन संघर्षों से भरा था। पिता का जल्दी निधन हो गया, परिवार की आर्थिक स्थिति भी साधारण रही, किंतु विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने शिक्षा पूरी कर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया तथा कई बार जेल भी गए। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने देश की प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारियां संभालीं। पहले परिवहन मंत्री, फिर गृहमंत्री और अंततः 1964 में प्रधानमंत्री बनने तक का सफर उनकी काबीलियत का उदाहरण है। अपने प्रधानमंत्री काल में उन्हें अनेक कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा। एक ओर जहां देश भयंकर खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था, तो वहीं दूसरी ओर 1965 में भारत-पाक युद्ध उनके लिए चुनौती थी। इन कठिनाइयों में भी उन्होंने देशवासियों को आत्मविश्वास और साहस से आगे बढ़ाया। सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और किसानों को अन्न उत्पादन हेतु प्रेरित करने के लिए उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक बन गया। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, क्योंकि किसी राष्ट्र की सुरक्षा एवं अन्न-समृद्धि ही उसकी रीढ़ है। सादगी और ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन में कई अद्भुत समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों व्यक्तियों ने सादगीपूर्ण जीवन जिया तथा ईमानदारी और नैतिकता को अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। गांधी जी ने जहां स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया, तो वहीं शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा देकर उस आत्मनिर्भरता की नींव को और मजबूत किया।

एक ओर गांधी जी ने स्वतंत्रता की नींव रखी तो दूसरी तरफ शास्त्री जी ने स्वतंत्र भारत के आत्मसम्मान को ऊंचाई तक ले जाने का काम किया। आज जब हम 2 अक्टूबर का स्मरण करते हैं, तो यह केवल औपचारिक आयोजन या सरकारी छुट्टी भर नहीं होना चाहिए।

बल्कि यह दिन हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। संयुक्त राष्ट्र ने गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित कर दुनिया को शांति और सहअस्तित्व का संदेश देकर वैश्विक पटल पर गांधी जी के सत्य और अहिंसा के हथियार का लोहा माना। वहीं शास्त्री जी का दिया नारा आज भी सैनिकों और किसानों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। यदि हम इस दिन को वास्तव में सार्थक बनाना चाहते हैं तो हमें अपने जीवन में गांधी जी की अहिंसा, सत्यनिष्ठा, स्वच्छता और स्वदेशी की भावना को अपनाना होगा, साथ ही शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता को भी जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

वर्तमान में भारत आतंकवाद, भ्रष्टाचार, असमानता, हिंसा और पर्यावरण संकट जैसी कई चुनौतियों से जूझ रहा है। इनसे निपटने के लिए गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्श ही सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। गांधी जी का स्वच्छता पर बल आज स्वच्छ भारत अभियान की आत्मा है, उनकी आत्मनिर्भरता की शिक्षा आत्मनिर्भर भारत के लिए मार्गदर्शक है। इसी तरह शास्त्री जी का किसानों और जवानों के लिए दिया गया आह्वान आज भी देश की मजबूती का आधार है।

निस्संदेह, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ऐसे दो सपूत हैं जिन पर न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया गर्व करती है। इन दोनों विभूतियों ने दिखाया कि सच्चा नेतृत्व सत्ता का सुख भोगना नहीं, बल्कि जनकल्याण के लिए समर्पित रहना होता है। 2 अक्टूबर का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हमें उनके तथा उनके जैसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन और राष्ट्र के निर्माण में अमल में लाना चाहिए। तभी यह दिन औपचारिकताओं से आगे बढकर वास्तव में सार्थक बनेगा। पूरा राष्ट्र इन दोनों को नमन करता है।

# भाषाओं के सेतु, संस्कृतियों का संगम और वैश्विक संवाद का आधार

-किशन सनमुखदास भावनानी-

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के विकास में भाषा की भूमिका हमेशा ही केंद्रीय रही है। भाषा वह माध्यम है जो विचारों, भावनाओं, ज्ञान और अनुभवों को पीढ़ी दर पीढ़ी तथा राष्ट्र से राष्ट्र तक पहुँचाती है। किंतु विश्व की 7, 000 से अधिक भाषाओं के बीच संचार स्थापित करना स्वाभाविक रूप से कठिन है। यहीं पर अनुवादक (ट्रांसलेटर्स), दुभाषिए (इंटरपरेटर्स) और भाषा विशेषज्ञ दुनियाँ को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। वे भाषाई दीवारों को तोड़कर आपसी समझ, संवाद और सहयोग की नींव रखते हैं। इन्हीं भाषा पेशेवरों के योगदान को सम्मान देने हेतु प्रतिवर्ष 30 सितंबर को ह्लअंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवसह्व (इंटरनेशनल ट्रांसलेशन डे) मनाया जाता है। वर्ष 2025 में इसकी थीम है-अनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकेंह्व (ट्रांसलेशनः शेपिंग द फ्यूचर यू कैन ट्रस्ट) मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भाषाओं की जंजीरों को तोड़ने में अनुवादकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। वैश्विक मंचों पर नेताओं की बात को यदि उनकी ही भाषा में समझा पाना संभव न होता, तो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति कभी सफल नहीं हो पाती। उदाहरणस्वरूप, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू या ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर किसी वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोलते हैं, तो उनकी बातों को विभिन्न भाषाओं में तुरंत अनुवादितकिया जाता है। यही अनुवादक सुनिश्चित करते हैं कि विश्व के हर प्रतिनिधि तक संदेश सही और सटीक रूप से पहुँचे। इस प्रकार अनुवादक सिर्फ शब्दों का नहीं, बल्कि संस्कृतियों, दृष्टिकोणों और विचारों का आदान-प्रदान संभव बनाते हैं। वर्ष 2025 की थीम ह्लअनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकें यह संदेश देती है कि आने वाले समय में विश्व व्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान, कूटनीति और सांस्कृतिक संवाद सब अनुवादकों के माध्यम से ही संभव होंगे। इस भविष्य पर भरोसा तभी किया जा सकता है जब भाषा पेशेवर अपनी निष्ठा, सटीकता और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस 2025 भाषाओं के सेतु संस्कृतियों का संगम और वैश्विक संवाद का आधार। साथियों बात अगर हम अनुवादः संस्कृतियों को जोड़ने वाला सेतु को समझने की करें तो, अनुवाद केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह संस्कृतियों, परंपराओं और मान्यताओं को जोड़ने की प्रक्रिया है। जब जापान की कोई साहित्यिक कृति हिंदी में पढ़ी जाती है, या भारत का कोई उपन्यास स्पेनिश में पहुँचता है, तो यह सिर्फ भाषाई रूपांतरण नहीं बल्कि सांस्कृतिक आदान- प्रदान भी होता है। यही कारणहै कि अनुवादक सटीक संस्कृति-दूत (कल्चरल अम्बास्साडोर्स) भी माने जाते हैं। भारत और अनुवाद की परंपरा, - भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है जहाँ 22 अनुसूचित भाषाएँ और सैकड़ों बोलियाँ प्रचलित हैं। भारतीय सभ्यता में अनुवाद की परंपरा प्राचीन काल से रही है-चाहे वह संस्कृत ग्रंथों का फारसी और अरबी में अनुवाद हो या फिर उपनिषदों का लैटिन में अनुवाद। आधुनिक भारत में संविधान भी 22 भाषाओं में उपलब्ध है, जो अनुवादकों की भूमिका की महत्ता को और सटीकता से स्पष्ट करता है। साथियों बात अगर हम वैश्विक कूटनीति और अनुवाद का संगम तथा संयुक्त राष्ट्र और 2025 की प्रासंगिकता को समझने की करें तो संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, जी20, ब्रिक्स या अन्य किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन की बैठकों में अनुवादकों की भूमिका आधारशिला की तरह होती है। वे न केवल भाषाई संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि शांति, विश्वास और सहयोग की प्रक्रिया को भी जीवित रखते हैं। संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाएँ-अरबी, अंग्रेजी, चीनी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश, साथ ही अनेक क्षेत्रीय भाषाओं का भी उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि पेशेवर अनुवादक न हों तो संवाद और निर्णय-प्रक्रिया ठहर सी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को शांति और विश्वास का वर्ष घोषित किया है। इस घोषणा का सीधा संबंध अनुवादकों की भूमिका से है, क्योंकि संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही संघर्षों को कम किया जा सकता है। भाषा पेशेवर यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी राष्ट्र या संस्कृति गलतफहमी का शिकार न हो, और हर संवाद पारदर्शिता और स्पष्टता से संपन्न हो। आज की दुनिया में बहु भाषावाद शिक्षा, अनुसंधान, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समावेशन की कुंजी बन चुका है। अनुवादक इस बहुभाषिक दुनिया में सबको जोड़ने का कार्य करते हैं। यूनेस्को और यूएन लगातार इस बात पर बल देते रहे हैं कि बहुभाषावाद न केवल सांस्कृतिक विविधता को बचाता है, बल्कि ज्ञान समाज के निर्माण में भी बहुत हद तक सहायक है। साथियों बात अगर हम प्रौद्योगिकी और अनुवाद का भविष्य तथा अनुवाद और विश्व शांति को समझने की करें तो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन ट्रांसलेशन और स्वचालित अनुवाद उपकरणों ने अनुवाद की दुनियाँ में क्रांति ला दी है। गूगल ट्रांसलेट, डीपल जैसे उपकरणों ने आम लोगों के लिए भाषा अवरोध को कम किया है। फिर भी, मशीन कभी भी मानवीय संवेदना, सांस्कृतिक संदर्भ और भावनात्मक सूक्ष्मताओं को पूरी तरह नहीं समझ सकती। यही कारण है कि 2025 की थीम अनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकें मानवीय अनुवादकों की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। दुनियाँ में अधिकांश युद्ध और संघर्ष गलतफहमियों और संवादहीनता से उत्पन्न होते हैं। जब शब्दों का सही अनुवाद न हो तो गलत संदेश फैल सकता है। अनुवादक इन गलतफहमियों को रोककर राष्ट्रों को आपसी विश्वास और शांति की ओर ले जाते हैं। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो अनुवादक केवल भाषा विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के निमार्ता भी हैं। साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के इतिहास को समझने की करें तो, 30 सितंबर को अनुवाद दिवस मनाने की परंपरा सेंट जेरोम के सम्मान में शुरू हुई थी, जिन्हें बाइबिल का लैटिन भाषा में अनुवादक माना जाता है। लेकिन इसे आधिकारिक मान्यता 2017 में मिली, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ए/आरईएस/71/288 प्रस्ताव पारित कर 30 सितंबर को आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस घोषित किया। यह प्रस्ताव सभी पेशेवर अनुवादकों, दुभाषियों और शब्दावलीविदों की मेहनत को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर था। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि यदि भाषाओं के बीच सेतु न बने होते, तो मानव सभ्यता कभी भी वैश्विक नहीं बन पाती। अनुवादकों ने न केवल विचारों का आदान-प्रदान संभव बनाया है, बल्कि उन्होंने शांति, सहयोग और विकास की राह भी प्रशस्त की है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का बहिष्कार करने वाला संगठन देशभक्त कैसे हो सकता है : कटारिया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. इरफान सैफी के आवास, रहरा अड्डा, हसनपुर पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने की। बैठक में ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत माला पहनाकर पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान, गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष शमशाद अली सैफी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. इरफान सैफी एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा किया गया। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों को अभियान में तेजी लाने तथा अभी तक लंबित बूथ समितियों को शीघ्र गठित करने के निर्देश दिए गए। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि ÷आरएसएस के लोग अंग्रेजी हुकूमत से पेंशन लेते थे और उनके मुखबिर की भूमिका निभाते थे। जिन्होंने 60 वर्षों तक हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का बहिष्कार किया, वही आज खुद को देशभक्त कहते हैं। आरएसएस का देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा, बल्कि इस संगठन से जुड़े लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की। इस संगठन को सांप्रदायिक गतिविधियों के चलते देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रतिबंधित किया था। आज मोदी सरकार उसी संगठन का गुणगान कर रही है। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर ज़100 का सिक्का जारी करना हास्यास्पद है; सरकार को ज़60 का सिक्का जारी करना चाहिए था क्योंकि सावरकर को अंग्रेजी सरकार से ज़60 प्रतिमाह पेंशन मिलती थी।÷बैठक में ओमकार सिंह कटारिया, तारिक मोहम्मद खान, शमशाद अली सैफी, राजपाल सैनी, डॉ. इरफान सैफी, जबर सिंह जाटव, आलम साबरी, नौशाद अली, अनिरुद्ध कुमार, रईस अहमद, मुदित कुमार गुर्जर, नफीस अहमद, नरेश त्यागी, योगेश शर्मा, आरिफ अहमद, प्रकाश सिंह राणा, राशिद मलिक, उस्मान सैफी, अतुल कुमार, नरेंद्र सिंह जाटव, मनोज कुमार राणा, प्रमोद कुमार राणा, जितेंद्र कुमार राणा, लाल सिंह सैनी, अनिरुद्ध शर्मा, जितेंद्र सिंह राणा, आलम हुसैन, कपिल कुमार, रविंद्र सिंह गुर्जर आदि प्रमुख कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# शरद पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** शरद पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गजरौला के बृजघाट और तिगरी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। गंगास्नान कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। सोमवार की सुबह से ही गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने गंगा में हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगा स्नान किया। साल में एक बार आने वाले इस पर्व पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। जिसके चलते बहुत से श्रद्धालुओं ने रविवार रात से ही गंगा तट पर डेरा जमा दिया। भोर होते निजी वाहनों के अलावा रोडवेज बसों, डग्गामार वाहनों आदि साधनों से भी श्रद्धालु बृजघाट व तिगरी धाम पहुंचे। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान किया। गंगास्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की। अमरोहा के अलावा मुरादाबाद, सम्भल, बिजनौर, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, रामपुर आदि जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने स्नान किया। जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। मंदिरों में पूजा की। हर-हर गंगे के जयकारे दिन भर गंगा तट पर गूंजते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से गंगाघाटों पर पुलिस तैनात रही।

# डेयरी से दूध खरीद हड़प लिए पांच लाख, समझौते से मुकरा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** डेयरी से दूध खरीदकर पांच लाख रुपये हड़प लिए। बाद में कोतवाली में हुआ समझौता मानने से इनकार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलारपुर माफी से जुड़ा है। यहां कारोबारी सचिन कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने गांव में डेयरी खोल रखी है। क्षेत्र के गांव श्यामपुर का रहने वाला बृजपाल बेचने के लिए उनकी डेयरी से दूध ले जाता था। हिसाब में करीब पांच लाख रुपये उधार हो चुके थे। पैसे देने में आनाकानी करने पर बीते दिनों सचिन कुमार ने कोतवाली में शिकायत की थी। लिहाजा, पुलिस की मौजूदगी में हुए समझौते में बृजपाल ने पैसे देने का वादा कर लिया था। आरोप है कि इसके बावजूद भी उसने तय तारीख पर पैसे नहीं दिए। समझौता मानने से इनकार कर दिया। लिहाजा, परेशान होकर सचिन कुमार ने तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी बृजपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पोषण संचेतना अभियान माह' का वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में शानदार समापन



*** 5800 से अधिक बच्चों को दिया गया कुपोषण से बचाव और स्वस्थ जीवन का संदेश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा/गजरौला।** उत्तर प्रदेश शासन एवं श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक माह पूर्व शुरू किये गये 'पोषण संचेतना अभियान माह-2025' का सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित विश्वविद्यालय परिसर में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आई.ए.एस. श्रीमती निधि गुप्ता वत्स रहीं। अभियान के तहत वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की दस-दस सदस्यीय दस टीमों (कुल 110 वालेंटियर) ने जनपद के 148 विद्यालयों में जाकर 5800 से अधिक बच्चों को कुपोषण से बचाने, संतुलित आहार अपनाने एवं स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के डा. सी.वी. रमन सभागार में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र, जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड डा. सुजीत फोगाट, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे आदि उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मानव जीवन की दो सबसे बुनियादी जरूरतें हैं। यदि हमारी नयी पीढ़ी शिक्षित नहीं होगी या कुपोषित होगी, तो स्वस्थ भारत और विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश मिशन में इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, कौशल विकास के साथ-साथ अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे अहम भूमिका है।जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय मौहमदाबाद की बच्चियों को 'पोषण संचेतना माह' के दौरान नुक्कड़ नाटक द्वारा जनजागरूकता फैलाने के लिए लैपटॉप/टैबलेट देकर सम्मानित किया। वहीं समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, उपहार एवं पोषण किट प्रदान किए गए। इस अवसर पर वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि संस्था पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को विश्वस्तरीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि ÷विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश÷ मिशन में सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शिक्षण संस्थानों की भूमिका सर्वोपरि होगी। इस अवसर पर जुबिलियेंट भरतिया फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड डा. सुजीत फोगाट, कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष पांडेय, डा. एस.एन.साहू, डा. नीतू पंवार, डा. मनीष शर्मा, डा.मंजरी राणा, डा. सुमन कुमारी, डा.चन्द्रकान्त, डा. श्री राम गुप्ता, अनुषा कर्णवाल एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न



*** कुपोषित बच्चों की सही पहचान और उपचार पर दिया गया जोर**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण मिशन के अंतर्गत कन्वर्जेंस एक्शन प्लान की जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री किसी भी बच्चे की पोषण स्थिति गलत दर्ज न करें। यदि कोई बच्चा कुपोषित पाया जाए तो उसकी फीडिंग एवं देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर कुपोषित या नाटे बच्चों की संख्या अधिक है, वहां स्वयं भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सभी ग्रामों में बच्चों के वजन एवं ऊंचाई मापने के उपकरण 15 अक्टूबर तक उपलब्ध कराए जाएं।संभव अभियान के अंतर्गत चिन्हित सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों को दी जा रही दवाओं और उपचार की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सैम बच्चों के फॉलोअप में लापरवाही मिलने पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, रंगाई-पुताई, बाला वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, निर्माण कार्य और लर्निंग लैब की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के टीकाकरण, जांच और उपचार की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कमजोर और कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराया जाए तथा पूरक पोषाहार का वितरण समय से सुनिश्चित हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र, पीडी डीआरडीए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की डीएम ने की समीक्षा



*** 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान, जलभराव दूर करने व सफाई कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता, साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, एंटी लार्वा स्प्रे, फॉगिंग तथा गड्ढों की भराई जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के दौरान विभागीय माइक्रोप्लान के अनुसार सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज हुई भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर जलभराव हो गया है, जिसे तत्काल दूर कराया जाए। इसके लिए बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तालाबों में बीटीआई का छिड़काव कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जाए ताकि जलजनित बीमारियों का प्रसार रोका जा सके। साथ ही, ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डो, विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा स्प्रे और फॉगिंग नियमित रूप से कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में सरल भाषा में ÷क्या करें और क्या न करें÷ की जानकारी दी जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि जहां अभी तक ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स या संवेदीकरण बैठकें नहीं हुई हैं, वहां उन्हें कल तक हर हाल में आयोजित कराया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त, डीपीओ श्री ज्ञान प्रकाश तिवारी, समस्त सीएचसी/पीएचसी प्रभारी चिकित्सक, एडीओ पंचायत एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में होगा अखण्ड रामायण पाठ**

**अमरोहा।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी देव मंदिरों में 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' का अखण्ड पाठ भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि द्वारा प्रतिपादित मानवता, सामाजिक एकता एवं राष्ट्रीय मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, ताकि उनके विचार जन-जन तक पहुँच सकें। उन्होंने कहा कि जिला, तहसील एवं विकास खंड स्तर पर गठित समितियों के माध्यम से इन आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा। डीएम ने सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा, पेयजल एवं दरी-बिछावन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यक्रम महर्षि वाल्मीकि जी की गरिमा एवं परंपरा के अनुरूप भव्य और अनुशासित ढंग से सम्पन्न हों।

# नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण हेतु ई-लॉटरी का आयोजन सम्पन्न



*** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ चयन, चयनित कृषकों को भेजा गया सूचना संदेश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट (चना, मटर एवं मसूर) वितरण हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार चना में 50 के लक्ष्य के विरुद्ध 111, मटर में 50 के लक्ष्य के विरुद्ध 58 तथा मसूर में 25 के लक्ष्य के विरुद्ध 67 कृषकों ने ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चना के 50, मटर के 50 तथा मसूर के 25 कृषकों का चयन किया गया। ई-लॉटरी के समय उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, प्रगतिशील कृषक भूपेंद्र चौधरी सहित ऑनलाइन बुकिंग करने वाले किसान तेजपाल सिंह, कल्लू सिंह, ललित कुमार, मेघराज सिंह एवं धर्म सिंह आदि किसान उपस्थित रहे। चयनित कृषकों को उनके मोबाइल पर सूचना संदेश भेज दिया गया है। सभी चयनित किसान अपने विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. राम प्रवेश (उप कृषि निदेशक) ने बताया कि जनपद में सरसों मिनीकिट की ऑनलाइन बुकिंग भी जारी है। कृषक भाई अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र से कृषि विभाग की वेबसाइट agridarshan.up. gov.in पर बुकिंग करा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो कृषक सरदकालीन गन्ने की बुवाई के साथ सरसों की अंतःफसली खेती करना चाहते हैं, उन्हें विभाग द्वारा सरसों का प्रमाणित बीज 4.00 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से उपलब्ध कराया जाएगा।

# बहजोई के बड़ा मैदान में कल्कि महोत्सव विकासोत्सव का हुआ शुभारंभ




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बड़ा मैदान बहजोई में 13 अक्टूबर तक चलने वाले कल्कि महोत्सव / विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा में बदलता उत्तर प्रदेशरू प्रोजेक्ट अलंकार कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमशक्ल विकास मोहन्ते ने भी प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित प्रचार वाहन एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा शुभारंभ किया गया। सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार ( एक पुष्प, एक पुस्तक, एक परिधान, एक नारियल एवं एक पीतल का पात्र लोटा) द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत नशा मुक्ति से संबंधित एक लघु नाटिका भी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार द्वारा माध्यमिक शिक्षा से संबंधित संचालित योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा प्रोजेक्ट अलंकार के विषय में भी जानकारी दी गयी। समग्र शिक्षा पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि जनपद के 7 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है जबकि 7 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की गयी है। इंस्पायर अवार्ड योजना के विषय में भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज से जनपद में दूसरा सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ किया जा रहा है।इससे पूर्व 2024 में भी यह महोत्सव मनाया गया था।उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर से मा. मुख्यमंत्री जी ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरुआत की है जिसका थीम है नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में शक्ति पुंज, शक्ति सम्मान पुंज का गठन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने शताब्दी संकल्प 2047 विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए 12 सेक्टर कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास,, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण , स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर में कोई भी नागरिक सुझाव दे सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्भल संवाद एप के माध्यम से आप सभी लोग जनपद के विभागों की योजनाओं, विभाग एवं सरकारी अस्पताल, पुलिस थाना, बैंक, एटीएम, आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने घर घर पुस्तक घर घर वाचन एवं एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान की विषय में भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में क, ख, ग, घ मिशन तथा ग्राम चौपाल, डीपीएमयू, मोबाइल वैन, प्रोजेक्ट अलंकार के विषय में भी बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन तथा जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, विकास वार्ष्णेय,नीरज वार्ष्णेय, चन्द्र सेन छोटू, उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ भंडारे का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव मुस्सलेपुर में सोमवार को शिव मंदिर का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर में भंडारा शुरू हुआ जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे। जहां भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। जिन्होंने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। आयोजकों ने बताया कि यह मंदिर का सातवां स्थापना दिवस है। सात साल पहले इसी दिन मंदिर में भोले बाबा की शिवलिंग की स्थापना की गई थी। तभी से हर वर्ष इस उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे के मुख्य आयोजक डॉक्टर समरपाल सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस बार भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में हरिराम सैनी, रिंकू सैनी, अनिल शर्मा, धर्म सिंह, शिवा चौधरी, हरिओम सैनी, कपिल चौधरी, बंटी, प्रीतम एडवोकेट, भोले सैनी सहित कई अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

# बरेली मे बुडोज़र कार्यवाही पर बोले सांसद जावेद अली 2027 मे भाजपा लौटकर नहीं आ रही



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राज्यसभा सांसद जावेद अली खां ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश मे अभियान चला रही है जो लोगों की समस्यायें हैं। पीडीए की चौपाल लगाई जा रही है और साईकिल रैली का आयोजन कर सरकार की विफलताओं के बारे मे जनता को अवगत कराया जा रहा है। अखिलेश यादव के 08 अक्टूबर को रामपुर आज़म खां से मिलने जाने पर आज़म खां द्वारा छोटे आदमी से मिलने के सवाल पर जावेद अली ने कहा कि मैने तो सुना था कि मेरे रिश्ते ऐसे हैं मै बताकर जाउ या वोह बताकर आये और कुछ नहीं सुना। आज़म खां द्वारा इण्डिया गठबंधन के मंच वाले सवाल पर कहा कि अखिलेश जीम च पर रहे हैं गलफहमी सवाल पूछने वालों की रही है। राज्यमंत्री गुलाबों देवी द्वारा धरना दे रहे शिक्षकों को अराजकतत्व कहे जाने पर कहा कि कम से कम ऐसे मंत्री को अपने विभाग के कर्मचारियों को ऐसा नहीं कहना चाहिए। शिक्षा विभाग नहीं सब विभाग परेशान है कोई ट्रांसफर तो कोई वेतन पूरी सरकार विफल है। बताया जा रहा है। बरेली मे हिंसा के बाद मौलाना तौकीर रज़ा के करीबियों पर बुलडोज़र चलाये जाने पर कहा कि बीजेपी सरकार कानून व्यवस्था के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही है और बुलडोजर को जनता को डराने का राजनीतिक हथियार बना लिया गया है। बीजेपी की रणनीति ही यह है कि प्रदेश में हिंदू-मुस्लिम के नाम पर माहौल गर्म रखा जाए, जनता की असली समस्याओं महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। बहराइच, सम्भल, कानपुर और बरेली जैसी जगहों पर हाल में हुई घटनाएं सरकार की सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं। 2027 मे भारतीय जनता पार्टी लौटकर के नहीं आ रही है। इन घटनाओं से समाज में नफरत फैलाकर बीजेपी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

# अमरोहा में चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान, 387 वाहनों के हुए चालान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपदभर में यातायात पुलिस और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, ओवरस्पीडिंग करने वालों, लेन अनुशासन तोड़ने वालों, लाल-नीली बत्ती, हूटर, सायरन, अवैध नंबर प्लेट, काली फिल्म तथा जातिसूचक शब्द लिखे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। कार्यवाही के तहत कुल 387 वाहनों के चालान मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत किए गए। कई वाहनों से मौके पर ही लाल-नीली बत्तियाँ, हूटर, काली फिल्में और जातिसूचक शब्द हटवाए गए। पुलिस अधिकारियों ने अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया में सीट बेल्ट लगाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/6/2025 7:00 PM Page 1



## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज- 05 के विशेष अभियान के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु महिला आरक्षियों ने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं स्वावलंबन के संदेशों पर आकर्षक



एवं प्रेरणादायी रंगोलियाँ बनाई। रंगोलियों के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों – महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने का सशक्त संदेश दिया।

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आगामी 12 अक्टूबर को जनपद में आयोजित होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र की उपस्थित में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने परीक्षा को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर



आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए और किसी भी अभ्यर्थी या कर्मी को मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्र परिसर में लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## रामलीला का फीता काट कर किया शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** विधानसभा 34 स्वार टांडा के ग्राम धनोरी में हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का शुभारंभ किया गया. माश विधायक शफ़ीक़ अहमद अंसारी के छोटे भाई रफीक अहमद अंसारी ठेकेदार द्वारा रामलीला का फिता काटकर शुभारंभ किया गया विधायक जी के भाई ने कहा कि रामलीला सिर्फ मनोरंजन के लिये नहीं हमें बहुत कुछ सिखाने के लिये हर साल मनाई जाती है रामलीला से हमें पता चलता है कि किस तरह एक पुत्र अपने पिता के लिये. भाई अपने भाई के लिये पत्नि अपने पति के लिये अपना राजपाट ऐशो आराम त्याग कर वनवास पर चले जाते हैं. यह त्याग करने की भावना हम सबके अंदर होनी चाहिए. और माश विधायक



के भाई कहा की सब धर्म एक हैं हमें सबको आपस में मिलजुलकर रहना चाहिए सभी के धर्मो का सम्मान करना चाहिय जनता से किया हुआ एक एक वादा हम पुरा करेंगे.. रामलीला में मौजूद सभी वक्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी.. इस मौके राणा जी शंकर लाल राठौर दीप सिंह राही दीपक नागर सलहाकार मन्नू मेंबर हामिद अल्वी राजू मौर्या पूर्व प्रधान अतर सिंह मौर्य सभापति शमा आंटी मदन लाल नेता जी कपिल वाल्मीकि सर्वेश वाल्मीकि एवं समस्त ग्रामीण मौजूद रहे.

## छितौनी में रामलीला का भव्य शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराय महेश (छितौनी) में बीती रात रामलीला का विधिवत शुभारंभ किया गया। ग्राम प्रधान चंद्रपुर कला, राजेश सैनी, ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया और क्षेत्र के लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में पंडित कौशल कुमार शर्मा ने अपने उद्घोषण में रामलीला के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके उपरांत, डॉक्टर चंद्रपाल सिंह ने भगवान श्रीराम के चरित्र और रामायण की कुछ महत्वपूर्ण पंक्तियों पर गहन जानकारी प्रदान की, जिसे दर्शकों ने सराहा। वहीं, धर्मपाल सिंह लोधी ने भी रामायण के विभिन्न चरित्रों के चिंतन और उनके



मूल्यों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्री राजवीर सिंह यादव, पंडित नरेश शर्मा, डॉ राजेश सैनी, धर्मपाल सिंह लोधी, कौशल कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह खेम, चौधरी हरवीर सिंह, प्रधान राजीव चौधरी, प्रधान अंसार अहमद, और राजेश वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। कमेटी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गोष्ठी का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रामपुरएवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा खुर्शीद इण्टर कॉलेज, रामपुर में आगामी पी.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा-2025 के दृष्टिगत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । अपर जिलाधिकारी, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक(प्रशासन), रामपुर द्वारा गोष्ठी में परीक्षा के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों-



स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण, सुरक्षा व्यवस्था, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी आदि की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये

## मंथली मीटिंग का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के मेंन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में मंथली मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा स्वार के जानवरों वाले अस्पताल में डॉक्टर न होने के कारण लोग अपने जानवरों का इलाज प्राइवेट डॉक्टर से कराने को मजबूर हैं अगर अस्पताल में डॉक्टरों की पूर्ति हो जाती है तो




अस्पताल में जानवरों का इलाज सही से हो पाएगा जिससे गरीब जनता का पैसा बचेगा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी महोदय रामपुर को अवगत कराना चाहता है की स्वार में डॉक्टर की कमी को पूरा किया जाए।

## किसानों को संबोधित किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत ग्राम अहमदनगर जागीर उर्फ रोशन बाग में संपन्न मैं संपन्न हुई पंचायत में धान के लिए केदो पर किसानों को धन न तोड़ने एवं बिचौलियों द्वारा किसानों को लूटे जाने का मुद्दा उठाया गया किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा



कि अधिकारी किसानों के प्रति गंभीर नहीं है किसानों का मंदिरों में शोषण हो रहा है किसानों का धन होने में खरीदा जा रहा है सरकारी धन के लिए केदो पर सन्नाटा छाया हुआ है सरकारी रेट पर किसानों का धान खरीदा जाए अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## आमजनमानस को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0/साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम/ साइबर सेल रामपुर पुलिस द्वारा नेहरू इण्टर कालेज/ कचहरी परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध,



विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930-साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन की जानकारी दी गयी ।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के 251वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित द्वितीय रामपुर रज़ा पुस्तकालय महोत्सव (03 से 07 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत पुस्तकालय परिसर में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित क़व्वाली (महफ़िल-ए-समा) में सुप्रसिद्ध कलाकार श्री शाहिद सामी नियाज़ी एवं समूह, रामपुर ने



अपनी सुमधुर आवाज़ और सूफ़ियाना अंदाज़ से वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सरोबार कर दिया। श्रोताओं ने दमा दम मस्त कलंदर जैसे प्रसिद्ध सूफ़ी कलामों पर भाव-विभोर होकर तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक हुई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आज अपना दल एस जनपद रामपुर के आवास विकास स्थित जिला कैम्प कार्यालय पर पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी की अध्यक्षता में हुई।वैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने कहां कि सभी पदाधिकारी पार्टी के सदस्यता अभियान वूथ स्तर पर चलाकर गांव-गांव जाकर लोगों को जोडे और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें।इस अवसर पर विधि मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुयश गुप्ता , जिला अध्यक्ष विधि मंच चौधरी वीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद



गंगवार,जिला सचिव लाल सिंह लोधी, जिला सचिव रामरतन लाल सागर, जिला मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मंच नदीम उस्मानी विधानसभा अध्यक्ष स्वार टांडा शरीफ जमील, विधानसभा अध्यक्ष चमरऊआ महवूव अली पाशा,जोन अध्यक्ष स्वार सत्यपाल लोधी,जोन अध्यक्ष मिलक खानम चरन सिंह लोधी, विक्की मौर्य, गुड्डू भाई आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक- 06.10. 2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी अजीमनगर द्वारा महिला सुरक्षा दल , अजीमनगर के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत बिहारी लाल इंटर कॉलेज खंडिया में छात्र-छात्राओं / शिक्षकों को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर द्वारा छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को महिला



सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## व्यापारियों ने ज्ञापन दिया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी व व्यापारी तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय से इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय कार्यालय पहुंचे वहां पर व्यापारियों ने एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी जंग बहादुर यादव को माननीय मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित सौपा इस अवसर पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जनपद रामपुर में कारोबार पूर्णतया खत्म हो चुका है जनपद रामपुर में कारोबार की स्थिति अत्यधिक दयनीय हो चुकी है



कोई उद्योग व लघु उद्योग जनपद में नहीं है नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा 50% हाउस टैक्स व वाटर टेक्स चार्ज अतिशीघ्र बढ़कर रामपुर की गरीब अर्थव्यवस्था से पीड़ित जनता पर व व्यापारी समाज पर जुल्म करने की दर्दनाक भयानक तैयारी कर रही है जिसको शीघ्र ही जनहित में रोका जाना अति आवश्यक है।

## जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेश अनुसार एवं प्राचार्य, डॉ सुनीता के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति विषेश अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर का व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किआ गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ इफ़्तेख़ार अहमद कादरी रहे। कार्यक्रम की



संयोजक प्रोफेसर सबीहा परवीन ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की रूपरेखा को प्रस्तुत किया तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कैसे किया जाए, इस बारे में विस्तार से समझाया।

## 1.20 करोड़ रुपये की सड़क स्वीकृति दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार ने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलासपुर शहरी क्षेत्र में 6.100 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 1,20,00,000 (एक करोड़ बीस लाख रुपये) की स्वीकृति प्रदान की है।इस निर्णय से नगर के यातायात



तंत्र को सुलभ बनाने और क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराने में बड़ी राहत मिलेगी। सड़क के चौड़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में एन.एस. ताइक्कांडो एकेडमी के कुशल प्रशिक्षकों के सहयोग से सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

इस कार्यशाला में आरटीसी, रामपुर में प्रशिक्षणरत महिला आरक्षी प्रशिक्षुओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी तरीकों की जानकारी दी गई तथा



व्यवहारिक अभ्यास कराया गया । कार्यशाला का उद्देश्य महिला आरक्षियों में आत्मविश्वास, सतर्कता एवं आत्मरक्षा कौशल को सशक्त बनाना रहा, ताकि वे न केवल स्वयं की सुरक्षा कर सकें बल्कि आमजन, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा में भी प्रभावी भूमिका निभा सकें ।

## हल्की बारिश के साथ मौसम हुआ ठंडा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर में अब लोगों को गर्मी से राहत मिलने वाली है. पिछले कई दिनों से लगातार धूप निकल रही थी और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा था. लेकिन अब मौसम ने करवट बदल दी है. मौसम ठंडा और खुशनुमा हो गया है. हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई है. इसके साथ ही कोई



जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई जा रही हैं

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी यूपी में ओलावृष्टि की आशंका है।

## भावाधस ने बिलासपुर में निकाली धर्म ध्वज यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव की पूर्व संध्या पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ( भावाधस) के प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में नगर में निकाली धर्म ध्वज यात्रा का शुभारंभ भावाधस के राष्ट्रीय निर्देशक कर्मयोगी लल्ला बाबू द्रविड़ ने फीता काट कर किया इस मौके उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि हिन्दू धर्म के पितामह है हमें उनकी शिक्षाओं का अनुश्रण करना



चाहिए भगवान वाल्मीकि जी ने ही सर्वप्रथम महाग्रंथ रामायण की रचना कर पुरुषोंत्तम भगवान राम को मानव जाति से रूबरू कराया भगवान वाल्मीकि हिन्दू धर्म के लिए पूज्यनीय है उनका ध्वज लाल है जिसको पूरा नमन कर रहा है।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी दफन मे शामिल हुए

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** ग्राम भुवरा में कल शाम बैंक मैनेजर लियाकत हाजी के बेटे का एक्सीडेंट में इंतकाल हो गया था सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने दफन में शामिल होकर मरहूम मगफिरत की दुआ की सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम इमरता में अनीस अंसारी साहब की बेटी की शादी में शिरकत कीसांसद



नदवी ने ग्राम खोद क्षेत्र के बडपुरा मुरसेना खोद खेमपुर आदि गांव का भ्रमण किया।

## संजय कुमार बने शाहबाद का नए कोतवाल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** रामपुर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने रविवार देर रात कई थाना प्रभारियों का तबादला करते हुए थानों पर नए प्रभारियों की तैनाती की। इस क्रम में शाहबाद के कोतवाल पंकज पंत को खजुरिया थाने की कमान सौंपी गई है जबकि खजुरिया के थाना प्रभारी संजय कुमार को शाहबाद का नया कोतवाल बनाया गया



है। वही पटवाई के थाना प्रभारी संदीप मिश्रा को टांडा कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक पुष्कर सिंह को विशेष सेल से पटवाई थाना अध्यक्ष बनाया गया है।

## अपर पुलिस अधीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** विधवा वृद्धा महिला ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि में चन्द्रवती पति स्व0 महेश चन्द्र निवासी खिरका तहसील शाहबाद जिला रामपुर की निवाशी ही मेरी छोट वहू राधिका पति राजेश कुमार और विनीत ने मुझे वहला फुसलाकर धमकी देकर मेरा घर और 2 वीघा कृषि भुमि की रकम हड़पने को लेकर मऊआ खेड़ा कांशीपुर उत्तराखड मुझे ले गये और राधिका



मऊआ खेड़ा में अपने निर्माण घर में ताला बंदी करके जान से मारने की धमकी ओर मारपीट करती रहती है में अपने घर खिरका गांव अपनी मर्जी से आ गई थी मेरी बहु 4 लाख रुपए हड़पने को लेकर जान से मारना का प्रयास करती है।

## नाभि में अग्नि बाण लगते ही धू धूकर जला रावण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर के शिव मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। पीलीभीत से आई शिम्भू दयाल की नाटक कंपनी ने सुंदर झांकियां के साथ रामलीला का मंचन किया। जैसे ही सुलोचना को पता चला कि उसके पति मेघनाथ युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गए हैं उसका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अपने पति का शीश मांगने के लिए रामा दल में गई और शीश लकार स्वयं सती हो गई। इसके बाद रावण भी बहुत दुखी हुआ और रावण ने अपने पुत्र पाताल लोक के राजा अहिरावण को याद किया। उसने जाकर राम लक्ष्मण को चोरी कर लिया और पातालपुरी ले गया। वहां माता की भेंट चढ़ाने की जैसे ही योजना बनाई तुरंत हनुमानजी पहुंच गए और राम लक्ष्मण की बचाकर कर वापस युद्ध क्षेत्र में ले आए । इसके बाद अकेला रावण ही जीवित बचा। वह युद्ध में लड़ने के लिए गया। रावण ने जी जान पर खेल कर युद्ध लड़ा किन्तु विभीषण ने उसकी नाभि में अमृत होने



का भेद बता दिया। पहले राम जी ने अनेक तीर छोड़े लेकिन रावण के सभी शीश बार-बार उग गए। राम के द्वारा नाभि में एक अग्नि बाण छोड़ने से रावण धरासाही हो गया। रामादल में खुशी की लहर दौड़ गई। व्यास डॉक्टर लक्ष्मी चंद जी ने अपने मधुर कण्ठ से सुंदर रामायण की चौपाइयों द्वारा मंचन का मार्गदर्शन किया। क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु रामलीला का दर्शन करने आए और मेले में खरीदारी कर के मेले का आनंद लिया। मंच का संचालन जगपाल सिंह सैनी ने किया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र चौहान, सचिव दिग्विजय सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ गांधीजी , रमेश सिंह चौहान, डॉक्टर बाबूराम सैनी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और हजारों दर्शक मौजूद रहे।

## जमना जमनी मे दिखा तेंदुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी क्षेत्र के जमना जमनी मे तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणो मे दहशत फेल गई है तेंदुए ने घर मे कुत्ते का शिकार करने की कोशिश की लेकिन कुत्ता खुला होने कारण कुत्ते ने भाग कर अपनी जान बचाई. शनीवार की लग भाग 11 बजे के करीब जमनी निवासी लखवीर सिंह उर्फ लाडी के घरमे दिवार फाद कर तेंदुआ घुस गया ओर उसने कुत्ते को अपना निवाला बनाने की कोशिश की लेकिन कुत्ता खुला होने के कारण कुत्ता भोकता हुआ कमरे मे घुस गया कुत्ते की चीख पुकार सुनकर घर स्वामी व आस पास के लोग भी जाग गये आस पास के लोगो द्वारा शोर गुल मचा दिया शोर शराबा सुनकर तेंदुआ आठ फिट ऊंची दीवार फादं कर जंगल की तरफ भाग गया गांव मे तेंदुआ देखे जाने से गांव वालो दहशत का माहौल है लोग रात को जाग कर गुजार रहे है

## शस्त्र पूजन एवम् एकत्रीकरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** सोमवार को सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में सर्व हितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में संपन्न हुआ जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के चित्र के सम्मुख शस्त्र पूजन कार्यक्रम विजय दशमी पर्व मनाया गया एकत्रीकरण कार्यक्रम में परम पवित्र भगवा ध्वज के सम्मुख देशभक्ति गीत अमृत वचन जय घोष के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष मसवासी नगर पंचायत के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने संघ के विषय में काफी विस्तार से बताया मुख्य वक्ता जिला



प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामपुर गोपीचंद ने पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता का भाव पर्यावरण नागरिक कर्तव्य को विस्तार से समझाया इस अवसर पर खंड कार्यवाह सुधीर कुमार दिवाकर दर्शन लाल नरोत्तम मौर्य बृज किशोर महेंद्र सिंह भारत भूषण गुप्ता पवन कुमार कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता रहे।

## एन.एस.ए. अजीत डोभाल आज बिलासपुर में

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल आज बिलासपुर पहुंचे, जहां वे अपने एक पारिवारिक कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हो रहे हैं। नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में उनके भाई की पुत्री के विवाह समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री डोभाल अपनी पत्नी श्रीमती अरुणी डोभाल के साथ भाग लेंगे।

कार्यक्रम के मद्देनज़र जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। प्रशासन की सतर्कता पूरे दिन बनी रही। अजीत डोभाल के भाई सुनित डोभाल ने बताया कि यह पूरी तरह पारिवारिक कार्यक्रम है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य शामिल होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शहजादनगर।** वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर बाबत अभियुक्त हरपाल पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मडैयान उदयराज थाना शहजादनगर जनपद रामपुर द्वारा वादिनी के पुत्र राधे श्याम पुत्र छोटेलाल की दिनांक 3/4-10-2025 की रात्रि में गला दबाकर हत्या करने के सम्बन्ध में थाना शहजादनगर पर मु0अ0सं0- 146/25 धारा- 103(1) बीएनएस बनाम हरपाल पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मडैयान उदयराज थाना शहजादनगर जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया।



## चाकू के साथ किया गया गिरफ्तार

**सिविल लाईन।** वादी द्वारा दी गयी तहरीर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के ट्रक की बैटरी चोरी कर लेने के संबंध में थाना सिविल लाईन पर मु0अ0सं0- 378/25 धारा- 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।



## 01 नफर वारंटी गिरफ्तार

**सिविल लाईन।** 01 नफर वारन्टी जितेन्द्रपाल सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी ज्वालानगर निकट कृष्णा मान्टेसरी स्कूल थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर सम्बन्धित केस न0-10062/22 धारा-420/504/506 भादवि उसके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।



## 01 नफर वारंटी गिरफ्तार

**टाण्डा।** थाना टाण्डा पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी इस्लाम पुत्र कासम अली निवासी मौ0 भव्वलपुरी कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0- 1486/06 अ0सं0- 1029/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट चालानी थाना टाण्डा को उसके मसकन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।




## रेत मे दबकर मजदूर की मौत

**मसवासी ।** चौकी क्षेत्र के गांव कुंदनपुर स्थित गुरदास स्टोन क्रेशर पर सोमवार की सुबह रेत मे दबकर एक मजदूर की मौत होगई मजदूर की मौत से परीवार मे कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, फतेहगंज निवासी मनीष, जो कि लंबे समय से गुरदास स्टोन क्रेशर पर मजदूरी करता था,सोमवार की सुबहा कार्य करते समय पट्टे से नीचे गिर गया और रेत के ढेर में दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यूवक की मौत की सूचना मिलते ही परीवार मे कोहराम मच गया परिजनों सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।



## साथ रहने का लिया संकल्प

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने हेतु संचालित मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर द्वारा एक महिला संबंधी प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई । आवेदिका निवासीनी थाना शहजादनगर जनपद रामपुर द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर में प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके पति एवं ससुरालजन द्वारा दहेज की मांग एवं मारपीट कर परेशान किया जा रहा था । प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर महिला थाना प्रभारी रजनी द्विवेदी, मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी उ0नि0 दीपा चौहान, व0उ0नि0 इस्तेजाब अली खां व म0का0 1492 स्वेता कुमारी द्वारा दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना रामपुर पर बुलवाया गया ।वहाँ दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें आपसी मतभेद का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ । काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता (राजीनामा) हो गया है तथा आवेदिका का परिवार टूटने से बच गया ।



## शरद पूर्णिमा का दिन साल का सबसे पवित्र दिन

**रामपुर।** शरद पूर्णिमा का दिन साल का सबसे पवित्र दिन होता है इस दिन चन्द्रे मा अपने पूर्ण योवन पर होता है और आसमान से अमृत की वर्षा होती है, वाल्मीकि उपासक आज के दिन वाल्मीकि जी का गुणगान कर भगवान वाल्मीकि को अमृतभोग (खीर) लगा कर खुले आसमान के नीचे रख देते हैं। जिस पर आसमान से अमृतवर्षा (ओस) होने के कारण वह अमृतभोग बन जाता है ऐसी मान्यता है कि जो भी लोग इस अमृत भोग का सेवन करते है उनके सारे दुख- दूर होते है और उनके यहाँ धन की वर्षा होती है।



## इलाज दौरान मौत मचा कोहराम

**मसवासी।** रविवार की शाम टांडा बाजपुर मार्ग पर कैंटर की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे गंभीर अवस्था में काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी जिसकी इलाज के दौरान काशीपुर के अस्पताल मे मौत होगई। यूवक की मौत से परीवार में कोहराम मचा हुआ है परीवार का रो-रोकर बुरा मृतक युवक ने अपने पीछे दो बच्चे छोड़े है नगर के मोहल्ला भूवरा निवासी सुहेल पुत्र लियाकत हाजी अपनी स्कूटी से टांडा बाजपुर मार्ग मसवासी चौराहे से अपने घर जा जा रहा था कि ज्यारत के निकट सामने आ रहे तेज रफ्तार कैंटर अपनी चपेट में ले लिया जिसमे वह गम्भीर रूप चोटिल हो गया गंभीर रूप से घायल युवक को काशीपुर के निजी अस्पताल भरती कराया जहा पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई युवक की मौत से परीवार मे कोहराम मचा हुआ है परीवार का रो-रोकर बुरा हाल है। दुर्घटना की अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।



## 12 ऑटो/टैम्पो सीज, 09 वाहनों के चालान

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की कार्रवाई की गयी। यात्रीकर अधिकारी श्री होरी लाल वर्मा ने बताया कि यह अभियान रामपुर-स्वार मार्ग और आंबेडकर पार्क से रोडवेज बस अड्डा तक अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया गया, जिसके अंतर्गत 01 बस को सीज किया गया और 02 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गयी।




## किसान करें ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत सरसों बीज मिनीकिट तथा निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत मटर बीज मिनीकिट की बुकिंग हेतु agridarshan.up.gov.in ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है। इच्छुक कृषक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इन बीजों की मिनीकिट की बुकिंग कर सकते हैं।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/6/2025 8:04 PM Page 1



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर गुरुग्राम में हुआ भव्य भंडारा आयोजन

● समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति का अनोखा संगम –बोध राज सीकरी

● आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने किया 6 स्थानों पर भण्डारे का आयोजन : बोधराज सीकरी





**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था पंजाबी बिरादरी महासंगठन के चेयरमैन व भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी द्वारा अपने सहयोगियों भारत भूषण नरूला, जगदीश बंसल, राजेश बंसल और अजय भार्गव के सहयोग से शहर के 6 स्थानों बसई रोड स्थित गंगागिरि कुटिया, सुशांत लोक स्थित व्यापार केंद्र के निकट, न्यू कालोनी स्थित गीता भवन, सैक्टर 41 स्थित श्री शक्ति पीठ मंदिर, सैक्टर 6 स्थित माता चिंतपूर्णी मंदिर व सैक्टर 7 स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल आदि पर भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की अगुवाई प्रधान ओम प्रकाश कथूरिया और वरिष्ठ उपप्रधान प्रमोद सलूजा ने की। आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में एकता, सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाना था। बोधराज सीकरी ने कहा कि विजयदशमी के दिन आरएसएस ने अपनी 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूरी की। संघ ने 5 महत्वपूर्ण जीवन संदेश स्वयं का बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी अपनाना दिए हैं। कार्यक्रमों में आरएसएस के प्रांत संघचालक प्रताप, महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष पूनम भटनागर, सुरेश सीकरी, जीएवी के अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, केन्द्रीय श्री सनातन धर्म के अध्यक्ष सुरेंद्र खुल्लर, डॉ. अशोक दिवाकर, रामलाल ग्रोवर, गजेन्द्र गोसाईं, किशोरी लाल डुडेजा, अशोक आर्य, धमेर्द्र बजाज, ज्योत्सना बजाज, युधिष्ठिर अल्मादी आदि का सहयोग रहा।

# भव्य कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमदभागवत का हुआ शुभारंभ

● कलयुग में मोक्ष का सबसे सरल और प्रत्यक्ष साधन है श्रीमदभागवत : आराधना देवी



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सोमवार से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में जहां बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर भाग लिया, वहीं काशी की कथाव्यास आराधना देवी भी बग्घी में सवार होकर श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई। संस्था के प्रवक्ता एसके तिवारी का कहना है कि शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर मंदिर परिसर में ही सपंन्न हुई। श्रद्धालु नृत्य करते हुए दिखाई दिए। भागवत कथा 7 दिन चलेगी। कथाव्यास आराधना देवी ने श्रीमदभागवत कथा के महात्म्य का संगीतमय शैली में वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य अत्यंत विशाल है, जिसमें वेदों का सार है, भगवान का स्वरूप है, जो जन्म-मृत्यु के भय को समाप्त करती है। मन व आत्मा को शुद्ध करती है और सभी पापों को नष्ट करती है। कथा के श्रवण मात्र से व्यक्ति को भोग और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है तथा कलयुग में मोक्ष का सबसे सरल और प्रत्यक्ष साधन है। उनका कहना है कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उनका कहना है कि समय-समय पर भगवान को भी अपने भक्त की भक्ति के आगे झुककर सहायता के लिए आना पड़ा है। मित्रता, सदाचार, गुण, अवगुण, द्वेष सभी प्रकार के भावों को व्यक्त किया है। जब तक हम किसी चीज के महत्व को नहीं जानते तब तक उसके प्रति मन में श्रद्धा नहीं जगती। जब तक भक्तों का मन पवित्र नहीं होगा तब तक भागवत कथा श्रवण का लाभ नहीं मिल सकता।

# हरियाणा में डिजिटल शिक्षा क्रांति की हुई शुरूआत जरुरतमंद बेटियों को मिल रहा है लाभ : शील मधुर



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** महिला सशक्तिकरण और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए फिरोजपुर झिरका स्थित मां शांति कंप्यूटर स्किल सेंटर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शील मधुर शामिल हुए। शील मधुर का कहना है कि बेटियों की शिक्षा के लिए समर्पित यह सेंटर आज डिजिटल शिक्षा का एक मिसाल बन चुका है।

बड़ी संख्या में छात्राएं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आगामी एक नवम्बर से नया सत्र प्रारंभ होगा, जिसमें बेसिक कंप्यूटर कोर्स के अलावा ग्राफिक डिजाइनिंग, फोटो सॉफ, एम एस आफिस, डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंट टैली, आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक साफ्टवेयर तकनीकी कोर्स सिखाए जाएंगे। उनका कहना है कि आगामी सत्र से कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ सिलाई, कढ़ाई, बुनाई और अन्य हुनर आधारित कोर्स भी शुरू करने की कोशिश की जाएगी ताकि बेटियां न केवल डिजिटल रूप से सशक्त हों, बल्कि पारंपरिक कला और स्वावलंबन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें। उनका कहना है कि मेवात में इस पहल की सफलता के बाद अब यह मिशन पूरे हरियाणा में विस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि राज्यभर में और बहुत से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान खोले जाएं, ताकि हर बेटी डिजिटल युग में पीछे न रह जाए। उन्होंने बताया कि यह सारे संस्थान निशुल्क संचालित किए जाएंगे ताकि गरीब परिवारों की बेटियां भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकें। कंप्यूटर प्रशिक्षण में अदीति नहलिया ने प्रथम, अरबिना ने द्वितीय, और रिजवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तीनों प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के मैनेजर जफरूद्दीन, प्रशिक्षक जब्बार खान, और रिटायर्ड एसपी मोहम्मद इसाक खान डायरेक्टर कंप्यूटर सेंटर को शील मधुर आईपीएस ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन में राष्ट्रीय कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद के डायरेक्टर सज्जन कुमार, डॉ. निशेष, डॉ. विक्रम सिंह, मौसम माहौली, साजिद हुसैन, अनीस अहमद, सीमा कुमारी, कशमीना आदि मौजूद रहे।

# शक्ति संपन्न जाति भेद विहीन आत्मनिर्भर बने हमारा समाज : प्रताप सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा गुरुग्राम महानगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ की परंपरा के अनुरूप यह कार्यक्रम अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति की सशक्त प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। नगरवासीयों ने इस पथ संचलन को देखकर न केवल संगठन की शक्ति का अनुभव किया, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का सशक्त संदेश आत्मसात करते दिखाई दिए। यही वजह रही कि पथ संचलन के मार्ग में खड़े लोगो ने स्वयंसेवकों पर न केवल पुष्प वर्ष की बल्कि भारत माता,वन्देमातरम के जय घोष से उनका आ अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुरुग्राम में 17 कार्यक्रम हुए उनमे से 2 में विश्व हिंदू परिषद संयुक्त महासचिव डा. सुरेंद्र जैन, हरियाणा प्रान्त संघचालक प्रताप सिंह




की विशेष उपस्थिति रही। समरसता, शिक्षा और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाने के मुद्दों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। डा. सुरेंद्र जैन व प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज में अच्छा करना, और बुराई को रोकना और बुराई को अच्छे की तरफ मोडड्डा शक्ति का प्रतिपादन रहा है। शक्ति केवल अच्छा कार्य करना ही नहीं बल्कि बुरा रोक सके इसे भी शक्ति कहते है। आरएसएस द्वारा महानगर के विभिन्न स्थानों पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को डा. अर्पित जैन, ब्रिगेडियर सतीश सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# महाराज अग्रसेन धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में जाने जाते हैं: विपुल गोयल

● महाराजा अग्रसेन पर जल्द देखने को मिलेगा टी वी सीरियल: गोयल

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना, सुभाष पुलानी।** सोहना अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5149 वी जयंती बड़े ही धूमधाम मनाई। अग्रसेन जयंती के मौके पर केबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जहां अग्रवाल सभा द्वारा उनका मेन हाइवे पर बने स्वागत द्वार पर बुके देकर स्वागत किया। जहां उन्हें ढोल नगाड़े के साथ एक लक्जरी गाड़ी में बैठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।जहां कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का जगह जगह फूलमालाओं से स्वागत किया। वहीं उन्होंने शहरवासियों और व्यापारियों का हाथ जोड़कर सभी का आभार व्यक्त किया। अनाज मंडी में बने मंच पर पहुंचने पर उनका बड़ी माला से स्वागत किया । जहां अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश अग्रवाल ,सुभाष बंसल डेयरी वाले ,रवि सिंगला, डॉक्टर महेश गोयल,प्रदीप गर्ग,एडवोकेट रजनीश अग्रवाल ,विजय अग्रवाल पूर्व प्रधान,रोहित गर्ग,सतेंद्र गर्ग,सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने द्वीप प्रज्वलित कर अग्रसेन जयंती का शुभारंभ किया और स्कूल की छात्राओं ने गीत की प्रस्तुति देकर आयोजन का आगाज किया ।अग्रसेन जयंती समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि विपुल गोयल ने सभी समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया और अग्रसेन जयंती की बधाई दी ।जहां उन्होंने कहा इतिहास गवाह है महाराज अग्रसेन धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष



के रूप में जाने जाते थे,जाते हैं ,और जाने जाते रहेंगे। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती के आयोजन की अध्यक्षता सुभाष बंसल ने की ।जहां युवा पीढ़ी ने मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि रवि सिंघल,वैश्य समाज के युव प्रदेशाध्यक्ष दीपक गुप्ता, वशिष्ट गोयल ,पूर्व विधायक दीपक मंगला का जोरदार स्वागत किया ।पूर्व विधायक दीपक मंगला ने कहा महाराज अग्रसेन ने अग्रोहा में 108 साल राज किया समानता की बात हो लोकतंत्र की बात हो उनके सिद्धांत पर चल रही है हमारे लिए गर्व की बात है। उनके 18 पुत्र थे 18 वे पुत्र के यज्ञ में कहा पशु बलि नहीं दी जाएगी ।उनके राज में सभी सुखी थी । मैं यहां से सीख कर जा रहा हूं। दीपक गुप्ता वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर जयकारा लगाया। कहा मात्र साल भर नहीं हुआ एक साल में अग्रोहा से अयोध्या पहली फ्लाइट शुरू हुई है। इस अवसर पर वशिष्ठ गोयल ने कहा मै अग्रसेन जयंती के लिए सभी को मुबारिक वाद देता हूं। अग्रसेन जयंती के अवसर पर कहा 5149वी जयंती मना रहे हैं ।अग्रवाल सभा कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का स्वागत करती हैं उन्होंने हमें यहां आकर कृतार्थ किया। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो अनाज मंडी से अस्पताल रोड फवारा चोक होते हुए वापिस अनाज मंडी में समापन हुआ। अग्रसेन भवन को बनाने में सभी योगदान रहा। इस अवसर पर राजिंद्र बागड़ी , मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला,आशीष गर्ग,अशोक गर्ग रेडीमेड वाले,कपिल गर्ग,चिराग सिंगला,हर्ष बंसल,निखिल बंसल पंकज गुप्ता,प्रहलाद गुप्ता उमेश सिंगला,सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# तीन घंटे का सफर अब सिर्फ 60 मिनट में, भारत की पहली 8-लेन सुरंग तैयार– जानें खासियत

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना/ गुरुग्राम।** देशवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भारत की पहली 8-लेन सुरंग अब अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही जनता के लिए खोल दी जाएगी। यह सुरंग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के कोटा-दिल्ली रूट पर बन रही है और इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। नवंबर 2025 तक इसके शुरू होने की संभावना है।

**सुरंग की प्रमुख बातें**

यह सुरंग मुकुंदरा हिल्स के नीचे बनाई जा रही है, जो एक टाइगर रिजर्व क्षेत्र है। सुरंग की लंबाई 5 किलोमीटर और चौड़ाई 22 मीटर होगी। इसमें प्रत्येक दिशा के लिए 4-4 लेन होंगे, यानी कुल 8 लेन। वाहन 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से इस टनल को पार कर सकेंगे।

**सफर होगा अब और आसान**

फिलहाल, मुकुंदरा हिल्स को पार करने के लिए वाहनों को सवाई माधोपुर के रास्ते लगभग 60 किलोमीटर अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है। यह रास्ता दौसा जिले के लालसोट के पास एक्सप्रेसवे से मिलता है। टनल के चालू होने के बाद वाहन सीधे कोटा की ओर बढ़ सकेंगे, जिससे सफर का समय 3 घंटे से घटकर सिर्फ 1 घंटा रह जाएगा।

**पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं**

इस सुरंग का निर्माण इस तरह से किया गया है कि टाइगर रिजर्व और वनों को कोई नुकसान न हो। निर्माण कार्य के दौरान और इसके बाद भी वन्य जीवों के प्राकृतिक आवागमन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सुरंग के ऊपर जानवरों के घूमने की जगह सुरक्षित रखी गई है, जबकि नीचे तेज रफ्तार से वाहन चल सकेंगे।

**बारिश से हुआ था निर्माण में विलंब**

हालांकि एक निजी समाचार पत्र के अनुसार प्रोजेक्ट के सैक्शन निर्देशक ने बताया कि भारी बारिश के चलते कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोकना पड़ा था, लेकिन अब काम अंतिम चरण में है और दिसंबर 2025 से वाहनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है।

**दिल्ली और कोटा के बीच सफर आसान**

देश की यह पहली 8-लेन सुरंग न केवल दिल्ली और कोटा के बीच के सफर को आसान बनाएगी, बल्कि यह भारत की आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमताओं का एक शानदार उदाहरण भी होगी

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा न्यायविदों के लिए आयोजित 3 दिवसीय सम्मेलन का हुआ समापन

● तनावग्रस्त स्थिति में लिया गया निर्णय ही पैदा करता है तनाव : जस्टिस शशिकांत मिश्रा



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** तनावग्रस्त स्थिति में लिया गया निर्णय व्यक्ति के मन में तनाव ही पैदा करता है। राजयोग चित की वृत्तियों को नियंत्रित करता है, जिससे मन तनावमुक्त होता है। संतुष्टता ही सबसे बड़ा धन है। उक्त विचार उड़ीसा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शशिकांत मिश्रा ने धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज द्वारा जिले के बिलासपुर क्षेत्र स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में न्यायविदों के लिए आयोजित 3 दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उनका कहना है कि असली लीडर वो है, जिसका लोग अनुसरण करें। गीता में भी कहा गया है कि महाजन जो करते हैं, सामान्य मनुष्य उसे फोलो करते हैं। चेतना की जागृति ही नेतृत्व क्षमता को जन्म देती है।

बिना भय और पक्षपात का निर्णय तभी होता है, जब हम अंतर आत्मा की आवाज सुनते हैं। संस्था की राजयोगिनी बीके पुष्पा का कहना है कि दूसरों का न्याय करने से पहले स्वयं के साथ न्याय करना भी जरूरी है। जीवन को सुख-शांति और खुशियों से भरना ही स्वयं के साथ न्याय करना है। क्योंकि बेहतर निर्णय के लिए शांत मन होना जरूरी है। दिल्ली बार काउंसिल के चेयरमैन कैलाश चंद्र मित्तल का कहना है कि कानून बनने के बाद भी आज अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। जिसका मूल कारण नैतिक और चारित्रिक पतन है। आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही सामाजिक बदलाव संभव है। आयोजन को न्यायविद् राजकुमार यादव, बीके निशा, बीके नथमल, बीके प्रदीप आदि ने भी संबोधित किया। अनेक सत्रों के माध्यम से राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान की विस्तृत जानकारी दी गई।

# नोडल अफसर का कभी भी चल सकता है पीला पंजा, सोहना की पहाड़ कॉलोनी से पलायन कर रहे लोग

● गाड़ियों में भरकर ले जा रहे घर का सामन, नोडल अफसर आर एस बाठ का लोगों के चेहरे पर दिखा डर।

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** नोडल अफसर आर एस बाठ का सोहना की पहाड़ कॉलोनी वासियों के चेहरे पर दहशत दिखाई दे रही है। आज जब मीडिया कर्मी पहाड़ कॉलोनी में खाली कर रहे लोगों से मिले तो उन्होंने आप बीती बताई। जिसमे सोहन,दौलत, संजय, दया चंद आदि ने बताया कि पिछले चार दशक से यहां रह रहे हैं। जिसमे कुछ एक ही परिवार के लोग हैं जो मेवात के रीठठ के रहने वाले थे और उस समय हमारे पिता जी वहां रोजगार और अल्पसंख्यक होने के चलते सोहना पलायन करके आ गए अब सरकार इन्हें यहां से पलायन करने पर मजबूर कर रही है ।हालांकि प्रशासन का कहना है कि इनके पास जमीन के वैध दस्तावेज नहीं है। इन्होंने कॉम्प्लेक्स और वन विभाग की लगभग 8 से 10 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है और कुछ लोग नशे का कारोबार में लिप्त हैं जिसके चलते सोहना का नाम बदनाम हो रहा है ।आज जब मीडिया कर्मी कॉलोनी में पहुंचे लोग महिलाएं



बच्चे एकत्रित हो गए । लगा कोई अधिकारी आ गए जहां वो मीडिया कर्मियों से ही गुहार लगाने लगे कहने लगे कि सरकार से हमारे आशियाने बचा लो। जहां एक बुजुर्ग ने तो बताया कि हमारी पीढ़ियों गुजर गई यहां पर जब मजदूरी 25 रुपए प्रतिदिन होती थी। बताया यहां कॉम्प्लेल्स हमने बनाया 60 साल हो गए पत्थर तोड़े और कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया आज सरकार हमारे ही आशियाने को तोड़ने लग रही है। हम गरीब मोची का कार्य करते हैं, जूते पॉलिश करते हैं और बच्चों का लालन पोषण कर रहे हैं ।जहां एक महिला घर खाली कर रही थी और बताया कि मेरी शादी को 20 साल हो गए और तीन छोटे बच्चे हैं जो स्कूल में पढ़ रहे हैं । आज प्रशासन हमारे घर तोड़ने के लिए बोल रही है। बोला दस दिन के अंदर खाली कर दो वरना घर से एक कील नहीं उठाने देंगे। जिसके डर से हम यहां से खाली करके किराए पर जखोपुर जा रहे हैं।

आपको बता दें नोडल अफसर आर एस बाठ ने कुछ दिन पहले कॉम्प्लेक्स पर सभी कॉलोनी वासियों की मीटिंग ली थी जिसमें पार्षद भी मौजूद थे। जहां उन्होंने कहा था कि हरियाणा टूरिज्म की जमीन पर कब्जा किया हुआ है इसे खाली करना होगा ।इसके अलावा नशा करने वाले को खासकर चेतावनी थी।

हालांकि कॉलोनी वासियों ने विधायक और वन मंत्री से मुलाकात कर आशियाना उजड़ने से गुहार लगाई थी ।लेकिन आने वाले कल क्या होगा समय के गर्भ में है।

## समाचार

# समाधान शिविर जन शिकायत निवारण की सुव्यवस्थित प्रक्रिया : एडीसी

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** एडीसी वत्सल वशिष्ठ ने कहा कि समाधान शिविर जन शिकायत निवारण की सरकार की सुव्यवस्थित प्रक्रिया है। जहां जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय पर त्वरित समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। एडीसी ने कहा कि डीसी अजय कुमार ने जिला में शिकायत निपटान में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित की है। डीसी स्वयं जिला में सम्बधित विभागों के जिला अधिकारियों से जवाबदेही के साथ तय समय पर समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। एडीसी ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियो को निर्देश दिए शिकायतों की गंभीरता से जांच कर उनका तय समय मे निवारण करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सभी विभागों के अधिकारियो की उपस्थिति में आयोजित किए जाते है। शुक्रवार को इस संबंध में डीसी अजय कुमार द्वारा स्वयं विभाग वार अधिकारियों की जवाबदेही के साथ शिकायतों की समीक्षा की जाती है। वहीं जिला में आई शिकायतों की रोजाना संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली जाती है।

# 108 कुण्डीय यज्ञ का मुख्य उद्देश्य है विश्व में सुख-शांति व खुशहाली की कामना : सुधांशु महाराज

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था विश्व जागृति मिशन द्वारा मानव कल्याण व विश्व में सुख-शांति तथा समृद्धि के लिए राजधानी स्थित संस्था के आनंदधाम परिसर में 108 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्म क्षेत्र में आस्था रखने वाले श्रद्धालु परिवार सहित शामिल हुए। संस्था के अधिष्ठाता सुधांशु महाराज ने कहा कि यह एक बड़ा धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें एक ही स्थान पर 108 कुंड बनाए जाते हैं, जिनके समक्ष बैठकर भक्त या आहुति देने वाले लोग विभिन्न मंत्रों का जाप करते हुए यज्ञ में आहुति देते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण और वैदिक धर्म के प्रति जन-जागरूकता फैलाना होता है। इस प्रकार के आयोजन संस्था देश के विभिन्न क्षेत्रों में समय समय पर करती रही है और ये शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना का माध्यम होते हैं। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य विश्व में सुख-शांति और खुशहाली की कामना करना है। यह पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी एक माध्यम है। यह सनातन धर्म में लोगों की रुचि जगाने और संस्कारित मूल्यों का प्रसार करने का एक तरीका है। संस्था के आचार्य हरीश उपाध्याय का कहना है कि संस्था ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की। गुरुग्राम से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए।

# नगर निगम गुरुग्राम द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कादीपुर में एक भव्य विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब हम अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखते हैं, तभी हमारा शहर वास्तव में स्मार्ट बनता है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को समाप्त करने और पुनः प्रयोग योग्य वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 10 के पार्षद महावीर यादव, नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी, तथा बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्ष प्रिंका यादव उपस्थित रहीं। पार्षद महावीर यादव ने विद्यार्थियों को घर में दो कूड़ेदान रखने — एक गीले कचरे के लिए और दूसरा सूखे कचरे के लिए — की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घर से ही कचरे का पृथक्करण प्रारंभ होगा, तभी शहर पूरी तरह स्वच्छ बन सकेगा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता शपथ दिलाई और कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक



प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता, प्लास्टिक उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने समाज में स्वच्छता के महत्व को प्रभावी ढंग से उजागर किया। इस अवसर पर बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्ष प्रिंका यादव ने कहा कि बच्चे समाज में परिवर्तन के असली दूत हैं। इसमें स्वच्छता पखवाड़ा के जिला संयोजक हैप्पी शर्मा, आरडब्ल्यूए प्रधान सुनीता कटारिया, एसआई हरीश शर्मा, एएसआई विकास सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/6/2025 8:39 PM Page 1



# तावडू में दूध व दूध से बनी वस्तुएं छू रही आसमान, मिलावटी दूध का हो रहा प्रयोग, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू (मेहंदीरत्ता)।** मेवात क्षेत्र जो कि दूध बाहुल्य क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। वहीं दूध की बढती मांग के कारण दूधए दही व मावे के दाम आसमान छूने लगे है। उल्लेखनीय है कि मेवात के शहरी क्षेत्रों में इन दिनों मिलावटी दूध के भाव भी 75 रुपए लीटर तक पहुंच गए है। दूध से बना मावा भी पूर्णतयः शुद्ध नहीं है। मेवात में मावा करीबन 450 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से मिलता है। आश्चर्य तो यह है कि भावों में वृद्धि होने पर भी दूध व मावा की क्वालिटी शुद्ध नहीं मिलती।

इस क्षेत्र में दूध व मावा के दाम बढने का मूल कारण क्षेत्र से दूध दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जाना बताया जा रहा है। दूध क्षेत्र से बाहर जाने के कारण क्षेत्र की मांग पूरी नहीं हो पाती। उधर कुछ मावा विक्रेताओं की विशेष भट्टियां चलने से मावा थोक के भाव में बाहरी क्षेत्रों में सप्लाई करने का धन्धा भी जोरों पर है। क्योंकि बाहरी क्षेत्रों में मिलावटी मावे के दाम भी अच्छे मिल जाते है। यही कारण है कि यहां का दूध का सप्लायर स्थानीय मांग की उपेक्षा कर बाहरी क्षेत्रों की सप्लाई पर विशेष ध्यान देते है। दूध उपलब्धता में कमी के साथ मावा एंव दूध व पनीर में मिलावट का धन्धा पूर्ण यौवन पर है। बाजार में जो दूध मिलता है उसमें आधा दूध व आधा पानी के अलावा रसायनिक पदार्थो मिलाए जाते है। मेवात जिले में मिलावटी दूध का कारोबार जोरों पर है। मावे में एक खास किस्म का पाऊडर व यूरिया आदि की मिलावट होती है। जोकि मानव जीवन के साथ खिलवाड़ है।

क्षेत्र के अजीत, पवन कुमार, प्रेम सिंह, प्रताप सिंह, हरपाल सिंह, अशोक कुमार, भगवान सिंह आदि लोगों का कहना है कि वर्तमान सीजन में दूध की कीमतों में बढौतरी इसी प्रकार जारी रही तो दूध मेवात के आम आदमी के लिए जुटा पाना असम्भव हो जाएगा। वहीं इन रसायनिक पदार्थो की दूध व दूध से बनने वाले व्यंजन जहरीले हो गए है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार से मांग है कि दूध के भावों पर शीध्र ही नियत्रंण में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए तथा दूध मावा पनीर में मिलावट करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

# तावडू साईं धाम मंदिर प्रत्येक लोगों के लिए प्रेरणा का केन्द्र है: नेहा साईं



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** सच्ची शिरडी क्या है, सिर से ऐडी को सिरडी बोलते हैं। जिसमें एक केन्द्र दिल, जिसमें साईं बाबा वास करते हैं। श्रद्धा व सबूरी हर जगह लिखी रहती है। लेकिन श्रद्धा सबूरी हम पैदा कैसे करें। वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में यह विचार मंदिर संचालिका नेहा साईं ने रखे। उन्होंने कहा कि साईं स्वयं एक अवतार हैं, जिस प्रकार राम व कृष्ण, नानक व कबीर ने इस पृथ्वी पर जन्म लेकर अपने मालिक के प्रति अपना जीवन समर्पण करते हुए पूरे विश्व को सुख पहुंचाने का संदेश दिया। उसी संदेश का आगे बढाने का कार्य कलयुग में साईं बाबा ने किया। सभी जाती पांत सम्प्रदाय व धर्मों को मिलाकर उस ईश्वरी कार्य को कैसे मनुष्य जीवन में रहते हुए आगे बढाया जा सके। चौरासी लाख योनियों में मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो ईश्वरी प्यार को जन-जन तक पहुंचा सकता है, वो चाहे सजीव है या निर्जीव हो। इसलिए अपने जीवन में रहते हुए साईं ने हर प्राणी हर वस्तु हर मजहब में रहते हुए उस ईश्वरी मंजिल को कैसे प्राप्त करें, यह साईं के संपर्क में आने से बहुत सरल में पता चलता है। इसलिए आज सभी धर्म सम्प्रदाय मजहब के लोगों का प्रेम बाबा के प्रति दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि तावडू साईं धाम मंदिर उनके लिए प्रेरणा का केन्द्र है, जो एक संकल्प को सिद्ध करता है।

# ओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक मजबूत एवं महत्वपूर्ण कड़ी है : पंकज पूजन रामपाल

● भाजपा ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक हुई संपन्न



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कार्यालय ह्यअटल कमल भवनह्व में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण चौधरी (भाखरी)) ने की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पंकज पूजन रामपाल, पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र भडाना मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में 4 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मदन चौहान, और जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के निदेर्शानुसार ओबीसी मोर्चा में जिला पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई थी, बैठक के दौरान उन सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का औपचारिक परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ह्लओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक मजबूत एवं महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस वर्ग को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने का जो संकल्प लिया है, वह अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी भी ओबीसी वर्ग के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसे में ओबीसी मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार से पार्टी को जमीनी स्तर पर एक नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।ह्व श्री रामपाल ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचारित करना और उनका लाभ दिलाना मोर्चे का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

**संगठनात्मक नियुक्तियाँ सिर्फ पद नहीं होतीं, बल्कि यह एक उत्तरदायित्व है : प्रवीण चौधरी (भाखरी)**

ओबीसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी (भाखरी) ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक नियुक्तियाँ सिर्फ पद नहीं होतीं, बल्कि यह एक उत्तरदायित्व और संकल्प होता हम सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से कार्य कर ओबीसी मोर्चा को जिले में नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी मोर्चा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना, और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना है। हम सबका लक्ष्य है कि भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाएँ विशेष रूप से ओबीसी वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें।ह्व उनका संकल्प है कि वे पार्टी के पुराने एवं नए कार्यकताओं को जोड़कर संगठन की नींव और अधिक मजबूत करेंगे। बैठक में शामिल सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार साँझा किए तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि वे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगें। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद भाटी, कृष्ण कुमार, मालवती पांचाल, संदीप मावी, राजेश मीणा, दिगपाल रावत, अजब चन्दीला, जिला महामंत्री कोमल चौधरी, राकेश मौर्या, जिला सचिव अमित भड़ाना, गजेन्द्र, जगमोहन यादव, कमल सैनी, सुदेश स्वामी, याशिमन, राजपाल गोला, जिला कोषाध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, जिला कार्यालय सचिव जगन्नाथ शाह, जिला प्रवक्ता भगवान सिंह, जिला मिडिया प्रभारी रविन्द्र सैन, सह प्रभारी सोनू यादव, मन की बात जिला संयोजक जगदम्बा वर्मा और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूपेंद्र हुड्डा अपनी सरकार की कारगुजारियां भूल नहीं पा रहे: राजेश नागर

● खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने खरीफ फसल की खरीद और एमएसपी पर दिया जवाब



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर तंज कसे। उन्होंने हुड्डा द्वारा लगाए आरोपों पर बोला कि वो खुद की सरकारों की कारगुजारियां भुला नहीं पा रहे हैं। हुड्डा सरकारों में किसानों को कई कई दिन लाइनों में लगना पड़ता था और दलाल किसानों को लूटते थे लेकिन हमारी सरकार में अन्नदाता की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

मंत्री राजेश नागर ने प्रेस को बताया कि अब तक मंडियों में 13.68 लाख मेट्रिक टन धान की आवक हुई है जिसमें से अब तक 10 लाख मेट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है जिसमें से 5.65 लाख मैट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। नागर ने कहा कि प्रदेश में अब तक 81410 किसानों से धान की खरीद की जा चुकी है। सरकार ने किसानों की खरीदी फसल का अब तक 1014,19 करोड रुपए की राशि का भुगतान भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार किसानों की फसल को लेकर गंभीर है, जिसके चलते किसानों को फसल का उचित रेट सरकार की ओर से एमएसपी के माध्यम से दिया जा रहा है। वहीं मंत्री राजेश नागर ने मौसम विभाग द्वारा दो दिन के बारिश अलर्ट पर कहा कि मंडियों के अंदर एक अधिकारी की 24 घंटे ड्यूटी होती है किसी प्रकार की कमी होने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और सभी मंडियों के अंदर बार दाने की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं फिर भी कोई कमी होती है तो उस पर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया जाएगा।

मंत्री राजेश नागर ने कांग्रेस में गुटबाजी और खींचातानी पर कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद गुटबाजी उभर कर सामने आ गई है। अहीरवाल के चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाना केवल आईवॉश है, इससे कांग्रेस की स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा।

# को.ऑप्टेड मेंबर बनाए जाने के एडवोकेंट हरीश पाराशर का स्वागत




**उत्तम भारत संवाददाता फरीदाबाद।** एडवोकेट हरीश पाराशर को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी में को-ऑप्टेड मेंबर बनाए जाने के उपलक्ष्य में सोमवार को फरीदाबाद कोर्ट के साउथ विंग स्थित सीट नंबर 33 पर स्वागत एवं लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर हरीश पाराशर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई वितरित कर हरीश पाराशर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। उपस्थित मेंबर बार काउंसिल अजय चौधरी व राजेश लांबा ने कहा कि हरीश पाराशर के अनुभव और नेतृत्व से बार काउंसिल की कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने वकालत जगत में सदैव न्याय, निष्ठा और सेवा की भावना से कार्य किया है, जिससे युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा मिलती है। इसलिए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हरीश पाराशर ने भी दोनों वरिष्ठ अधिवक्ताओं का इस जिम्मेदारी को दिलाने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से धर्म सिंह रावत, रामकरण भारद्वाज, अनुज शर्मा, अनिल पाराशर जिला पार्षद, सर्वेश कौशिक, दिनेश तोमर, बॉबी रावत, सुखबीर चंदिला, भीम चंदिला, विकास अधाना, अश्वनी त्रिखा, राजीव जतवानी, विक्रम अरुआ, सतबीर शर्मा, पवन पाराशर, सीपी पाराशर, ऋषि भारद्वाज, सचिन वत्स, दीपक वशिष्ठ, ओमदत्त शर्मा और अजय चौधरी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

सभी अधिवक्ताओं ने हरीश पाराशर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के हित में और अधिक सशक्त कार्य की उम्मीद जताई। वहीं, हरीश पाराशर ने उपस्थित सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे फरीदाबाद बार का है। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस मौके पर जोगिंदर नरवत, विवेक कौशिक, टीका डागर, ऋषि भारद्वाज, विजय भारद्वाज, हरजीत सिंह प्रताप, हेमराज कपासिया, मनमीत कौर, राहुल सेठी, हरवीर बैंसला, सतीश रावत, विपिन यादव, गौतम वत्स, प्रदीप चपराना, आशीष कौशिक और सुरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाने की योजना: कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज मीडिया संवाद कार्यक्रम में अपनी महत्वाकांक्षी योजना सांझा की। कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय का लक्ष्य एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग में शीर्ष संस्थानों में स्थान हासिल करना और नैक ग्रेड व ए रेटिंग को बेहतर करना है। इसके लिए सभी पात्र तकनीकी पाठ्यक्रमों में एनबीए मान्यता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सतत प्रौद्योगिकी जैसे नए क्षेत्रों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 15 शिक्षण विभागों और कम्युनिटी कॉलेज में 7,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। कुलगुरु ने बताया कि विश्वविद्यालय 600 छात्रों की क्षमता वाला आठ मंजिला लडकों का छात्रावास बनाएगा, जिसकी लागत लगभग 35 करोड़ रुपये है। इसके लिए पूर्व छात्रों के सहयोग की भी योजना है। विश्वविद्यालय का इनक्यूबेशन सेंटर वर्तमान में 18 स्टार्टअप्स को समर्थन दे रहा है और इसे आगे बढ़ाने की योजना है। विश्वविद्यालय की योजनाओं में फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर 18 एकड़ क्षेत्र में नए परिसर का विकास, छात्रावास, शोध व उद्योग सहयोग शामिल हैं। प्रो. राजीव कुमार ने कैंपस में प्लेसमेंट, कौशल विकास, ग्रामीण युवाओं का सशक्तिकरण, पेयजल और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति में पूर्व छात्रों और मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर राजकीय रेलवे पुलिस पहुंची और शवों को बादशाह खान अस्पताल में पहचान के लिए रखा गया। परिजन आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

जांच अधिकारी संजय कुमार के अनुसार, दोपहर में करीब 25-30 वर्षीय युवक सराय रेलवे फाटक के पास गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस की चपेट में आ गया।

प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। मृतक के पास कोई मोबाइल या दस्तावेज नहीं मिले और पूछताछ के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी। दूसरी घटना बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन से असावटी की तरफ हुई। जीआरपी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मिले शव की उम्र लगभग 55-60 वर्ष अनुमानित है। प्राथमिक जांच में यह दुर्घटना प्रतीत हो रही है।

मृतक के पास भी कोई दस्तावेज नहीं मिला। परिजन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों और आसपास के लोगों में दोनों घटनाओं को लेकर शोक और कोहराम का माहौल छा गया है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार में भीषण आग, महिला और 3 बच्चो सुरक्षित निकले

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गांव सीकरी के पास एक क्रेटा कार में अचानक आग लग गई। हादसे के समय गाड़ी में चालक की पत्नी और तीन बच्चे मौजूद थे। जैसे ही इंजन से धुआं निकलने लगाए चालक ने गाड़ी रोककर साइड में लगाई और पूरे परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी दौरान गाड़ी पूरी तरह से आग के गोले में बदल गई।

परिवार गांव खंदावली का रहने वाला है। चालक सरवर खान रविवार शाम साढ़े चार बजे सोहना अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। गाड़ी में उनकी पत्नी, बेटी मायर, इंशा और बेटा अरसद मौजूद थे।

दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे पर चढ़ते ही गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा, जिससे सरवर ने तुरंत गाड़ी साइड में लगाई और परिवार को बाहर निकाला।

सीकरी पुलिस चौकी और दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीकरी पुलिस चौकी के एएसआई नरेंद्र ने बताया कि आग लगने से किसी को चोट या नुकसान नहीं हुआ। गाड़ी पेट्रोल पर थी और आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

यह घटना फरीदाबाद में हाल ही में हुई आग संबंधी हादसों की याद दिलाती है। रविवार को ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर.84 में सीएनजी लीक होने की वजह से एक ड्राइवर अजय जलकर मारे गए थे। उनके गाड़ी के दरवाजे लॉक होने के कारण बाहर निकलना संभव नहीं हो पाया। इससे पहले शनिवार को भी सेक्टर.84 में आग लगने के कारण चालक की जान बाल-बाल बची थी।

विशेष रूप से, यह हादसा समय रहते परिवार के बाहर निकलने और सतर्कता की वजह से बड़ी त्रासदी टल गई। स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग ने आग पर नियंत्रण कर संभावित नुकसान को रोकने में अहम भूमिका निभाई।

# नाले में मिला लापता युवक का शव, शराब पीते समय झगड़े में हत्या का खुलासा

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** मच्छगर गांव के 45 वर्षीय प्रेमपाल का शव इंडियन ऑयल के पीछे नाले में पड़ा मिला। वह दो दोस्तों हर्ष और हनीश के साथ घर से निकले थे और 1 अक्टूबर से लापता थे। पुलिस ने हत्या के शक में दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार प्रेमपाल के परिवार ने 3 अक्टूबर को थाना सदर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेमपाल खेती-बाड़ी का काम करते थे और उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। जांच में पता चला कि 1 अक्टूबर की रात प्रेमपाल अपने दोस्तों के साथ बाइक पर निकले थे और उन्होंने कहा था कि 15-20 मिनट में लौट आएंगे, लेकिन वापस नहीं आए।

रविवार शाम को एक स्थानीय निवासी ने नाले से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमपाल का शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। जांच के दौरान पता चला कि 1 अक्टूबर की रात प्रेमपाल और उसके दो दोस्त नाले के पास बैठकर शराब पी रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया और झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े में प्रेमपाल को गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी दोस्तों ने शव को नाले में फेंक दिया।

थाना सदर प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपा दिया।

# फरीदाबाद में चार दिन से लापता व्यक्ति का शव नाले में मिला, दो आरोपियों पर हत्या का केस

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद के मच्छगर गांव निवासी प्रेमपाल (40 वर्ष), जो चार दिन से लापता था, का शव रविवार देर रात आइएमटी में इंडियन ऑयल के पीछे नाले से बरामद हुआ। स्वजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना सदर पुलिस में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, प्रेमपाल खेतीबाड़ी का काम करता था। वह 1 अक्टूबर को घर से निकला था और शनिवार शाम तक न लौटने पर स्वजन ने थाना सदर में गुमशुदगी की शिकायत दी।

## समाचार

# राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में प्रियांशी व अंश ने जीते पदक




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** कैथल में आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में गुरुग्राम के दो खिलाड़ियों प्रियांशी व अंश ने विभिन्न आयु वर्ग में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। स्पोर्टस कराटे डू एसोसिएशन के महासचिव सुनील सैनी और प्रधान राजकुमार ने बताया कि आरकेएसडी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में लड़कियों के अंडर-14,17,19 आयु वर्ग का और लड़कों में अंडर-14 व 17 आयु वर्ग के मुकाबले हुए। जिसमें विभिन्न जिलों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। गुरुग्राम से 30 खिलाड़ियों ने अपनी विभिन्न आयु वर्ग की कैटेगरी में हिस्सा लेकर दमखम दिखाया। साई कराटे अकादेमी की प्रियांशी ने अंडर-14 में रजत और अंश शर्मा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कोच की भूमिका मे धीरज ने खिलाड़ियों के पदक लाने में कड़ी मेहनत की। उनका कहना है कि अंश अब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। कोच दीपक कार्की और अधीर मुखर्जी ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# तावडू में सड़क दुर्घटना में दंपती घायल, मामला दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव अतीतका मोड के समीप एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में बाइक पर सवार दंपती को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। राजस्थान के गांव टपूकडा निवासी रूजदार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 2 अक्टूबर को वह व उसकी पत्नी अपनी बाइक पर तावडू जा रहे थे। जब वह गांव अतीतका मोड से गुरनावट की तरफ पहुंचे तो सामने से एक दूसरी बाइक ने तेजरफ्तार व लापरवाही से सीधी टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में दंपती को गंभीर चोटें आई और दोनों की एक-एक टांग टूट गई। टक्कर मारने वाला बाइक चालक बाइक को मौके पर छोड कर भाग गया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रूजदार की शिकायत पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# तावडू में आज एम3एम फंाउडेशन के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के पटौदी रोड पर स्थित नट कलोनी में कल बुधवार को एम3एम फंाउडेशन के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहर के पटौदी रोड पर स्थित रविदास मंदिर नट कॉलोनी में कल बुधवार को एम3एम फांउडेशन के तत्वाधान में पारस और आर्टिमिस हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा नि:शुल्क खून की जांच की जाएगी। वहीं गुरूवार को अक्टूबर को नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जाएंगी। कैंप प्रातः साढे 8 बजे से 12 बजे तक चलेगा।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती हवन पूजा कर मनाई गई



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती हवन पूजा करके में मनाई गई। आचार्य राजेश ने हवन के बाद कहा कि जन्म से हम सब शूद्र हैं। संस्कारों से हमारा दूसरा जन्म होता हैं। जिससे हम द्विज कहलाते हैं। वेद पढ़ने पढ़ाने से हम विप्र पंडित बनते हैं और ब्रह्म और जीवात्मा परमात्मा जानने से ब्राह्मण बनते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में भी वर्ण होते हैं पैरों से शूद्र, पेट से वैश्य, भुजाओं से क्षत्रिय, शिर से ब्राह्मण होता हैं। जो व्यक्ति पढ़ा लिखा है वह ब्राह्मण की श्रेणी में आता हैं। आचार्य राजेश ने बताया कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। जो जिस कर्म को करता हैं वह उसी वर्ण में आ जा सकता है। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि डाकू नहीं थे और न रत्नाकर थे। महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण थे वाल्मीकि रामायण में खुद के कहते हैं कि मैंने पहले मन से कर्म से वचन से पहले कभी पाप नहीं किया हैं। इस अवसर पर भीम सिंह, दीपचंद, नवीन बघेल, चन्दर, देवेंदर, राकेश, नवनीत, प्रेम आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जूते की दुकान में झगड़े के दौरान कर्मचारी की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** एनआईटी एक मार्केट में स्थित एक जूतों की दुकान में काम करने वाले कर्मचारी केवल किशन की अपने साथी कर्मचारी प्रशांत के साथ हुए झगड़े के दौरान सीढ़ियों से गिरने से मौत हो गई। घटना रविवार रात को हुई, जब दोनों बेसमेंट में गोदाम में माल उतार रहे थे। जानकारी के अनुसार केवल किशन ने प्रशांत पर जूते का डिब्बा फेंका, जो सीधे प्रशांत के मुंह पर लगा। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया। झगड़े के दौरान केवल किशन सीढ़ियों से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बादशाह खान अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच अधिकारी कुलवीर ने बताया कि फिलहाल केवल किशन की मौत के सटीक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। घटना के बाद प्रशांत मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एनआईटी मार्केट में यह घटना चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि यह मामूली झगड़े के कारण हुई गंभीर दुर्घटना है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, ताकि हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता/भगतपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान5.0 के अंतर्गत सोमवार को थाना क्षेत्र गांव बहेड़ी रोशनपुर स्थित शेखर पब्लिक हाई स्कूल में पहुंचकर उपनिरीक्षक रामगोपाल बर्मा के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, महिला आरक्षी सोनम कुमारी, दीपा कुमारी ने छात्राओं को महीला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1098 के बारे में विस्तार से बताया और कहां की किसी भी उत्पीडन या हिंसा की स्थिति में तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें, उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, वही उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं चल रही है जिसका लाभ हर पात्र महिलाओं को मिलना चाहिए, इन योजनाओं के माध्यम से सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित कर रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों से कहा कि वह इन योजनाओं की जानकारी अन्य महिलाओं तक भी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# सपा कार्यालय का बड़ा संकट जिला प्रशासन ने नोटिस जारी कर दो सप्ताह में खाली करने का आदेश, कब्जा अब नगर निगम करेगा

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में सपा कार्यालय अब प्रशासन की सख्ती के घेरे में आ गया है जिला प्रशासन ने सपा कार्यालय को दो सप्ताह के भीतर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है। यह आदेश पिछले 1 अगस्त को कार्यालय के आवंटन निरस्त करने के बाद आया है और अब इस विवाद ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है सपा कार्यालय, जो कोठी संख्या-4 के नाम से जाना जाता है... 13 जुलाई 1994 को तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के नाम 250 रुपये मासिक किराये पर आवंटित किया गया था। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद इस भवन का नामांतरण सपा द्वारा नहीं किया गया, जिससे अब प्रशासन ने इसे कब्जा लेने का औपचारिक कदम बना दिया है एडीएम वित्त ममता मालवीय ने सपा जिलाध्यक्ष को पूर्व में भेजे गए नोटिस में साफ कहा था कि भवन को एक महीने के भीतर खाली कर जिला प्रशासन को सौंपें, अन्यथा प्रतिदिन एक हजार रुपये का हजार्ना वसूला जाएगा सत्य यह है कि शासनादेश के अनुसार किसी भी आवासीय या व्यवसायिक भवन का आवंटन 15 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि उक्त सपा भवन को 30 साल से अधिक समय हो चुका है। यही कारण है कि अब प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया और भवन को नगर निगम के कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से प्राप्त नोटिस पर विधिक सलाह ली जा रही है और जल्द ही इसका औपचारिक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी स्थिति का मूल्यांकन कर रही है और कानूनी मार्ग अपनाएगी मुरादाबाद में इस आदेश के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। शहर के राजनीतिक समीकरणों पर इस फैसले का सीधा असर पड़ सकता है। प्रशासन और सपा के बीच संभावित टकराव की आशंका भी जताई जा रही है यह मामला मुरादाबाद के राजनीतिक इतिहास में एक संकेतक घटना के रूप में देखा जा रहा है, जो बताता है कि प्रशासन किसी भी अनियमितता पर कैसे सख्ती दिखा सकता है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि सपा किस तरह से इस नोटिस का जवाब देती है और भवन के भविष्य को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष का उ0 प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने किया प्रथम बार आगवान पर भव्य स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सोमवार को बीआरसी केंद्र पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-ठाकुरद्वारा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद मुरादाबाद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा तथा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री उत्तर प्रदेश से प्राथमिक शिक्षक संघ सर्वेश शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर और शॉल उढ़ाकर कर स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि डॉक्टर नीरज शर्मा जी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद मुरादाबाद के अध्यक्ष पद पर आने के बाद प्रथम बार विकासखंड ठाकुरद्वारा में आए हैं। डॉ नीरज शर्मा शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जो मान्य सुप्रीम कोर्ट द्वारा टेट अनिवार्यता का जो फैसला आया है,इससे प्रभावित हो रहे शिक्षकों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन सदा ही जीत हासिल करता आया है। इस मुद्दे पर भी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एक है और हम कंधे से कन्धा मिलकर लड़ेंगे और यह जंग भी जीतेंगे। मांडलिक मंत्री सर्वेश शर्मा ने उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षक को हताश-निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन कभी भी जल्दबाजी में कोई आत्मघाती कदम नहीं उठाता है। हम कानून विशेषज्ञों से राय लेकर अपना पक्ष रखेंगे, इसके परिणाम निकट भविष्य में आपको दिखाई देने लगेंगे। कार्यक्रम का संचालन नरेश चंचल ने किया । कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक अवधेश कुमार, अरुण कुमार, अशोक कुमार, अश्वनी कुमार यादव, अनुज कुमार चौहान, विशाल चौधरी, हरी सिंह, नरेंद्र सिंह, पीयूष प्रशांत, निकेश कुमार, अतुल प्रताप सिंह, विजयपाल सिंह, शुभम शर्मा, शमशेर सिंह, भूरे खां, विशाल चौधरी, महेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, कुलवीर सिंह, आशीष कुमार शर्मा, कुलदीप सिंह, नवनीत शर्मा, तरूण भारद्वाज, प्रदीप गौड़, महीपाल सिंह, एआरपी मोनिका गहलौत, एआरपी हरवीर सिंह, एआरपी मुंढापांडे सुमित ठाकुर, प्रतिमा मिश्रा, मिथिलेश, पूजा चौहान, दीपा रानी, रीना, प्रीति गोयल, उमा देवी सहित सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षा मित्रों ने सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया।

## मुरादाबाद में वेटरन क्रिकेट मैच का शानदार आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** सोमवार को टीएमयू ग्राउंड, मुरादाबाद में मुरादाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन और बिजनौर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के बीच एक रोमांचक टी-20 मुकाबला खेला गया। इस मैच का सफल आयोजन मुरादाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव चंदर शेखर सिंह (टीएमयू कोच) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ( आईएएस ) रहे। मुख्य अतिथि और पदाधिकारियों को सचिव चंदर शेखर सिंह, संयुक्त सचिव राहुल दिवाकर और नवेद सिद्दीकी, तथा वरिष्ठ खिलाड़ी विपुल शर्मा द्वारा गुलदस्ता और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव चंदर शेखर सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम उनके व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर आने के लिए अत्यंत आभारी हैं। मुख्य अतिथि कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को भी आगे बढ़ाते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल ने सचिव चंदर शेखर सिंह को उनके निष्ठावान कार्य और उत्कृष्ट आयोजन के लिए सम्मानित किया। मैच में बिजनौर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 185 रन पर 6 विकेट बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुरादाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन की टीम 20 ओवर में 167 रन पर 9 विकेट ही बना सकी। इस प्रकार बिजनौर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने यह मैच 18 रनों से जीत लिया। इस अवसर पर मुरादाबाद वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह, तथा कोषाध्यक्ष डॉ. मोनिस जलील उपस्थित रहे।

## सभासदों द्वारा शमशान खोज कर सौंदर्यीकरण किया!



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** रविवार को पाकबड़ा के युवा कार्यकताओं ने बच्चों के शमशान की साफ सफाई कराई गई! इस शमशान घाट में हिंदू समाज के बच्चों को दफन किया जाता था। यह शमशान की भूमि सीलमारी डेरेया के नाम से जानी जाती थी! आज के समय में यह भूमि लोहिया वालों की बाउंड्री के अंदर स्थित है! इस शमशान की भूमि के लिए! हिंदू समाज के कार्यकताओं ने कई बार प्रशासन को भी अवगत कराया था! हिंदू समाज के युवा कार्यकताओं की कोई सुनवाई नहीं की गई तब! इस मुद्दे को खुद ही उठाकर साफ सफाई कराई गई! इस भूमि पर बरसों पुराना पाकबड़ा हिंदू समाज के शमशान का पत्थर भी लगा हुआ है! हिंदू समाज के युवा कार्यकताओं को प्रशासन से आश्वासन मिला था!कि आप कहीं और भूमि देख लो आपकी समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा! मगर अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया! सफाई कार्य मे गिरे हुए पत्तों, टहनियों और अन्य कचरे को हटाकर रास्तों को चारों ओर की जगह को साफ-सुथरा बनाया गया जिससे कि सभी लोगों को आने-जाने में कोई दुविधा ना हो!.

हिंदू समाज के युवा कार्यकर्ता बंटी सभासद, रोहित सभासद, रंजीत सभासद, राजेंद्र सैनी, जबर सिंह, सैनी हेमंत, डॉक्टर महेश सैनी, वीर सिंह सैनी, गेंदालाल सैनी, अमित सैनी, गेंदालाल सैनी, पप्पू सैनी, विक्की सैनी, मेघराज सैनी, गजामा सैनी, आदि मौजूद रहे।

## वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित किए जाने पर समाज में खुशी की लहर

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** आगामी 7 तारीख को भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव मुरादाबाद में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने काफी संघर्ष किया था उनका संघर्ष रंग लाया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित कर दिया जिसको लेकर आज कटघर थाना क्षेत्र में भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित किए जाने पर तमाम वाल्मीकि समाज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया और भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर अवकाश घोषित किए जाने पर सोमवार को एक विचार गोष्ठी व विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया इसके साथ ही सत्संग का भी आयोजन किया गया वहीं इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह और अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार , अपन नगर आयुक्त अजीत सिंह भी उपस्थित रहे मामले की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पाराशर ने बताया कि वाल्मीकि प्रकट उत्सव घोषित किए जाने को लेकर एक विशाल गोष्ठी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इसके साथ ही सत्संग कभी आयोजन किया गया है कार्यक्रम मैं मंच पर बैठे सभी मुख्य अतिथियों का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने जो शिक्षा का रास्ता दिखाया है उसे हम सभी को अपनाना चाहिए और भगवान वाल्मीकि के बताए हुए रास्तों पर ही चलना चाहिए।

## नगर में आज निकाली जाएगी भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के तत्वाधान में श्री कमलेश्वर भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा आज बड़ी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी।आयोजकों द्वारा शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

सोमवार को नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार वाल्मीकि ने बताया कि नगर कांठ के मान नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर से मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी सांसद रुचि वीरा, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर एवं बड़ी भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी राजपाल सिंह प्रजापति, विमल कुमार माहेश्वरी होंगे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजयवीर सिंह चौहान द्वारा आज फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा में सबसे आगे घनश्याम सिंह पहलवान व्यायाम अखाड़ा, महर्षि वाल्मीकि रथ, भगवान शिव, भगवान गणेश, श्री राम दरबार, राधा कृष्ण नृत्य और तांडव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा महर्षि वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर पट्टीवाला, सैनी धर्मशाला, नेता उपदेश चौराहा, मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, रामलीला, संत रविदास मंदिर होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि सोमवार की रात 8 बजे से मां भगवती का विशाल जागरण किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजयवीर सिंह चौहान उर्फ पप्पू भैया ने ज्योति प्रज्वलित कर किया। आज प्रातः 8.00 बजे हवन, दोपहर जनसभा और शाम 4.00 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को एएसपी अभिनव द्विवेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मान नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंचे और कमेटी के द्वारा जानकारी प्राप्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## कार दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरदारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुड़िया मोहद्दीनपुर के 18 वर्षीय युवक कुमार पुत्र जयपाल सिंह की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, 28 सितंबर को कुमार गांव के पास सड़क किनारे जाते समय एक तेज रफ्तार कार की टक्कर का शिकार हुआ था। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरदारा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे उच्च उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे उत्तराखंड के निजी अस्पताल में भर्ती कराए। पता चला कि युवक एक दिन पूर्व ठीक होकर घर लौट आया था, लेकिन सोमवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जवान बेटे की मौत से माता मिथलेश एवं अन्य परिजन रोते-बिलखते हुए बेबस नजर आए।

## उत्तराखंड,यूपी बॉर्डर पर वन विभाग ने शिकारियों व लकड़ी तस्करों पर कसी लगाम

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** दीपावली के पर्व से पहले उल्लू सहित अन्य वन्य जीवों के शिकार की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने यूपीद्दउत्तराखंड बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी है। दोनों प्रदेशों की वन विभाग टीमें संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में चेकिंग कर रही हैं। बताया गया कि संरक्षित श्रेणी में आने वाले उल्लू की दीपावली के दौरान जान को सबसे अधिक खतरा रहता है। इस पर रोकथाम के लिए यूपी और उत्तराखंड के वन विभाग ने संयुक्त निर्णय लेते हुए पर्व के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया। वन क्षेत्र अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि ठाकुरद्वारा वन चौकी से उत्तराखंड की सीमा प्रारंभ होती है और लगभग छह किलोमीटर दूरी पर वन क्षेत्र शुरू हो जाता है। इस इलाके में काशीपुर, रामनगर, कोटद्वार और हरिद्वार तक के वन क्षेत्र अति संवेदनशील माने जाते हैं। पर्व के दौरान लकड़ी तस्करों और शिकारियों के सक्रिय होने की संभावना रहती है। पश्चिमी वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी के नेतृत्व में टीम ने जयपुर, कुंडा, काशीपुर, कुंडेश्वरी, जगतपुर पट्टी और मालधन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग स्थित वन विभाग कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर शिकारियों पर विशेष नजर रखने का निर्णय लिया गया।दोनों प्रदेशों की संयुक्त टीमों ने बॉर्डर और वन क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है ताकि यूपी के शिकारियों को उत्तराखंड की सीमा में घुसने से रोका जा सके।

## मझौली खास स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंची वन स्टॉप सेंटर की टीम, बालिकाओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत वन स्टाफ सेंटर की टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मझौली खास कुंदरकी मुरादाबाद में बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों को बताया गया तथा गुड टच और बैड टच के बीच अंतर एवं किसी प्रकार की सामाजिक असुरक्षा की दशा में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने 1090, 1098, 1076, 181, 112 और 108 सहित अन्य टोल फ्री नंबरों की उपयोगिता भी बताई गई। टीम ने बालिकाओं से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुपोषण के मुद्दे पर भी चर्चा की। मनोसामाजिक परामर्श दाता तनीषा दिवाकर ने बालिकाओं को उनके बेहतर स्वास्थ्य और सुपोषण के लिए घरेलू उपायों के साथ ही स्थानीय स्तर पर उगने वाली विभिन्न सब्जियों को अपने आहार में शामिल करके एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के तरीके बताए।

## मुरादाबाद आकाशीय बिजली गिरने से महिला और एक व्यक्ति की हुई मौत मचा हड़कंप

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के कोतवाली बिलारी नगर में सोमवार को लगभग 2.00 बजे से हुई मामूली बरसात और बिजली की गरज से मौसम खुशगवार हो गया। तो वहीं दूसरी ओर कोतवाली के मोहल्ला फूलों वाली मस्जिद में अचानक आकाशीय बिजली गिरने से अब्दुल हमीद की पत्नी साहिबजादी चपेट में आ गईं। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी और शिवसिंह पुत्र दीनदयाल नामक एक 60 वर्षीय व्यक्ति अपने खेत पर काम करने गए हुए थे। कि अचानक उनके ऊपर भी आकशिय बिजली गिर गई। और वह बुरी तरह से झुलस कर वहीं पर खत्म हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और लोगों की भीड़ इखट्ठा हो गई। हादसे के शिकार हुए दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। और सभी क्षेत्रवासी गम में डूबे हुए हैं।

## डॉ गौतम सिंह को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छजलैट के पूर्व एआरपी डॉ गौतम सिंह को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट बडौत द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन रविवार 05 अक्टूबर 2025 (अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस) को मेडिसिटी हॉस्पिटल परिसर में स्थित मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें भारतवर्ष के सभी राज्यों दिल्ली, गोवा ,झारखंड, उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान,केरल आदि की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत रचनात्मक, सृजनशील व कर्तव्यनिष्ट 111 शिक्षकों को सम्मानित किया गया । इसी क्रम में डॉ गौतम सिंह (पूर्व एआरपी छजलैटध् प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय- दौलरा विकास खण्ड -मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद को उनके शिक्षा के क्षेत्र में किये गये विशिष्ट कार्य एवं नवीन नवाचार करने तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उनके किये गये अतुल्यनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2025 से श्री कृष्ण पाल मालिक (राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) के द्वारा एक स्मृति चिन्ह, शाल, एक पौधा मां के नाम आदि देकर एवं धर्मेंद्र कुमार आईएएस, विनीत राठी उपनिदेशक परावर्तन निदेशालय ईडी, अस्मिता लाल जिलाधिकारी बागपत ,ओमकार शुक्ला शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल, राघवेंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत, गीता चौधरी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बागपत और ट्रस्ट के फाउंडर मनीष तोमर सहित अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सम्मनित किया गया ।




### समाचार

## काशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे बसपा कार्यकर्ता



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मंगलवार को कल 7 अक्टूबर 2025 और 8 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को हजारों की संख्या में बसपाई कार्यकर्ता लखनऊ मे मान्यवर कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देंगे बहन कुमारी मायावती राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा पूर्व मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश लखनऊ के अंबेडकर पार्क में होने बाली महा विशाल रैली को सम्बोदित भी करेंगी, और अनुमान है कि वर्तमान मे केन्द्र सरकार ध्उत्तर प्रदेश सरकार ने इस रैली को विफल करने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश की लगभग 56 बसें और मुरादाबाद की 8 बसें केंसिल कर दी गई है जो मुरादाबाद से होकर लखनऊ जाती है! लेकिन फिर भी आदरणीय वहन जी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में जनपद -मुरादाबाद से बस ट्रैन निजी वाहन से 7/8 अक्टूबर को लखनऊ रवाना होंगें यह रैली 2027 का मुख्यमंत्री तय करेंगी निर्मल सिंह सागर एडवोकेट जिला अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद।

## मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, धान की फसल को नुकसान

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** पिछले कई दिन से गर्मी और उसम होने के बाद सोमवार को दोपहर से झमाझम बारिश से जहां मौसम सुहाना हुआ है तो वहीं जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। जगह-जगह रास्तों में पानी भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। कांठ और छजलैट क्षेत्र में हवा के साथ हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को दोपहर से ही शुरू हुई बारिश शाम तक होती रही। भारी बारिश से जनजीवन अस्त -व्यस्त रहा। सड़के पानी से जलमग्न हो गई। बाजारों में सुनसान रही। भारी बारिश होने से धान की फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों के धान खेतों में कटे हुए पड़े है। बारिश होने से खेतों में पानी भर गया। किसानों का कहना है कि इस बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इस समय बारिश की आवश्यकता नहीं थी। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## 10 से 25 अक्टूबर तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** निशुल्क खाद्यान्न का वितरण राशन डीलर की दुकान पर 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक कांठ हिरदेश कुमार एवं राशन डीलर संघ के प्रदेश सचिव चौधरी बृजेश कुमार ने बताया कि निशुल्क खाद्यान्न का वितरण पर्यवेक्षकों की निगरानी में पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। इस संबंध में सभी राशन दिलदार को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह सुबह 8.00 बजे से 12.00 तक और 2.00 बजे से 6.00 बजे तक 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक अपनी दुकानों पर उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वितरण पर्यवेक्षकों की निगरानी में होगा और नोडल अधिकारी वितरण की स्थिति पर नजर रखें।

## ससुर पर छेड़छाड़ एवं पति पर लगाया तलाक का आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ करने और पति पर तलाक देने का आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए लिखा है। नगर के मोहल्ला टिड्डा वाला निवासी एक विवाहित महिला ने आरोप लगाया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी थाना कांठ के एक गांव में हुई थी। विवाहिता के ससुराल वाले उसे परेशान करते हैं। 2 जुलाई को विवाहिता के ससुर ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी और शिकायत करने पर मारपीट की थी। उसने जब अपने पति से इस बात की शिकायत की तो गालियां दी 9 अगस्त को उसके ससुर ने जबरन विवाहिता को कमरे में खींच लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। पति ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं।

## बाइक चोरी में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** सोमवार को पुलिस ने पीपलसाना बाईपास एवं पीपलसाना साप्ताहिक बाजार से दो बाइकें चोरी होने पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी इमामी पुत्र अख्तर अली बुधवार को पीपलसाना के साप्ताहिक बाजार में बाइक खड़ी करके सब्जियां खरीदने गया था वापस लौटा तो बाइक गायब थी। दूसरी घटना में गांव अहमदपुर निवासी सरफराज पुत्र मौहम्मद मुख्त्यार शुक्रवार को पीपलसाना बाईपास पर सकलैनी मस्जिद के बाहर बाइक खड़ी करके दूकान से सामान खरीदने गया था। कुछ देर बाद लोटकर आया तो बाइक गायब थी। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा तो एक युवक बाइक को ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भैंस वंशीय मांस टाटा मैजिक से बरामद, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** उप निरीक्षक बृजपाल सिंह ने गांव गणेशपुर के निकट ढेला नदी के पुल पर चेकिंग के दौरान टाटा मैजिक से एक क्विंटल 80 किग्रा भैंस वंशीय पशुओं का मांस बरामद किया है। पुलिस को देखकर मांस भरे वाहन में बैठे मोहल्ला गुलाब बाड़ी भोजपुर निवासी मौहम्मद मंसूर उसका बहनोई जुनैद और जामा मस्जिद निवासी शकी पुत्र जमील मौके से भाग गए। पुलिस ने वाहन को सीज कर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बरामद मांस की पशु चिकित्सक से जांच कराकर नदी के किनारे जमीन में दबा दिया।

## महिलाओं व बालिकाओं को दी गई साइबर क्राइम और योजनाओं की जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** ग्राम भायपुर में ग्राम प्रधान की अगुवाई में महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रतिभागियों को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गोष्ठी के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की पात्रता और लाभ की जानकारी प्रदान की गई।इसके अलावा उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों कृ 108 एम्बुलेंस सेवा, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन कृ के बारे में जागरूक किया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। ग्राम प्रधान द्वारा प्रतिभागियों में पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें इन सेवाओं का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान उपनिरीक्षक ललित महिला हेड कॉन्स्टेबल नीशू, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, अर्जुन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 – बेटियों को मिला आत्मविश्वास और सुरक्षा का संदेश




सहारनपुर। जिला कारागार सहारनपुर में निरुद्ध महिला बंदियों को मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर मजिस्ट्रेट, जेल अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय द्वारा जागरूक किया गया। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज जिला कारागार सहारनपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात सहारनपुर, नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर, जेल अधीक्षक सहारनपुर एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला बंदियों को यह बताया गया कि किस प्रकार वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं तथा रिहाई के पश्चात समाज में सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित हो सकती हैं।

अधिकारियों द्वारा महिला बंदियों को निम्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया।

महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर – 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) आदि। साइबर अपराध से बचाव के उपाय तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के तरीके। कानूनी अधिकार एवं मुफ्त विधिक सहायता योजनाएं। स्वरोजगार, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास के अवसर जिनसे वे समाज की मुख्यधारा में जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिला बंदियों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन उनकी बेहतरी एवं पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपस्थित अधिकारियों ने महिला बंदियों को प्रोत्साहित किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ें और अपने तथा अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे वे किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण का सामना कर सकें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें।

इस अवसर पर जिला कारागार प्रशासन के अधिकारियों एवं स्टाफ ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो के प्रथम चरण का किया उद्घाटन

## दो भूमिगत मेट्रो लाईन का भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

- आज पटना मेट्रो के प्रथम चरण के उद्घाटन के बाद मेट्रो लाईन के कुल 3 स्टेशन यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल का संचालन शुरू हो गया
- वर्ष 2019 में पटना मेट्रो परियोजना की स्वीकृति दी गयी। पटना मेट्रो परियोजना की कुल लागत 13 हजार 365 करोड रुपए है






पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो के प्रथम चरण का शुभारंभ कर राज्य की जनता को ऐतिहासिक सौगात दी। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर अंतर्गत 3 स्टेशन–पाटलिपुत्र बस टर्मिनल जीरो माइल–भूतनाथ का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया एवं मेट्रो ट्रेन परिचालन का शुभारंभकिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो यार्ड का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल सेवा का शुभारंभ करने के पश्चात मेट्रो रेल की सवारी की। इस दौरान उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज पटना मेट्रो में प्रथम चरण के प्रायोरिटी कॉरिडोर (ढ१ङ्ग१३८ उङ्ग११ङ्कि१) का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल एवं सुगम यातायात व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। मेट्रो परियोजना के माध्यम से पटना के लोगों को आवागमन हेतु एक नया सुरक्षित और तेज विकल्प मिल जाएगा, जिससे उन्हें आवागमन में और अधिक सुविधा होगी।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पटना मेट्रो रेल परियोजना अंतर्गत रुकनपुरा से पटना जंक्शन तक भूमिगत मेट्रो स्टेशन एवं सुरंग के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया।

साथ ही मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कर इसका कायारंभ भी किया।

ज्ञातव्य है कि आज पटना मेट्रो के प्रथम चरण के उद्घाटन के बाद मेट्रो लाईन के कुल 3 स्टेशन यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल का संचालन शुरू हो गया। साथ ही पटना मेट्रो के 2 भूमिगत मेट्रो लाईन क्रमशः रूकनपुरा से पटना जू तथा विकास भवन से पटना रेलवे जंक्शन का कार्य प्रारम्भ किया गया। पटना शहर में मेट्रो रेल की परियोजना पर लगातार काम चल रहा है।

वर्ष 2019 में पटना मेट्रो परियोजना की स्वीकृति दी गयी। पटना मेट्रो परियोजना की कुल लागत 13 हजार 365 करोड रुपए है। वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना का कार्य प्रारम्भ किया गया था। पटना मेट्रो परियोजना के प्रथम चरण में 31.9 किलोमीटर की मेट्रो लाईन (मेट्रो लाईन का आधा भाग ऐलिवेटेड तथा आधा भाग जमीन के नीचे रहेगा) बनायी जा रही है जिसमें 2 कोरिडोर (लाईन) निर्धारित किये गये हैं जिसमें दानापुर–मीठापुर–पटना रेलवे स्टेशन तथा पटना रेलवे स्टेशन–गाँधी मैदान–पीएमसीएच– राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन बैरिया बस स्टैन्ड है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिबेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ एस सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, पटना जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, नगर विकास एवं आवास विभाग की संयुक्त सचिव अभिलाषा शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की घोषणा का स्वागत, भारी बहुमत से एनडीए की वापसी तय - सम्राट चौधरी

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा का चुनाव दो चरणों में कराने की चुनाव आयोग की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार विकास के मुद्दे पर जनता एनडीए को भारी बहुमत से सरकार बनाने का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की डबल इंजन सरकार ने एक तरफ लाखों युवाओं को नौकरी-रोजगार दिया, किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान, बुजुर्गों की पेंशन वृद्धि, महिलाओं को 10 हजार रुपये की रोजगार सहायता राशि और 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसे काम किये, तो दूसरी तरफ फोरलेन सड़क, मेगा ब्रिज, पटना में मेट्रो रेल की शुरूआत और छोटे शहरों में हवाई अड्डों के विकास से ढांचागत विकास को नई ररफ्तार दी। उन्होने कहा कि एनडीए के विकास ने विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया है, इसलिए 14 नवम्बर को एनडीए सरकार की वापसी तय है। चौधरी ने कहा कि एनडीए के सभी घटक पूरी एकजुटता से जनता के बीच जाएंगे।

### मोदी-नीतीश के नेतृत्व में बिहार का हुआ अभूतपूर्व विकास, एनडीए 200 से ज्यादा सीटें जीतेगा : संतोष

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एनडीए सहयोगी डॉ. संतोष कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा और हमें पूर्ण विश्वास है कि इस बार बिहार की जनता एनडीए को दोबारा प्रचंड बहुमत से जिताएगी। उन्हेंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने पिछले वर्षों में अभूतपूर्व विकास देखा है – चाहे वह सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य या रोजगार के क्षेत्र हों, हर ओर विकास की गूंज है। जनता एनडीए सरकार के कार्यों पर भरोसा करती है और इस चुनाव में विपक्ष के झूठे वादों को पूरी तरह नकार देगी। महागठबंधन की हार तय है और एनडीए कम से कम 200 से अधिक सीटों पर शानदार जीत दर्ज करेगा। बिहार की जनता विकास और स्थिरता के पक्ष में वोट करेगी। उन्होंने जनता से अपील कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में हुए ऐतिहासिक सुधारों के लिए ठऊ‌‌ को फिर से वोट दें और मिलकर विकसित बिहार के सपने को साकार करें। मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नई दिशा दी है।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में 14 नवंबर को जीत की नई पटकथा लिखेगा एनडीए : उमेश सिंह कुशवाहा

पटना । चुनावी आधिसूचना जारी होने पर बिहार जनता दल (यू0) के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए की चुनावी तैयारियाँ हर मोर्चे पर पूरी तरह पुख्ता हैं। जिला और विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों के माध्यम से बूथ स्तर तक सभी कार्यकताओं को संगठित किया गया है, जिससे विपक्ष का मनोबल पहले से ही धराशायी हो चुका है। कुशवाहा ने कहा कि चुनावी रणभूमि में उतरने के लिए पांचों दलों के कार्यकर्ता उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 14 नवंबर को जीत की नई पटकथा लिखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि बीते 20 वर्षों में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार का कायाकल्प किया, समाज के सभी वर्गों तक विकास की किरणें पहुँचाईं और कानून का राज स्थापित कर एक भयमुक्त माहौल सुनिश्चित किया। यही वजह है कि जनता का मन-मिजाज पूरी तरह एनडीए के पक्ष में है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वे लोग, जिनकी वजह से बिहार को कभी बिमारू राज्य का तमगा मिला था।

# हेमंत सोरेन सरकार को सिर्फ चर्च की चिंता : बाबूलाल मरांडी



- पिछले कुछ वर्षों में झारखंड के कई इलाकों में आदिवासियों के सरना स्थल, मसना स्थल, जाहिर थान, मांझी थान और हड़गड़ी की जमीनों पर कब्जे और अतिक्रमण की घटनाएं लगातार हो रही हैं

रांची। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में मंदिरों पर हमले और आदिवासी धर्मस्थलों पर कब्जे की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं से बेखबर राज्य की सरकार को सिर्फ चर्च की सुरक्षा की चिंता है।

मरांडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सिमडेगा में चर्च की सुरक्षा के लिए डीसी, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी ईसाई धर्मगुरुओं के साथ बैठक करने जा रहे हैं, जो यह दशार्ता है कि सरकार केवल एक समुदाय विशेष के धार्मिक स्थलों को लेकर चिंतित है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में झारखंड के कई इलाकों में आदिवासियों के सरना स्थल, मसना स्थल, जाहिर थान, मांझी थान और हड़गड़ी की जमीनों पर कब्जे और अतिक्रमण की घटनाएं लगातार हो रही हैं। मंदिरों पर हमले हुए हैं, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित की गई हैं, लेकिन इन स्थलों की सुरक्षा को लेकर सरकार ने कभी कोई बैठक नहीं बुलाई। उन्होंने कहा, क्या कभी राज्य सरकार ने मंदिरों, सरना या गुरुद्वारों की सुरक्षा पर समाज के धर्मगुरुओं के साथ बैठक की? जवाब है, नहीं! मरांडी ने सवाल उठाया कि आखिर चर्च को ही विशेष सुरक्षा की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है? क्या यह उन मतांतरण गिरोहों को सुरक्षा देने की तैयारी है, जो 'चंगाई सभा' के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों को धर्मांतरण करा रहे हैं? उन्होंने कहा कि चर्च की साजिश और कुछ चर्च-प्रेमी अफसरों की भूमिका के कारण सिमडेगा में अब तक लगभग 51 प्रतिशत आबादी ईसाई धर्म अपना चुकी है। सरकार प्रायोजित इस बैठक के पीछे की मंशा को लेकर लोगों के मन में संदेह स्वाभाविक है। मरांडी ने मांग की कि अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना चाहते हैं, तो सिर्फ चर्च तक सीमित न रहें। आदिवासियों के सरना, मसना, जाहिर थान, मांझी थान, मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों की सुरक्षा पर भी समान रूप से चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सिमडेगा में होने वाली बैठक का एजेंडा सार्वजनिक करने या सभी धर्मों और समाजों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर समग्र सुरक्षा पर चर्चा करने की मांग की।

# चुनाव आयोग की बिहार विधानसभा चुनाव की घोषित तिथियों का भाजपा ने किया स्वागत

- एनडीए गठबंधन इस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार और एकजुटः डॉ. दिलीप जायसवाल

पटना । चुनाव आयोग ने आज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए तिथियों की घोषणा कर दी। इस घोषणा को लेकर बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ चुनाव आयोग द्वारा घोषित तिथियों का स्वागत करता है।

उन्होंने कहा कि बिहार की जागरूक जनता हमेशा लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ भाग लेती रही है। चुनाव आयोग ने दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। पहला चरण 6 नवम्बर को और दूसरा चरण 11 नवम्बर को होगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि 14 नवम्बर को फिर से बिहार की जनता एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने का निर्णय देगी। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने विश्वास जताते हुए कहा, इस बार भी जनता लोकतंत्र को मजबूत करने और एनडीए के विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए भारी संख्या में मतदान करेगी। एनडीए गठबंधन इस चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार और एकजुट है। उन्होंने कहा कि जनता ने बार-बार एनडीए पर विश्वास जताया है, और इस बार यह विश्वास और भी प्रचंड रूप से सामने आने वाला है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधकार से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाया है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग सहित हर क्षेत्र में हमने नए मानक स्थापित किए हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत से 14 नवम्बर को यह चुनाव जीतने जा रही है। बिहार के युवा, महिलाएँ, किसान, गरीब, मजदूर, दलित, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े – सभी वर्ग इस बार एनडीए के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। एनडीए की जीत को लेकर विश्वास जताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि इस बार की जीत केवल जीत नहीं, बल्कि अब तक की सबसे ऐतिहासिक जीत होगी, जो आने वाले वर्षों में बिहार के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी बनेगी। 14 नवम्बर को सिर्फ परिणाम घोषित नहीं होंगे, बल्कि बिहार की जनता फिर से एनडीए की सरकार बनाने का ऐतिहासिक निर्णय देने जा रही है। उन्होंने कहा, बिहार की जनता का फैसला विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।

# चुनाव में जो भी गठबंधन कुर्मी समाज को चुनाव लड़ाएगी पटेल परिवार उसका समर्थन करेगा : सिन्हा

- बिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी आबादी भारत के कुल आबादी का 24 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद कुर्मी समाज राजनितिक उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की जाति आधारित जनगणना के अनुसार, कुर्मी समाज की आबादी 40 लाख से अधिक है फिर भी हमें हमारा राजनितिक हक नहीं मिल रहा है।

पटना । कुर्मी विकास परिषद, बिहार एवं पटेल परिवार द्वारा कंकरबाग स्थित वेल फूड रेस्टोरेंट में 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता को छत्रपति शिवाजी फाउंडेशन, बिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय धानुक महासंघ, बिहार के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा, बिहार के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह, कुर्मी विकास परिषद्, बिहार के महासचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कुर्मी फाउंडेशन, बिहार के महासचिव राजीव पटेल, पटेल सेवा संघ, बिहार के पूर्व महासचिव ई. सुनील कुमार सिन्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ता जीतेन्द्र पटेल ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए छत्रपति शिवाजी फाउंडेशन, बिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी आबादी भारत के कुल आबादी का 24 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद कुर्मी समाज राजनितिक उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की जाति आधारित जनगणना के अनुसार, कुर्मी समाज की आबादी 40 लाख से अधिक है फिर भी हमें हमारा राजनितिक हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव में जो भी गठबंधन कुर्मी समाज को चुनाव लड़ाएगी पटेल परिवार एवं उसके अंतर्गत जितने भी कुर्मी संघ है सभी उसका समर्थन करेगा। वहीं अपने संबोधन में अखिल भारतीय धानुक महासंघ, बिहार के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि पटेल परिवार का पटना जिला में 8-10 लाख आबादी होने के बावजूद भी कोई भी गठबंधन एक भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ाता है। पटना जिला में कुल 14 विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें 8 विधानसभा क्षेत्र में कुर्मी समाज के निर्णायक वोटर हैं। इसीलिए राजनितिक दलों से हमारी मांग है कि इन आठ विधानसभा और खासकर कुम्हरार विधानसभा में कुर्मी समाज के प्रत्याशी को टिकट देने का काम करे। कुर्मी विकास परिषद, बिहार के महासचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर राजनीतिक दलों ने कुर्मी समाज के लोगों को इस विधानसभा चुनाव में पटना जिला से प्रत्याशी नहीं बनाया तो हमलोग एकजुट होकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। कुर्मी फाउंडेशन, बिहार के महासचिव राजीव पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया कहा करते थे कि भारत में कुर्मी समाज जिस दिन एकजुट हो जाएगा और अपनी ताकत पहचान जाएगा तो सदियों तक भारत की सत्ता कुर्मियों - पटेलों के पास ही रहेगी। पटेल सेवा संघ, बिहार के पूर्व महासचिव ई. सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ समय पहले बिहार में पटेल पटेल से 38 - 40 विधायक हुआ करते थे जो कालांतर में मात्र 8 विधायक पर ही पूरा समाज सिमट गया है।

# सिविल अस्पताल में दो बच्चों के गले से सिक्का निकाला

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर सिविल अस्पताल के ईएनटी विभाग ने हाल ही में दो छोटे बच्चों की जान बचाई है। पिछले दस दिनों में विभाग ने दो अलग-अलग मामलों में बच्चों के गले से सिक्के निकाले, जिन्होंने अनजाने में उन्हें निगल लिया था।

फिलहाल दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं।

विभाग प्रमुख डॉ. योगेश गज्जर ने बताया कि पहले मामले में दो वर्षीय बच्चे को गले में तेज दर्द और उल्टी की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया था। जांच में पता चला कि बच्चे की आहार नली में सिक्का फंसा हुआ है। स्थिति गंभीर थी, क्योंकि सिक्का श्वसन नली के करीब अटक गया था, जिससे सांस रुकने का खतरा था। हालांकि डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर बच्चे की आहार नली से सावधानीपूर्वक सिक्का निकाल लिया।

दूसरा मामला साढ़े चार साल के एक बच्चे का था, जिसने खेल-खेल में सिक्का निगल लिया था। कुछ ही देर बाद बच्ची को गले में दर्द और खाना निगलने में परेशानी होने लगी। परिजन उसे सिविल अस्पताल लाए, जहां ईएनटी विशेषज्ञों ने एक्स-रे द्वारा स्थिति की पुष्टि की। डॉक्टरों ने सावधानीपूर्वक बच्चे की आहार नली से सिक्का निकाला।

डॉ. गज्जर ने बताया कि इस तरह के मामले छोटे बच्चों में अक्सर देखने को मिलते हैं, खासकर तब जब उन्हें सिक्के, बटन या खिलौनों के छोटे हिस्से खेलने के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि वे छोटी वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें। तीन से पांच वर्ष की उम्र के बच्चों को वस्तुओं को मुंह में डालने की आदत होती है, जो कभी-कभी जानलेवा साबित हो सकती है। अस्पताल प्रशासन ने दोनों मामलों में टीम की तत्परता की सराहना की और अभिभावकों को सलाह दी कि ऐसे मामलों में घरेलू उपायों पर निर्भर न रहें। अगर बच्चा कोई वस्तु निगल लेता है तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में पहुंचें, क्योंकि थोड़ी सी देरी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# ट्रांसफार्मर तार चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



सहारनपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा जंगल ग्राम कुण्डा कला से ट्रांसफार्मर खोलकर एल्यूमिनियम तार चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। घटना गत माह तेरह सितंबर की है, पीड़ित फय्याज पुत्र मेहरबान, निवासी ग्राम कुण्डा कला के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना गंगोह पर मु0अ0सं0 388/2025, धारा 303(2)/324(4) इठर में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें बोना उर्फ मुबारिक पुत्र सोकत झ निवासी ग्राम कुण्डा खुर्द, थाना गंगोह व शफीक पुत्र अख्तर झ निवासी ग्राम नया कुण्डा कला, थाना गंगोह उपरोक्त अभियुक्तगण को ग्राम कुण्डा खुर्द जाने वाला कच्चा रास्ता से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी रिंगल पुत्र जयप्रकाश (निवासी ग्राम सिकन्द्रपुर गोसगढ़) के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर को पोल से गिराकर, उसका तेल बहाकर, अंदर से एल्यूमिनियम तार निकालकर चोरी की थी। बाद में सामान आपस में बाँट लिया गया। जब उन्हें सूचना मिली कि उनका साथी रिंगल पहले ही चोरी के उपकरणों सहित गिरफ्तार हो चुका है, तो वे शेष उपकरण छिपाने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एल्यूमिनियम तार बेचकर प्राप्त नकद 2,690। घटना में प्रयुक्त उपकरणः एक प्लास, एक पेचकस, एक हथौड़ा, एक लोहे की छैंनी, एक ब्लैड आरी, तीन छोटी-बड़ी चाबियाँ (बोल्ट खोलने/बंद करने वाली) चीजें बरामद की हैं।

चुनाव | 14 नवंबर को बिहार में परिवर्तन की शुरूआत

# बिहार को शेर जैसा सीएम चाहिएः तेजस्वी यादव

- बदलाव को आतुर बिहार 20 साल बाद अब परिवर्तन के लिए वोट करेगा। देश में सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाले प्रदेश में अबकी बार युवा बेरोजगारी को खत्म करने के लिए वोट करेंगे



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक भावनात्मक संदेश साझा किया। इस संदेश में उन्होंने 14 नवंबर को बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन और विकास की शुरूआत की तारीख बताया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बिहार की जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरा राज्य महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहारवासियों को संबोधित करते हुए पोस्ट में लिखा, ह्न14 नवंबर 2025, इस तारीख को हम सभी को याद कर लेना है। इतिहास के पन्नों को भविष्य में जब भी पलटा जाएगा तो ये तारीख बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन, विकास और बुलंदी की शुरूआत बनकर हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दिखेगी। परिवर्तन का बिगुल बज चुका है, जनता की जीत का शंखनाद हो चुका है। बस अब पूरे मनोयोग, समस्त ऊर्जा का संचय कर प्रत्येक बिहारवासी को जुट जाना है, महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए। उन्होंने कहा कि बदलाव को आतुर बिहार 20 साल बाद अब परिवर्तन के लिए वोट करेगा। देश में सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाले प्रदेश में अबकी बार युवा बेरोजगारी को खत्म करने के लिए वोट करेंगे। बिहार में एक भी ऐसा घर नहीं बचेगा जिसका युवा बेरोजगार रहेगा। सबको तेजस्वी सरकारी नौकरी देगा। जो काम एनडीए सरकार 17 सालों में नहीं कर पाई वो हमने 17 महीनों में करके दिखाया। 20 सालों में जो काम यह सरकार नहीं कर पाई है अब वो हम 20 महीनों में करके दिखाएंगे। सबके सहयोग से बेहतर, विकसित और नया बिहार बनायेंगे।

